# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 18 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-31 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल-iniknavsandesh@gmail.com


## बच्चा गोद लेने पर मां को 12 हफ्ते छुट्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** । सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को 12 हफ्ते की छुट्टी मिलेगी। सिर्फ 3 महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही छुट्टी देना गलत है। जस्टिस जे बी परदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। इस दौरान बेंच ने धारा 60(4) को असंवैधानिक करार देते हुए बच्चे की उम्र 3 महीने से कम होने के नियम को रद्द कर दिया। हमसानंदिनी नंदूरी ने इस मामले में जनहित याचिका दाखिल की थी। उन्होंने कहा था कि उम्र के आधार पर छुट्टी देना गलत है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन है। इसके अलावा कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पितृत्व अवकाश (पिता की छुट्टी) को भी कानून में शामिल करे।



# सूबे को विकसित राज्यों में शामिल कराना सरकार का लक्ष्य : नीतीश

## सीएम ने भागलपुर-बांका में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के चौथे चरण में क्रम में भागलपुर और बांका पहुंचे। भागलपुर के जगदीशपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बैजानी के प्रांगण में जिले से संबंधित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। सीएम ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान भागलपुर डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं, सात निश्चय-2 की योजनाओं तथा सात निश्चय-3 की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सीएम को विस्तृत जानकारी दी।

### समृद्धि यात्रा का चौथा चरण

### अधिकारियों को कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया

उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि सभी लोगों का सम्मान हो एवं उनका जीवन यापन आसान हो। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ योजनाओं को क्रियान्वित करने का निर्देश देते हुए कहा कि बिहार को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करवाना सरकार का लक्ष्य है। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा से संबंधित जिन योजनाओं की स्वीकृति दी गई है, उनका क्रियान्वयन तेजी से करें। सात निश्चय-2 के तहत जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। साथ ही सात निश्चय-3 के तहत जो योजनाएं निर्धारित की गई हैं, उस पर बेहतर ढंग से कार्य शुरू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधायें देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। बिहार में उद्योग लगाने के लिये उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जा रहा है। उद्योग लगाने के लिये सभी जिलों में सुविधायें दी जा रही हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें अधिक से अधिक रोजगार मिल सके एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप नीति बनाई गई है ताकि युवा अपना रोजगार शुरू कर सकें। हमारे राज्य के युवा दक्ष और सक्षम हों, इसके लिए हमलोग कार्य कर रहे हैं। समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त अवनीश कुमार सिंह, भागलपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विवेक कुमार, एसएसपी प्रमोद कुमार यादव सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।





### भागलपुर और बांका को दी 1,151 करोड़ की सौगात

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान भागलपुर जिले को 442 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने जगदीशपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बैजानी में आयोजित जनसभा स्थल के निकट विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने 8305 जीविका स्वयं सहायता समूहों के 1 लाख 5 हजार 5 सौ पच्चीस जीविका दीदियों को बैंकों से प्रदत ऋण के तहत 377 करोड़ 66 लाख 50 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक, समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना का सांकेतिक चेक, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि लाभुकों को दिया। मुख्यमंत्री ने जगदीशपुर प्रखंड के बैजानी में 442 करोड़ रुपये की लागत से 144 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 171 करोड़ रुपये की लागत से 88 योजनाओं का उद्घाटन तथा 271 करोड़ रुपये की लागत से 56 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने बांका जिला के अंतर्गत समृद्धि यात्रा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कटोरिया स्थित नवनिर्मित भवन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया।

## पाकिस्तान की अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक, 400 की मौत

**काबुल (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप

### 250 घायल, तालिबान का आरोप-पाक ने नशा मुक्ति सेंटर पर बम गिराए

लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया। मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है।



### हमले से 25000 बेड वाले हॉस्पिटल को भारी नुकसान

अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है।

## बीएसएनएल : सरकारी कर्मियों को किराये में 10 प्रतिशत छूट

**बीकानेर (एजेंसी)।** बीएसएनएल ने उपभोक्ताओ की सुविधाओं के लिए एआई आधारित 1800-4444 व्हाटसअप चैटबॉट सेवा शुरू की है जिसके माध्यम से कोई भी उपभोक्ता धर बैठे हाई स्पीड फाईबर कनेक्शन की बुकिंग कर सकते है। यह जानकारी देते हुए बीकानेर व्यवसाय क्षेत्र के महाप्रबन्धक ओ.पी खत्री ने दी। उन्होंने बताया कि एफटीटीएच कनेक्शन के साथ ही उपभोक्ताओं को कई आकर्षक सुविधाएं प्रदान की जा रही है जिनमें फ्री मार्डम, फ्री इंस्टालेशन, फ्री वाईस कालिंग सभी नेटवर्क पर तथा टीवी चैनल एवं ओटीटी सेवाएं जैसे जी-5, सोनी टीवी और हॉटस्टार भी शामिल हैं इसके अतिरिक्त सभी सरकारी कर्मचारियों को बीएसएनएल एफटीटीएच सेवायें लेने पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट भी प्रदान की जा रही है।

### उपभोक्ता घर बैठे ही आसानी से नयी सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे

## संक्षिप्त खबरें

### एनआईए ने 6 यूक्रेनी, 1 अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) ने 6 यूक्रेनियों और एक अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया। इन पर म्यांमार के जातीय युद्ध समूहों को हथियार और आतंकवादी साजो-सामान की आपूर्ति करके तथा उन्हें प्रशिक्षण देकर उनका समर्थन कर रहे थे। साथ ही भारत में उग्रवाद का भी समर्थन कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मैथ्यू एरॉन वैन डाइक (अमेरिकी नागरिक), हुर्बा पेट्रो (यूक्रेनी नागरिक), स्लीव्याक तारास (यूक्रेनी नागरिक), इवान सुकमानोव्स्की (यूक्रेनी नागरिक), स्टेफानकिव मारियन (यूक्रेनी नागरिक), होनचारुक मैक्सिम (यूक्रेनी नागरिक) और कामिंस्की विक्टर (यूक्रेनी नागरिक) के रूप में हुई है।

### पटना में नारकोटिक्स टीम पर हमला, बचाव में की फायरिंग

**पटना (एनएसबी)** । पटना में नारकोटिक्स टीम पर हमला हुआ है। टीम छापेमारी करने पहुंची थी। इसी बीच शरारती तत्वों ने 5 सदस्यीय टीम पर हमला कर दिया। पत्थरबाजी और रोड़ेबाजी की जाने लगी। 2 को हल्की चोट लगी। हालात ऐसे हो गए थे कि नारकोटिक्स की टीम को फायरिंग करनी पड़ी। इसी दौरान आकाश धांगर नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की मां सुनीता देवी ने बताया कि सुबह के वक्त नारकोटिक्स डिपार्टमेंट की टीम पहुंची थी। पड़ोस के 2 लोगों ने मेरे बेटे के सामने स्मैक का थैला फेंक दिया। इसके बाद मेरे बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया। सुनीता ने बताया कि टीम की ओर से तीन-चार राउंड फायरिंग भी की गई। इसके बाद महिलाएं और अन्य लोग घर में भाग गए। घटना बुद्धा कोलनी के चिनाकोठी की है।

### रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया रेलवे का जूनियर इंजीनियर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के एक जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 17 मार्च को हुई। गिरफ्तार आरोपी झारखंड के बोकारो जिले के भोजूडीह में साउथ ईस्टर्न रेलवे के आद्रा डिवीजन में तैनात था और साइट इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहा था। सीबीआई के अनुसार, आरोपी ने एक निजी कंपनी के साइट ऑफिस में बिजली कनेक्शन देने के बदले 15,000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इस शिकायत के आधार पर सीबीआई ने 16 मार्च को मामला दर्ज किया और फिर आरोपी को पकड़ने की योजना बनाई।

## संजय झा ने नीतीश को रास के लिए निर्वाचित होने का सौंपा प्रमाण पत्र

**पटना (एनएसबी)।**

बिहार की सत्ता के शीर्ष पर लगभग दो दशक तक राज्य की कमान संभालने के बाद नीतीश कुमार अब संसद के उच्च सदन राज्यसभा में अपनी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं।

नीतीश कुमार को राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा गया है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें आज प्रमाण पत्र प्रदान दिया है। संजय झा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राज्यसभा में उनकी (नीतीश कुमार) उपस्थिति से बिहार के विकास को नई गति मिलेगी। संजय झा ने अपने पोस्ट में लिखा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को



राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने का प्रमाण-पत्र सौंपने का अवसर मिला। इस दौरान पार्टी नेता संजय कुमार सिंह 'गांधी जी' भी उपस्थित रहे। उनका (नीतीश कुमार) सार्वजनिक जीवन नागरिकों की सेवा और बिहार के विकास को समर्पित रहा है।

## केसी त्यागी ने जदयू से दिया इस्तीफा

**पटना ((एनएसबी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा के चुनाव जीत जाने के बाद उनका उच्च सदन में जाने का रास्ता साफ है। इस बीच, उनके पुराने साथी और जदयू के वरिष्ठ नेता के सी त्यागी उनसे किनारा करने की तैयारी में हैं। उन्होंने जदयू की सदस्यता अभियान के समाप्त होने के बाद भी अपनी सदस्यता रिन्यू नहीं कराई है। गौरतलब है कि केसी त्यागी ने लंबे समय से जदयू से दूरी बनाए रखी है। उनके बयानों को पार्टी में भी अहमियत नहीं मिल रही थी। अब तक हालांकि आधिकारिक रूप से उन्होंने पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है।



## लोकसभा से आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को पहले फेज के दौरान निलंबित किए गए 8 सांसदों पर लगा सस्पेंशन हटा दिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट के एक सांसद हैं। ये आठ सांसद 4 फरवरी को लोकसभा से पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किए गए थे।

उन पर हंगामा करने के दौरान स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की कुर्सी की ओर कागज फेंकने का आरोप लगा था। यह हंगामा उस समय हुआ था जब राहुल गांधी सदन में पूर्वी लद्दाख में 2020 के भारत-चीन सीमा तनाव का जिक्र कर रहे थे। कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत 3 सांसदों ने सस्पेंशन प्रस्ताव रखा। इसके बाद ध्वनि मत से इसे पास कर दिया गया। इससे पहले सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने इसका समर्थन किया। धर्मेंद यादव ने कहा कि सदन की मयार्दा में सत्ता पक्ष को भी मान रखना होगा। उन्होंने कहा कि खासकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे इसका ख्याल रखें।



### स्पीकर बिरला ने सांसदों से कहा-पोस्टर और एआई से बनीं तस्वीरें न दिखाएं

## मोतिहारी में पुलिस मुठभेड़ में दो अपराधी मार गिराये

**पूर्वी चंपारण (एनएसबी)** पूर्वी चंपारण बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के चकिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामडीहा गांव में सोमवार की देर रात स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाशों को मार गिराया। जबकि इस घटना में पुलिस का एक जवान भी शहीद हो गया। शहीद जवान की पहचान श्रीराम यादव के रूप में हुई है। वही मारे गए अपराधियो की पहचान चकिया थाना क्षेत्र के कुंदन ठाकुर और प्रियांशु दुबे के रूप में हुई हैं। दोनों पर आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज थे। उल्लेखनीय है,कि दो दिन पूर्व दोनों अपराधी ने चकिया थाना के अपर थानाध्यक्ष गौरव कुमार को नेपाली नंबर से फोन कर धमकी दी थी।

### एक जवान शहीद

(विस्तार से पेज-08 पर)

## प्रधानमंत्री से सपरिवार मिले वरुण गांधी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद वरुण गांधी ने सपरिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान वरुण के साथ उनकी पत्नी और पुत्री भी उपस्थित रहीं। वरुण ने प्रधानमंत्री से आशीर्वाद लिया और मार्गदर्शन हासिल करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि भाजपा के युवा चेहरों में गिने जाने वाले वरुण गांधी की सक्रियता पिछले कुछ समय से अपेक्षाकृत कम है। उनकी पत्नी यामिनी मूलरूप से कोलकाता से आती हैं। ऐसे में कुछ लोग इस मुलाकात को पश्चिम बंगाल के चुनाव से भी जोड़कर देख रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर टीएमसी के उम्मीदवार घोषित

# भवानीपुर से चुनाव लड़ेंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इस बार 52 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जिसमें युवा तथा अनुभवी नेताओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की गई है। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस बार भी इसी सीट से चुनाव लड़ेंगी।

ममता बनर्जी ने घोषणा की कि दार्जिलिंग क्षेत्र की तीन सीटों पर तृणमूल चुनाव नहीं लड़ेगी। पार्टी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कालीघाट स्थित अपने आवास से 294 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।ममता बनर्जी ने कहा कि जिन नेताओं को इस बार टिकट नहीं दिया गया है, उन्हें पार्टी संगठन में अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2021 के चुनाव में नंदीग्राम से प्रतिद्वंद्विता की थी और शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं। इस बार वहां से पवित्र कर को उम्मीदवार बनाया गया है, जो आज ही भाजपा छोड़ कर टीएमसी में शामिल हुए हैं। इस सीट पर कड़ा मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है। पवित्र वहां के मौजूदा विधायक और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के बेहद खास माने जाते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि तृणमूल पहले से अधिक सीटें जीतेगी, क्योंकि पार्टी साल के 365 दिन जनता के बीच रहती है। उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी लोगों को लाकर राज्य की राजनीति को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बंगाल की अस्मिता की लड़ाई है और जनता इसका जवाब देगी।



### चुनाव आयोग ने विस चुनावों के लिए 1,111 पर्यवेक्षक नियुक्त

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के लिए चल रहे आम चुनावों और 6 राज्यों में हो रहे उपचुनावों के लिए 1,111 पर्यवेक्षकों को तैनात किया है। सामान्य पर्यवेक्षकों, पुलिस पर्यवेक्षकों, व्यय पर्यवेक्षकों की संख्या की क्रमशः संख्या इस प्रकार है- असम झ 51, 35, 50; केरल 51, 17, 40; तमिलनाडु 136, 40, 151; पश्चिम बंगाल 294, 84, 100; पुडुचेरी 17, 4, 17; उप-चुनाव 8, 8, 8। उल्लेखनीय है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विधानसभा के आम चुनावों का कार्यक्रम घोषित करते हुए कहा था कि चुनाव हिंसा-मुक्त और प्रलोभन-मुक्त तरीके से कराए जाएं ताकि प्रत्येक मतदाता बिना किसी भय या पक्षपात के अपना वोट डाल सके।

## भागलपुर में एयरपोर्ट निर्माण के साथ मेट्रो चलाने की भी तैयारी

**भागलपुर (एनएसबी)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जिस तरह नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार कर उसके गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित किया गया, उसी तरह भागलपुर स्थित विक्रमशिला विश्वविद्यालय की समृद्ध विरासत को भी वापस लाया जाएगा। इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भागलपुर में मेट्रो चलाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ समृद्धि यात्रा के दौरान भागलपुर और बांका पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने यहां जगदीशपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भागलपुर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। पटना में मरीन ड्राइव के निर्माण के बाद अब भागलपुर में भी मरीन ड्राइव बनाया जा रहा है।



## खबरें : एक नजर में

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से तकनीकी सशक्तिकरण तक, उच्च शिक्षा में नया इतिहास रच रहा बिहार : हिमराज

**पटना (एनएसबी) ।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि बिहार आज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की ओर तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को केवल विस्तार देने तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि उसे गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप बनाने की दिशा में ठोस और ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में राज्य के 55 कॉलेजों को जल्द ही सेंटर अफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने का निर्णय बिहार की शिक्षा क्रांति का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह पहल केवल संस्थानों के उन्नयन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बिहार के युवाओं के भविष्य को नई ऊर्जा, नई दिशा और नए अवसर देने वाली दूरगामी योजना है। इन कलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया जाएगा, आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी और छात्रों को ऐसे संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जो उन्हें राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धी बनाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि शिक्षा के इस बदलते स्वरूप के अनुरूप शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि वे नई तकनीकों और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर सकें। यह स्पष्ट संकेत है कि बिहार सरकार केवल भवन और ढांचे नहीं बना रही, बल्कि ज्ञान, कौशल और रिसर्च पर आधारित एक मजबूत शैक्षणिक संस्कृति का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के दौरान आने वाले समय में बिहार उच्च शिक्षा, तकनीकी नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा। यह फैसला इस बात का प्रमाण है कि बिहार अब केवल बदलाव की बात नहीं करता, बल्कि बदलाव को जमीन पर उतारकर नई मिसाल कायम कर रहा है।


हिमराज राम ।

### प्रो. अरविन्द राय बी.एन. मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के संयोजक मनोनीत

**पटना (एनएसबी) ।** अनुप लाल यादव कालेज, त्रिवेणीगंज, सुपौल में ग्रामीण अर्थशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रो अरविन्द कुमार राय को बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ ( फैक्टनेब) , बी.एन. मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा शाखा का संयोजक मनोनीत किया गया है। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ ( फैक्टनेब) के मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 11 मार्च को अनुप लाल यादव कालेज त्रिवेणीगंज, सुपौल में संपन्न हुई बैठक के निर्णयानुसार फैक्टनेब के अध्यक्ष डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा के सलाह पर महासचिव प्रो राजीव रंजन ने प्रो अरविन्द कुमार राय को संयोजक मनोनीत किया गया। मनोनयन पत्र में अनुरोध किया गया है कि विश्वविद्यालय अन्तर्गत आने वाले जिलों में शाखा गठित कर छः माह में विश्वविद्यालय स्तरीय सम्मेलन आहूत कर कमिटी का गठन कर लें । प्रो अरविन्द कुमार राय के संयोजक मनोनीत किए जाने पर राज्य उपाध्यक्ष प्रो नसीम रेजा खान, सचिव प्रो श्रवण कुमार व डा रविन्द्र कुमार, पूर्णिया विश्वविद्यालय के संयोजक डा गोपाल कृष्ण यादव, प्रो अनिल कुमार अनल के साथ ही बी एन मंडल विश्वविद्यालय के डा दीपक कुमार सिंह, डा हेमकांत यादव, डा ललितेश्वर कुमार, डा आलोक कुमार, प्रो प्रदीप प्रकाश, प्रो अर्जुन कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कहा कि प्रो अरविन्द कुमार राय के नेतृत्व में संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मियों की मजबूत संघर्ष होगा तथा वेतन पेंशन की लड़ाई में विश्वविद्यालय से लेकर राज्य स्तरीय आन्दोलन को और मजबूती मिलेगा।

### फतुहा के बलवा गांव में छापेमारी, घर के पुआल से रायफल और कारतूस बरामद, एक महिला हिरासत में

**फतुहा (एनएसबी) ।** थाना क्षेत्र के बलवा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक घर से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष कुमार रौशन ने बताया कि पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली थी कि बलवा गांव निवासी राजू पासवान के घर में हथियार छिपाकर रखा गया है। सूचना के सत्यापन के लिए जब पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली, तो घर के अंदर रखे पुआल (पराली) के ढेर से एक रायफल और दो गोली बरामद हुई। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही मुख्य आरोपी राजू कुमार अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। इस मामले में पुलिस ने घर से एक महिला को हिरासत में लिया है, जिससे थाने में गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस फरार आरोपी राजू की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।


जानकारी देते थानाध्यक्ष कुमार रौशन।

# बिहार के 1 करोड़ घरों तक पहुंचा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**पटना (एनएसबी) ।** बिहार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में 1 करोड़ घरों तक पहुंच गया है। इस बार व्यापक गृह संपर्क कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवकों ने 84 लाख घरों में संघ साहित्य और पत्रक देकर संवाद और संपर्क स्थापित किया गया। बिहार के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हिंदू सम्मेलन में अब तक 10 लाख 41 हजार 324 नागरिक उपस्थित हो चुके हैं। हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम अभी जारी है। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर-पूर्व क्षेत्र (बिहार-झारखंड) के क्षेत्र कार्यवाह डा. मोहन सिंह तथा दक्षिण बिहार प्रांत के संघचालक राजकुमार सिन्हा ने विश्व संवाद केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

उन्होंने समालखा (हरियाणा) में 13 से 15 मार्च तक आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में निरंतर विस्तार हो रहा है। देश में 55,683 स्थान पर 88,949 शाखाएं लग रही है। इस प्रकार गत एक वर्ष में 3943 नए स्थान जुड़े और शाखाओं की संख्या में 5820 की वृद्धि हुई है। अगर बिहार की बात की जाए तो उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार में गत वर्ष 2308 दैनिक शाखाएं लगती थी। इस वर्ष उनकी संख्या बढ़कर 2575 हो गई है। इसी प्रकार साप्ताहिक मिलन की संख्या भी 850 से बढ़कर 1,076 तथा संघ मंडली की संख्या 272 से बढ़कर 356 हो गई है। इस प्रकार संघ का प्रत्यक्ष कार्य बिहार में 4 हजार 7 हो गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का यह शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों का प्रारंभ 2 अक्टूबर, 2025 को नागपुर में हुआ। संघ शताब्दी वर्ष में दो प्रकार के कार्यक्रमों की योजना की गई थी। जिनमें एक संगठन विस्तार और दूसरा समाज की सज्जन शक्ति को सद्भाव व समरसता के लिए संगठित करने का उद्देश्य रखा गया। इस दृष्टि से व्यापक गृह संपर्क अभियान तथा हिन्दू सम्मेलन अभी पूरे देश में चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 करोड़ घरों तथा 3 लाख 90 हजार गांवो तक संपर्क किया जा चुका है। इसी प्रकार देश भर में अभी तक 36,000 से अधिक स्थानों पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन हो चुका है। इसमें शहरी, ग्रामीण और दुर्गम जनजातीय क्षेत्र सहित सभी प्रकार के स्थान सम्मिलित हैं। समाज हित के लिए सज्जन शक्ति को संगठित करने की दृष्टि से प्रमुख नागरिक संगोष्ठियां भी आयोजित की गई। इसी प्रकार सामाजिक नेतृत्व करने वाले लोगों की सामाजिक सद्भाव बैठक भी आयोजित की जा रही है। दक्षिण बिहार के अपेक्षित 329 स्थानों में से 317 स्थानों पर यह बैठक आयोजित की जा चुकी है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के भीतर पंच परिवर्तन के व्यापक लक्ष्य के लिए वातावरण बन रहा है। पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण चेतना, स्व एवं स्वदेशी के लिए गर्व, परिवार व्यवस्था के संरक्षण तथा नागरिक कर्तव्यों के लिए जागरुकता को सम्मिलित किया गया है। इन परिवर्तनों के माध्यम से ही देश और समाज को महान बनाया जा सकता है। इन कार्यक्रमों में सामान्य लोगों ने मतान्तरण और ड्रग्स नियंत्रण की चर्चा की।



विश्व संवाद केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर-पूर्व क्षेत्र (बिहार-झारखंड) के क्षेत्र कार्यवाह डा. मोहन सिंह तथा दक्षिण बिहार प्रांत के संघचालक राजकुमार सिन्हा।

आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए क्षेत्र कार्यवाह एवं प्रांत संघचालक ने बताया कि युवाओं को राष्ट्रीय विचार से जोड़ने के लिए व्यापक पैमाने पर युवाओं के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विमर्श स्थापित करने के लिए प्रमुख जनों की गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। संघ कार्य को गति देने के लिए तथा विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को संघ से प्रत्यक्ष जोड़ने के लिए संघ व्यापक अभियान चलाएगा। इसमें तरुण, बाल और प्रौढ़ों की अलग-अलग शाखाएं अधिक स्थानों पर लगेय इसकी भी कार्य योजना बनाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि जाति पंथ के भेद से ऊपर उठकर महापुरुषों का सम्मान एवं अनुकरण करने के लिए संघ के स्वयंसेवकों ने कई कार्यक्रम किए। इस दिशा में नवें गुरु गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान के 350वें वर्ष पर देशभर में 2000 से अधिक कार्यक्रम किए गए, जिनमें 7 लाख से अधिक लोग सम्मिलित हुए। इसी प्रकार राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ भी उत्साहपूर्वक मनाई गई। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के 650वें प्राकट्य वर्ष पर कार्यक्रमों की योजना बनी है। वर्तमान समय में जब विभाजनकारी शक्तियां समाज को वर्ग और जाति के आधार पर विभाजित करने का प्रयास कर रही हैं, तब संत रविदास जी के जीवन संदेश के मर्म को समझते हुए समाज की एकात्मता के लिए कार्य करने का संकल्प लेना आवश्यक है।

प्रतिनिधि सभा की बैठक में बांग्लादेश की सरकार से अपेक्षा व्यक्त की गई कि वहां की नई सरकार हिन्दू हितों एवं मानवाधिकार की रक्षा करेगी। सभा ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि माओवादी हिंसा पर बहुत नियंत्रण हुआ है। मणिपुर में नई सरकार बनने से वहां शांति स्थापित हुई है। चट्टग्राम पर्वत शृंखला से सटा हुआ कारबुक विकास खंड जनजाति बहुल है। गत वर्ष वहां 8 स्थानों पर रथ यात्रा का आयोजन हुआ। वहां 25000 जनसंख्या में 8000 लोग एकत्रित हुए। यह हिन्दू संस्कृति के बढ़ते आवेग को दर्शाता है।

पत्रकार वार्ता में दक्षिण बिहार प्रांत के प्रचार प्रमुख अभिषेक कुमार एवं सह प्रचार प्रमुख निखिल रंजन भी उपस्थित रहें ।

# घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं, अफवाहों से बचें : मंत्री

## कालाबाजारी पर रोक के लिए सभी डीएम एवं एसपी को दिए गए हैं आवश्यक निर्देश

**पटना (एनएसबी) ।** राज्य में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। इसकी कोई कमी कहीं नहीं है। ये बातें खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने मंगलवार को राज्यस्तरीय कंट्रोल रूम के निरीक्षण के बाद कहीं।

इस दौरान उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे विभाग द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष एवं जिलों में स्थापित नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर पर संपर्क करें।

गौरतलब है कि राज्य में रसोई गैस आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का तेजी से समाधान करने के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग राज्यस्तरीय कंट्रोल रूम का संचालन कर रहा है।

विभाग की मंत्री ने बताया है कि उपभोक्ताओं की सुविधा एवं शिकायतों के शीघ्र निवारण के लिए राज्यस्तरीय कंट्रोल रूम का टेलीफोन नंबर 0612-2233050 है। यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक कार्य करता है। उन्होंने जानकारी दी कि आज से इस नंबर पर पांच हंटिंग लाइन की सुविधा भी प्रारंभ कर दी गई है, जिससे अधिक संख्या में उपभोक्ताओं की कल का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा।

**शुरू हुआ जिलास्तरीय कंट्रोल रूम, अब तेजी से होगी रसोई गैस से जुड़ी समस्याओं का समाधान**

**रसोई गैस के उपभोक्ताओं की परेशानी दूर करने के लिए राज्यस्तरीय कंट्रोल रूम भी है कार्यरत**

**जिलों में भी बनाया गया है कंट्रोल रूम :** मंत्री लेशी सिंह ने बताया कि राज्य के सभी जिलों में भी जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं, जहां उपभोक्ता अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। इन नियंत्रण कक्षों के टेलिफोन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न प्रचार माध्यमों से कराया जा रहा है, ताकि आम लोग इन नियंत्रण कक्ष में कल कर एलपीजी से संबंधित अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें।


खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ।

इस मौके पर विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्थिति की सतत निगरानी की जा रही है तथा कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाने के लिए सभी जिला पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य के सभी अस्पतालों एवं शिक्षण संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, पेट्रोल एवं डीजल का भी पर्याप्त भंडार राज्य में उपलब्ध है, जिससे आमजनों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

वर्तमान व्यवस्था के अनुसार शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ता अंतिम डिलीवरी के 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता 45 दिनों के बाद नए गैस सिलेंडर की बुकिंग कर सकते हैं। विभाग ने आमजनों से अपील किया है कि उपभोक्ता संयम बनाए रखें तथा किसी भी समस्या के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष का उपयोग करें।

## फतुहा त्रिवेणी संगम पर प्रदूषण का तांडव, चैती छठ के पहले पुनपुन के जहरीले झाग ने बढ़ाई श्रद्धालुओं की चिंता

**फतुहा (पटना) (एनएसबी) ।** आस्था और परंपराओं के केंद्र फतुहा स्थित त्रिवेणी संगम पर इन दिनों प्रति और श्रद्धा के बीच प्रदूषण की एक काली छाया मंडरा रही है। गंगा, नारायणी (गंडक) और पुनपुन नदी के इस पावन मिलन स्थल पर वर्तमान में पानी के ऊपर सफेद झाग की मोटी परत देखी जा रही है। उत्तरवाहिनी गंगा होने के कारण जिस स्थान का धार्मिक महत्व अद्वितीय माना जाता है, वहां बन रहे इस रहस्यमयी झाग और दुर्गंध ने स्थानीय लोगों सहित श्रद्धालुओं को भी गहरी चिंता में डाल दिया है।


पानी के ऊपर सफेद झाग की मोटी परत ।

लोक आस्था का महापर्व चैती छठ अब बेहद करीब है। ऐसे में त्रिवेणी संगम पर उमड़ने वाली हजारों की भीड़ के लिए यह प्रदूषित पानी एक बड़ी चुनौती बन गया है। चौती छठ के दौरान श्रद्धालु गंगा न और अर्घ्य के लिए इसी संगम तट पर पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस पवित्र जल में उतरकर पूजा की जाती है, उसका इस कदर दूषित होना न केवल आस्था को ठेस पहुँचा रहा है, बल्कि श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि संगम के पानी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए प्रशासन द्वारा गंदे पानी की जांच करने वाली मशीन भी लगाई गई है। यह मशीन पानी के स्तर और प्रदूषण की रीयल-टाइम मनिटरिंग के लिए स्थापित की गई है। इसके बावजूद, नदी में झाग और गंदगी का अंबार यह सवाल खड़ा करता है कि क्या केवल जांच ही काफी है स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब मशीन प्रदूषण के संकेत दे रही है, तो अधिकारियों द्वारा इसे रोकने के लिए धरातल पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। स्थानीय निवासियों का स्पष्ट आरोप है कि पुनपुन नदी में मिल रहा पटना शहर का गंदा पानी इस प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है। ग्रामीणों के अनुसार, पटना से होकर आने वाली पुनपुन नदी में कई फैक्ट्रियों का केमिकल युक्त पानी और शहर के बड़े नालों का कचरा सीधे गिराया जा रहा है। यही प्रदूषित पानी जब फतुहा पहुंचता है, तो इसमें भारी मात्रा में झाग उत्पन्न होता है। यह झाग इतना सघन है कि सम्मसपुर और गोविंदपुर को जोड़ने वाले पीपा पुल के ऊपर तक जमा हो रहा है, जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी दुर्गंध और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

मामले की गंभीरता पर समसपुर निवासी अनिल राज ने बताया कि पूरे पटना का गंदा पानी पुनपुन के माध्यम से फतुहा पहुंचकर गंगा को दूषित कर रहा है। उन्होंने नमामि गंगे योजना की सार्थकता पर भी सवाल उठाए। वहीं, स्थानीय निवासी राजू कुमार ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित अधिकारियों ने इस पर जल्द संज्ञान नहीं लिया, तो चैती छठ जैसे पवित्र पर्व पर श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## फतुहा में दो बाइकों की भीषण टक्कर, ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत, तीन गंभीर

**फतुहा (पटना)((एनएसबी)) ।** जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के कोल्हर पुल के समीप मंगलवार की शाम दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान जफराबाद निवासी दिलखुश कुमार (30 वर्ष) के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बाइक सवार सीधे मुख्य सड़क के बीचों-बीच जा गिरा, जिसे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम हिलसा वाजितपुर निवासी रोहित शर्मा अपने मित्र अमन कुमार के साथ बाइक से फतुहा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से जफराबाद निवासी अंजेश कुमार अपने चचेरे भाई दिलखुश कुमार के साथ दनियावां की ओर जा रहे थे। कोल्हर पुल के पास दोनों बाइकों में सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद रोहित, अमन और अंजेश सड़क के किनारे जा गिरे, जिससे उनकी जान बच गई लेकिन वे बुरी तरह लहूलुहान हो गए। वहीं, दिलखुश कुमार सड़क के बीच में गिर पड़ा, जिसे पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फतुहा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। इस भीषण दुर्घटना के कारण एनएच पर वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। सड़क के दोनों ओर लगभग तीन किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस को यातायात सामान्य कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर आवागमन सुचारू किया जा सका। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त बाइकों को जब्त कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है।


घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

## मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में हुआ विस्तार

**पटना (एनएसबी) ।** उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यमी योजना राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत अनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। आवेदन की अंतिम तिथि को दिनांक 23-03-2026 के अपराहन 5 बजे तक विस्तारित किया जाता है। इच्छुक आवेदक उद्यमी पोर्टल के माध्यम से अनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर 1800 345 6214 पर किसी भी जानकारी हेतु कल किया जा सकता है। उद्योग विभाग, बिहार सरकार सभी पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील करता है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए समय पर आवेदन करना सुनिश्चित करें, ताकि तकनीकी असुविधा से बचा जा सके।

# दलित राजनीति के जननायक मान्यवर कांसीराम

## विशेष लेख


**डा. संजीव कुमार**
सामाजिक एवं राजनीतिक विशेषज्ञ
मास कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट
श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई

बात 1965 की है बाबा साहब के जन्म दिवस पर छुट्टी न मिलने के कारण को मान्यवर कांसीराम ने बाबा साहब का अपमान समझा और एक सुख सुविधा वाला जीवन त्याग कर संघर्षो का रास्ता चुना, और कसम खाई अपने पूरे जीवन को बहुजन सेवा में समर्पित करने की। यह वह दौर था जब दलित पिछड़े, शिक्षा संपत्ति और शासन पर शून्य के समान थे। उन्होंने शपथ ली कि अब कभी घर नहीं जाएंगे, अपने व्यक्तिगत सुख सुविधा के लिए कुछ भी इकट्ठा नहीं करेंगे, विवाह तक नहीं करेंगे और निकल पड़े साइकिल पर बैठकर अपने 85 प्रतिशत शोषित वंचित समाज को जगाने। बाबा साहब ने तो संविधान में वंचित समाज के अधिकारों के लिए बहुत कुछ दे दिया था पर उसका फायदा क्या जब यह समाज अपने अधिकारों को जानता ही नहीं था। यह वो दौर था जब देशभर में दलित बस्तियों में कई नरसंहार हो चुके थे। आज जिस प्रकार बाबा साहब अंबेडकर के हर विचार हर किताब हर प्रतिमा पर लिखा पढा बोला जा रहा है, क्रिया प्रतिक्रिया हो रही है, देश का हर राजनीतिक दल स्वयं को दलित हितैषी साबित करने के लिए उनके फोटो अपने बैनरों पर लगाए घूम रही है इस प्रकार का क्रेज उस दौर में बिल्कुल नहीं था। सच कहूँ तो अम्बेडकर के विचारों से देश को रूबरू कराने में मान्यवर कांसीराम जी का बहुत बड़ा योगदान है।

90 दशक के बाद इस क्रांति में जैसे भूचाल सा आ गया जब उनके द्वारा खड़ी की गई बहुजन समाज पार्टी देश के सबसे बड़े राज्य में सत्ता पाने में कामयाब हुई। बसपा की राजनीति दलितों, पिछड़ो और अल्पसंख्यकों को उनके अधिकार बताने में बहुत हद तक कामयाब होने लगी थी। तत्कालीन उत्तरप्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती द्वारा शिक्षा की क्रांति का इसमें बहुत बड़ा योगदान था। परंतु जब 2012 में बहुजन समाज पार्टी उत्तर प्रदेश के सत्ता से बेदखल हुई उसके बाद उसकी विचारधारा और राजनीति भी लगातार गर्त में जाने लगी। और 2006 में मान्यवर कांसीराम की मृत्यु के पश्चात पार्टी के विचारधारा लगातार कमजोर होती गई। आज स्थिति यह है कि जिस पार्टी ने चार बार मुख्यमंत्री का पद दिया उसके पास मिलाकर चार सांसद या विधायक तक नहीं है। इधर कुछ वर्षो से बसपा सुप्रीमो के बयान जिस प्रकार के आते हैं उसे देखकर बहुत दुःख होता है क्योंकि उसका अंबेडकर और कांसीराम के विचारधारा से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं दिखता।

शायद यही कारण है कि दलित राजनीति के इस लगातार पतन को देखते हुए चंद्रशेखर आजाद ने 2020 में आजाद समाज पार्टी की स्थापना कर दी और अपने पार्टी में कांसीराम का नाम विशेष रूप से जोड़े रखा ताकि जनता को यह बताया जा सके कि कांसीराम की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई। महज कुछ वर्षो में कुछ नव युवकों द्वारा खड़ी की गई यह पार्टी आज देश भर में सुर्खियां हासिल करने में कामयाब है। इसके संस्थापक बिना किसी पार्टी के सहयोग के अब लोकसभा में भी पहुंच चुके हैं और प्रतिदिन गरीबों वंचितों की आवाज उठाते रहते हैं। जिस प्रकार कांसीराम के भाषणों में, क्रियाकलाप में बागी तेवर थे वही तेवर आज चंद्रशेखर आजाद में देखने को मिलते हैं।

चंद्रशेखर गरीबों के न्याय से कोई समझौता करना पसंद नहीं करते। वे आधी रात को गरीबों के दुख सुःख में शामिल होने पहुंच जाते हैं। चंद्रशेखर आज जो अकेले बगैर किसी मजबूत सुविधा के कर रहे हैं काश वह पिछले एक दशक से मराणासन्न पड़ी बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता कर रहे होते तो देश भर में दलितों वंचितों को कोई छू भी नहीं पाता।

राजनीतिक रूप से आज दलित भारतीय राजनीति में शून्य पर हैं । हो सकता हो आप मेरे बात से सहमत न हो। क्योँकि आज की मीडिया और सरकार यह लगातार बताने का प्रयास कर रही हैं कि देश की राष्ट्रपति आदिवासी हैं, कानूनमंत्री दलित हैं, खाद्य मंत्री दलित हैं। सरकार यूजीसी के माध्यम से दलित हित की बात कर रही हैं, पिछले एक दशक से देश की बागडोर पिछड़ी जाति के लोकप्रिय नेता के हाथों में हैं कई राज्यों के मुख्यमंत्री आदिवासी और पिछड़े समाज के लोग हैं आदि -इत्यादि।

पर सच क्या हैं हम सब जानते हैं। क्योँकि यदि यह सब सच हैं तों उससे बड़ा सच ये हैं की इन सब के बावजूद दलितों पर अत्याचार और हिंसा के आंकड़े इसकी परतों को खोल दें रहें हैं। ये बात सच हैं की उपरोक्त बताये गए पदों पर अवश्य हासिए के लोग काबिज हैं पर वें अवसरवादी और कागज के बने हुए लोग हैं। क्योंकि इनके रहते हुए देश भर में इतने घिनौने अपराध तथा हकमारी के कार्य हुए हैं जिनपर यदि शोध किया जाय तों इन पदों पर बैठें हुए लोग सामंती दलित साबित होंगे। और इसे मान्यवर कांसीराम के शब्दों में बयान किया जाय तों ये राजनीतिक चमचे हैं और कुछ नहीं। फिर भी यदि आपको लगे कि कुछ नेता जोर जोर से जय भीम के नारे लगाते हैं तो वे आपके हितैषी हैं तब उनको परखने के लिए कांसीराम के नारों साथ उन्हें जोड़ने की कोशिश करें और देखें की वे इनके कितने आस पास है । ये वों नारे थे जिसने कंकाल हो रहे दलितों में जान फूंक दिया था। वोट हमारा, राज तुम्हारा, नहीं चलेगा, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी , जो बहुजन की बात करेगा, वो दिल्ली से राज करेगा ,कांशी तेरी नेक कमाई, तूने सोती कौम जगाई ,बाबा तेरा मिशन अधूरा, कांसीराम करेंगे पूरा।

आज देश भर में जाति जनगणना ,और हकमारी की बात हो रही है जिसकी नींव मान्यवर कांसीराम ने बहुत पहले ही रख दी थी । वोट हमारा, राज तुम्हारा, नहीं चलेगा, का नारा इस क्रांति की सबसे बड़ी मशाल है । मै आज यह समझ नहीं पाता कि उनके द्वारा स्थापित पार्टी कैसे उनके विचारों को भूल गई . जिस व्यक्ति ने शोषित समाज को खड़ा करने के लिए गली गली के धूल फांके आज उस पार्टी की मुखिया चौराहे तक नही निकलती।

मान्यवर कांसीराम कहा करते थे ये राज पाठ घर में बैठकर नही मिलता इसे छिनना पड़ता है और हमारे दलित नेता घर में बैठे इसे हासिल करना चाहते है। भारतीय जनता पार्टी की आज भले हम कितनी भी निंदा कर ले पर इस पार्टी के लोग हमेशा आपको चुनावी मूड में मिलेंगे। गली गली प्रचार करेंगे, अनाप शनाप बोलकर सुर्खियों में रहेंगे और अबसे बड़ी बात इनके बीच का कोई व्यक्ति कितने भी बड़े अपराध में फंस जाए उसे अकेला नही छोड़ते । और इनकी सबसे अच्छी खासियत ये है की पार्टी में परिवारवाद दूसरों की अपेक्षा कम देखने को मिलता है , खासतौर पर अध्यक्ष के पद पर होने वाले चुनाव।

दूसरी तरफ बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल सहित देशभर में अनेक पार्टियां हैं जो दलितों , शोषितों के हक और अधिकार की बात तो करते है परंतु खुद को परिवारवाद के मोह से बाहर नहीं निकाल पाते, उनकी विफलता के अन्य कारणों में से एक कारण यह भी है। मान्यवर साहब ने अपने जीवन के आदर्शो से कभी खुद को भटकने नहीं दिया। समाज और राष्ट्र के विकास से कोई समझौता नहीं किया। व्यक्तिगत लालसा और सुख उन्होंने बुद्ध की तरह त्याग दिया था। जिससे इन पार्टियों को सीखने की जरुरत है। वर्तमान दौर में यदि उनके विचारों के आसपास कोई व्यक्ति, कोई पार्टी है तो वह आजाद समाज पार्टी है। अब देखना यह है कि चंद्रशेखर आजाद मान्यवर कांसीराम के आदर्शो को किस तरह समाज में स्थापित कर पाते हैं।

### आज से जिले की सभी गैस एजेंसियां शुरू करेंगी रसोई गैस की होम डिलीवरी

# बुकिंग के दो दिनों के भीतर मिलेगा सिलेंडर

**नव संदेश ब्यूरो**

**दरभंगा।** प्रेस क्लब दरभंगा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार ने गैस आपूर्ति एवं होम डिलीवरी व्यवस्था के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि मंगलवार से दो गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी सेवा प्रारंभ कर दी गई है तथा बुधवार से जिले की सभी गैस एजेंसियों द्वारा यह सेवा पूर्ण रूप से शुरू कर दी जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति अब सीधे उनके घर तक सुनिश्चित हो सकेगी। दरभंगा जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है तथा उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं।

डीपीआरओ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति हेतु लगभग 45 दिनों

**जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा- मंगलवार से ही दो गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी सेवा प्रारंभ कर दी गई है**

का चक्र निर्धारित है,जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि लगभग 25 दिनों की है। बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को एक से दो दिनों के भीतर होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा। जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निवारण संबंधित गैस एजेंसियों के माध्यम से कराया जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक होकर अनावश्यक



प्रेस वार्ता करते जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं डीपीआरओ।

रूप से गैस सिलेंडर का भंडारण न करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले में आपूर्ति की समुचित व्यवस्था है और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी।जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कालाबाजारी करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए नियमित रूप से छापेमारी अभियान भी चलाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एल.पी.जी. गैस एजेसियों द्वारा 17 मार्च को 8166 से अधिक गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि 13385 सिलेंडर एजेसिंयों के गोदामों में शेष हैं। दरभंगा जिला में 18 मार्च 2026 को 12005 एल.पी.जी. गैस सिलेंडर आने की संभावना है। साथ ही 25390 गैस सिलेंडर 18 मार्च को वितरण होने की संभावना है ।इस अवसर पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के उप निदेशक सत्येंद्र प्रसाद भी उपस्थित थे।

## आम पेड़ को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, एक की मौत

**जाले (एनएसबी)।** जाले थाना क्षेत्र के काजी बहेड़ा वार्ड-एक में बीते सोमवार देर रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में 56 वर्षीय अवधेश चौपाल की मौत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाले जाने के क्रम में हो गई, जबकि दोनों पक्षों के करीब आठ लोग घायल हो गए। इस घटना में एक पक्ष से वार्ड तीन निवासी मृतक समेत इनकी पत्नी सुरेखा देवी,पुत्र सन्नी देव चौपाल एवं पुत्री रागनी कुमारी व रानी कुमारी का नाम शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष के जख्मियों का अन्यत्र इलाज चल रहा है।

**कई घायल**

जानकारी के अनुसार, अवधेश चौपाल व राजा राम चौपाल, जो आपस में साढ़ू हैं, के बीच आम के पेड़ का डाल काटने एवं मंजर तोड़ने को लेकर विवाद शुरू हुआ। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन लौटने के दौरान एक पक्ष ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिसमें अवधेश गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए ले जाते समय उनकी रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना पर थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाले भेजा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया।

मृतक की पत्नी सुरेखा देवी के फर्द बयान पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के 12 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के बाद आरोपी पक्ष घर छोड़कर फरार हो गया है। मामले की जांच एसआई दिव्यांशु शेखर को सौंपी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी अशोक कुमार के नेतृत्व में एसएफएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। कमतौल सदर-टू एसडीपीओ शुभेन्द्र कुमार सुमन ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वर्ष 2006 से पीपल के पेड़ के नीचे चबूतरे पर चल रहा विद्यालय, आयुक्त को ज्ञापन

**दरभंगा (एनएसबी)।** जन सेवा ट्रस्ट ने जिले अंतर्गत हनुमाननगर प्रखंड के रा. प्राथमिक विद्यालय लावाटोल एवं रा. प्राथमिक विद्यालय ज्ञानटोल के भवन बनाने के लिए दरभंगा प्रमंडलीय आयुक्त को ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज झा ने ज्ञापन सौंपा। साथ ही बताया कि जनसेवा ट्रस्ट कार्यालय को प्राप्त पत्र के अनुसार, जिला के हनुमाननगर प्रखंड अंतर्गत गोढ़ीयारी पंचायत के दलित टोला क्रमशः लावाटोल व ज्ञानटोल में वर्ष 2006 में प्राथमिक विद्यालय वर्ग 1 सें वर्ग 5 की स्थापना की गयी थी। स्थापनाकाल वर्ष 2006 सें ही विद्यालय पीपल के पेड़ के नीचे चबूतरे पर चल रहा है। विद्यालय के पास ना तो अपनी भूमि है और ना ही अपना भवन। विगत 24 वर्षों सें खुले आसमान के नीचे विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।स्थानीय सूचना के अनुसार आसपास दर्जनों एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध है। जिस पर जिला शिक्षा विभाग द्वारा अंचल स्तर सें एनओसी लेकर विद्यालय के भवन निर्माण कराया जा सकता है। विद्यालयों को वर्तमान में जिला शिक्षा विभाग द्वारा पंचायत के ही अन्य विद्यालय में टैग कर दिया गया है। जिससे स्थानीय छात्रों का पठन पाठन बाधित हो रहा। अभिभावकों का कहना है की टैग विद्यालय बस्ती सें दूर होने की वजह सें अधिकतर बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते है। वहीं ट्रस्ट सचिव ललन कुमार झा ने सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा को इस आशय पत्र सौंपा है,ट्रस्ट अंतिम पायदान के लोगों के लिए हमेशा अग्रसर रहती है।उक्त मौके पर जनसेवा के कोषाध्यक्ष पंकज कुमार ठाकुर मौजूद थे।

### सकतपुर थाना में रामनवमी, चैत्र नवरात्रि और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

**तारडीह (एनएसबी)।** सकतपुर थाना परिसर में रामनवमी, चैत्र नवरात्रि और ईद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने की। बैठक में सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने, जुलूस मार्ग, डीजे पर प्रतिबंध, और अफवाहों से बचने पर जोर दिया गया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने सभी धर्मों के प्रतिनिधियों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा त्योहारों के दौरान डीजे के उपयोग पर कड़ा प्रतिबंध लगाया गया है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे, साथ ही उन्होंने जुलूस मार्गों और भीड़ प्रबंधन पर भी चर्चा की। मौके पर बैठक उपस्थित सरपंच नचारी मंडल, राजकिशोर कामत, प्रमोद मंडल, योगेन्द्र रज्जक, प्रो. अरुण कुमार, अफताब आलम सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

### रामनवमी और ईद पर शांति समिति बैठक

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना परिसर में मंगलवार को रामनवमी और ईद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। एसडीपीओ वासुकीनाथ झा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी ने सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने पर जोर दिया।मुख्य एसडीपीओ श्री झा ने निर्देश दिया कि पर्व भाईचारे के साथ मनाएं। डीजे और अश्लील गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध। बिना लाइसेंस जुलूस न निकालें—लाइसेंस अनिवार्य। पूजा दशकों पुरानी परंपरा है, भेदभाव न करें। गले मिलकर शांति बनाए रखें।सीओ अश्विनी कुमारः सभी का दायित्व है कि पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।थानाध्यक्ष रौशन कुमार पूजा कमिटी के अध्यक्ष-सचिव को आधार कार्ड, फोटो और मोबाइल नंबर देने को कहा। जुलूस में उपद्रवियों की जिम्मेदारी सदस्यों पर होगी।बैठक में प्रवेक्षी पदाधिकारी पंकज कुमार, हरिद्वार शर्मा, पूर्व प्रमुख मनोज मिश्र,ब्रजकिशोर यादव, कारी लाल देव, रामधनी झा, हिदायत अली,शंकर भगवान पूर्वे, प्रदीप यादवअमित कुमार राय (बिट्टू), सोगारथ पासवान,मोहम्मद नशीद गोरे, बीपी सिंह,पवन कुमार सहनी, ध्रुव सहनी, सहित दर्जनों अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा मानकों के प्रतिकूल वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध करें सख्त कार्रवाई : डीएम

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के अनुपालन तथा जन-जागरूकता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सड़क सुरक्षा मानकों के प्रतिकूल वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विशेष रूप से बिना हेलमेट,बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग एवं ओवरस्पीडिंग जैसे मामलों में नियमित एवं सघन जांच अभियान चलाने पर बल दिया गया। दरभंगा शहरी क्षेत्र में परिचालित वाहनों की पहचान को सुव्यवस्थित करने हेतु कलर कोडिंग प्रणाली लागू करने के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई।

### एलिवेटेड पथ निर्माण स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

**दरभंगा (एनएसबी)।** सैदनगर,लहेरियासराय में चल रहे एलिवेटेड पथ निर्माण कार्यों का जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति,गुणवत्ता एवं यातायात व्यवस्था का गहन जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि एलिवेटेड पथ निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और निर्धारित समय सीमा ,विभागीय मानक और गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें

### आज गुललोबारा फीडर की दस ट्रांसफॉर्मर की बिजली रहेगी बाधित, समय से निबटा लें काम

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिनांक 18 मार्च, 2026 दिन बुधवार को गुल्लोवारा फीडर में नाका 5 से जंफर खोल कर एच टी पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा,जिसके कारण 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेन्द्र अर्बन से निकलने वाली 11 केवी गुल्लोवारा फीडर में 10 ट्रांसफॉर्मर का लाइन सुबह 9 बजे से 12 बजे दिन तक बंद रहेगा। प्रभावित होने वाले क्षेत्र है - नाका नं - 5, साहसूपन, किलाघाट, मुफ्ती मोहल्ला, टाउन थाना , बाजिदपुर, मह्दौली, तरौनी आदि है।

## कार्यपालक अभियंता के घर पर निगरानी विभाग की टीम ने की जांच

**दरभंगा (एनएसबी)।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के सदर थाना क्षेत्र में भेलूचक मोहल्ले में अवस्थित आवास पर मंगलवार की सुबह निगरानी विभाग की 9 सदस्यीय छापामारी की। छापामारी में घर के सभी कागजात सहित सामानों की जांच की वहीं घर में उपस्थित पत्नी और बच्चों से भी जानकारी ली गई। निगरानी विभाग के डीएसपी मोहम्मद जाकिर हुसैन ने बताया कि जमीन के कुछ कागजात मिले हैं। साथ हीं अन्य दस्तावेज भी बरामद किया गया है। जिसे जप्त कर लिया गया है। फिलहाल अनुसंधान जारी रहेगा।

**बिजली विभाग कार्यरत हैं कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक**

**आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में अभियंता के कई ठिकानों पर जांच**

बताया जाता है कि किसी व्यक्ति के द्वारा निगरानी विभाग में आय से अधिक मामले को लेकर शिकायत की गई थी।



कार्यपालक अभियंता के आवास पर जांच करती निगरानी विभाग की टीम।

शिकायत के बाद मामला दर्ज कर दरभंगा मधुबनी जिला के जयनगर सुपौल जिला स्थित आवास पर अलग-अलग टीम ने जाकर छापामारी की है। कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक फिलहाल मधुबनी जिला के जयनगर में पदस्थापित हैं। सदर थाना क्षेत्र के कबीरचक मोहल्ले में दो मंजिला मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार उस क्षेत्र में एक जगह और जमीन खरीदने की बात बताई जा रही है। कार्यपालक अभियंता दरभंगा स्थित आवास पर उपस्थित नहीं थे। उनकी पत्नी और बच्चे हीं उपस्थित थे। कैश साथ आभूषण बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार बिहार से बाहर भी संपत्ति होने की बात सामने आ रही है।

## नियमित फिटनेस जांच और समय पर मरम्मत नहीं होने से सरकारी बसों की हालत खराब : डॉ. धर्मशीला गुप्ता

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने सदन में सार्वजनिक परिवहन से जुड़े सरकारी वाहनों की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन बसों और नगर परिवहन सेवाओं के रख-रखाव में लापरवाही से यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है।

देश के करोड़ों लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों, छोटे कस्बों, महिलाओं, छात्रों और बुजुर्गों के लिए ये वाहन ही मुख्य साधन हैं। इसके बावजूद कई जगहों से नियमित फिटनेस जांच और समय पर मरम्मत नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं। डॉ. गुप्ता ने हाल की एक घटना का



डॉ. धर्मशीला गुप्ता सांसद राज्यसभा।

जिक्र करते हुए कहा कि बस के फर्श में बने छेद से गिरकर एक बच्ची की पहिये के नीचे आने से मौत हो गई। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही का नतीजा बताया। ब्रेक फेल, खराब टायर, वायरिंग में

**सांसद ने वाहनों के रखरखाव में लापरवाही पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया**

गड़बड़ी और बसों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो व्यवस्था की खामियों को उजागर करती हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ऐसे में जरूरी है कि सरकारी वाहनों की नियमित फिटनेस जांच कराई जाए और रख-रखाव के मानकों का सख्ती से पालन हो।

## युवा संसद में भाग लेने दस छात्रों की टीम नागपुर रवाना



संस्कृत विवि परिसर से टीम को रवाना करते कुलपति प्रो.पाण्डेय एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के 10 सदस्यीय छात्राओं की टीम नागपुर में आयोजित भारतीय युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेने आज रवाना हो गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर टीम को विदा किया।

इस मौके पर कुलपति प्रो. पाण्डेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय युवा संसद केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं एवं राष्ट्रीय दायित्वों को समझने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, मयार्दा एवं गरिमा बनाए रखते हुए कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाने का निर्देश दिया। पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि इस कार्यक्रम के संयोजक नोडल पदाधिकारी डॉ.रामसेवक झा के अनुसार युवा संसद कार्यक्रम 20 से 23 मार्च तक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली तथा भारतीय युवा संसद, मीडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में डा.हेडगेवार स्मारक समिति नागपुर में आयोजित किया गया है। इसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के छात्र भाग ले रहे है।

रवानगी टीम में मदन मोहन झा, रामेश्वरलता संस्कृत महाविद्यालय, चुन्नू कुमार, हर्ष कुमार पांडेय, रजनीश झा,दिव्य कुमार पांडेय, सुधीर कुमार, शिक्षाशास्त्र विभाग से पंकज कुमार झा, नंदन संस्कृत महाविद्यालय, ईसहपुर, गौतम कुमार, राम औतार गौतम संस्कृत महाविद्यालय,अहिल्यास्थान,कार्तिक कुमार झा एवं सुन्दरम कुमार झा नागार्जुन उमेश संस्कृत महाविद्यालय, तरौनी सम्मिलित हैं। वहीं ,दलनायक रजनीश झा को बनाया गया है। मौके पर अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो.पुरेन्द्र बारिक,सीसीडीसी डॉ.दिनेश झा, शिक्षाशास्त्र निदेशक डॉ.घनश्याम मिश्र, डॉ.रामसेवक झा, अवन कुमार, गोपाल उपाध्याय समेत कई पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं सार्थक सहभागिता की कामना की।

## दरभंगा से नई दिल्ली तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने की मांग सांसद ने स्टैंडिंग कमेटी में रखी



डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद दरभंगा।

**दरभंगा (एनएसबी)।** लोकसभा में रेल अनुदान के मांगों के समर्थन में हुई चर्चा में दरभंगा के भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने भाग लिया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट में रेल मंत्रालय के लिए 2.93 लाख करोड़ के प्रावधानों पर अनुदान मांगो पर विस्तार से चर्चा की। इस बजट में दरभंगा सहित पूरे बिहार राज्य के लिए 10 हजार 379 करोड़ के बजट के आवंटन के लिए सांसद डा ठाकुर ने सरकार के प्रति आभार प्रकट किया तथा बिहारवासियों की ओर से धन्यवाद दिया।इसके साथ ही सीएम रमेश की अध्यक्षता में आयोजित रेलवे स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य के रूप में भाग लेकर दरभंगा में निमार्णाधीन रेलवे परियोजनाओं तथा प्रस्तावित नई योजनाओं की शीघ्र मंजूरी दिए जाने की मांग की। दरभंगा के लिए महत्वपूर्ण नई परियोजनाओं की स्वीकृति तथा नये ट्रेनों के परिचालन शुरू किए जाने की जोरदार मांग करते हुए कहा कि दरभंगा से नई दिल्ली तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के परिचालन को शुरू किए जाने, लहेरियासराय से सहरसा तथा लहेरियासराय से मुजफ्फरपुर प्रस्तावित नई रेल लाइन के लिए शीघ्र सभी औपचारिकताओं को पूरा कर दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र के लिए वरदान साबित होने वाले इन मुद्दों पर ठोस पहल शुरू किया जाए।

### जनगणना में पहली बार आम नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध : कौशल कुमार

# तीन दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**दरभंगा (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित जिला/चार्ज स्तर के अधिकारियों एवं शासकीय कर्मियों के लिए तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार ने कहा कि जनगणना 2027 स्वतंत्र भारत की 8वीं जनगणना है, जो प्रत्येक 10 वर्षों पर आयोजित की जाती रही है, किंतु कोविड-19 के कारण इस बार 15 वर्षों के अंतराल पर आयोजित हो रही है। जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी प्रथम चरण में 02 मई 2026 से 31 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य तथा द्वितीय चरण में 02 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या की वास्तविक गणना की जाएगी। ने कहा कि जिले में कुल 29 चार्ज का

**निदेशक,जनगणना कार्य सह मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र का लिया जायजा**

गठन किया गया है, जिसमें 18 ग्रामीण एवं 11 नगरीय चार्ज शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 मार्च से 19 मार्च 2026 तक दो स्थलों—बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार एवं जिला परिषद सभागार में दो बैचों में आयोजित किया जा रहा है। इसमें चार्ज अधिकारी,अपर चार्ज अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी भाग ले रहे हैं।




कार्यक्रम में जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं अन्य।

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिसमें मोबाइल एप्लीकेशन एवं कम्मेंस पोर्टल का उपयोग होगा। पहली बार आम नागरिकों के लिए स्व-गणना सेल्फ ऐनुमैरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके तहत नागरिक 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 तक मोबाइल एप्प के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इससे प्राप्त आंकड़े विभिन्न सरकारी योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन का आधार होते हैं।

सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी संवेदनशीलता,पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ कार्य करें। सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा बिना अनुमति अनुपस्थित न रहें। प्रशिक्षण सत्र का संचालन जिला नोडल मास्टर ट्रेनर रोहित कुमार एवं मास्टर ट्रेनर अभिषेक राज द्वारा किया जा रहा है।इस अवसर पर श्री एम. रामचंद्रुडु भा.प्र.से. निदेशक, जनगणना कार्य सह मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रसोई गैस वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसडीओ

**गैस वितरकों के साथ समीक्षा बैठक में एसडीओ ने दिए सख्त निर्देश**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** उपभोक्ताओं को निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल अंतर्गत सभी अधिकृत गैस एजेंसियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



इस दौरान उपभोक्ताओं की समस्याओं तथा गैस वितरण में एजेंसियों को हो रही कठिनाइयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर एसडीओ श्री कुमार ने सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों से एक-एक कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। तत्पश्चात गैस वितरकों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि, गैस वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी उपभोक्ताओं को समय पर और सुगमता से गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि, वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखा जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सभी एजेंसियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी होती है तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जनगणना 2027: विधि महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निदेशक, जनगणना कार्य द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** निदेशक, जनगणना कार्य सह नागरिक निबंधन, बिहार एम. रामचंद्रुडु ने मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर समस्तीपुर पधारे। इस दौरान उन्होंने 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' के प्रथम चरण हेतु विधि महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण एवं समीक्षा की। इस दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर निदेशक श्री रामचंद्रुडु का स्वागत किया। **प्रशिक्षुओं से किया संवाद :** विधि महाविद्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना 2027 के प्रथम चरण की बारीकियों से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान निदेशक श्री रामचंद्रुडु ने प्रशिक्षणार्थियों से सीधा संवाद किया और कार्य की शुद्धता व समयबद्धता पर विशेष बल दिया। **कई पदाधिकारी थे मौजूद :** इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता राजस्व ब्रजेश कुमार एवं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार एवं भारी संख्या में प्रशिक्षणार्थी भी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान निदेशक ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।

### नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ विद्यारंभ संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार और दीक्षा संस्कार संपन्न



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के मऊ बाजार में पुरानी दुर्गा मंदिर के निकट आज तीसरे दिन चल रहे नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सह संस्कार महोत्सव के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हवन यज्ञ किया। इस मौके पर दर्जनों व्यक्तियों ने विद्यारंभ संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार और दीक्षा संस्कार ग्रहण किए। यज्ञाचार्य राम बालक शास्त्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जीवन जीने की कला पर विस्तार से प्रकाश डाला। आपसी वैर, वैमनस्य, ईर्ष्या ,द्वेष आदि का परित्याग कर आपस में भाईचारा और आत्मीयता का भाव जगाने का निवेदन किया। आज के कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी बुराइयों का परित्याग किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला के पूर्व संयोजक एवं मोतिहारी उपजोन समन्वयक अमरकान्त झा'अमर 'की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की सुन्दरता को बढा दिया। मौके पर विमल कुमार झा, रीतिक रौशन, प्रखंड समन्वयक श्याम सुंदर चौधरी, प्रिंस कुमार, मधुकान्त महतो, राजू कुमार, उपेन्द्र महतो,पूनम देवी, वीणा देवी,प्रमोद ठाकुर, दिलीप ठाकुर, अनिल पंडित आदि उपस्थित थे।

### नई जिम्मेदारी के साथ केशव चन्द ज्ञान निकेतन में हुआ सत्रारंभ, सीबीएसई से मिली मान्यता, विद्यालय में जश्न सा माहौल

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के दूधपुरा स्थित केशवचन्द ज्ञान निकेतन को सीबीएसई ने सत्र 2026झ27 से मान्यता दे दी है। केजीएन के संस्थापक राम कुमार तिवारी एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं सहयोगियों और छात्रों की उपस्थिति में, सचिव रविकांत कुमार तिवारी ने उक्त जानकारी देते हुए तमाम सहयोगियों,




अभिभावकों व छात्रझछात्राओं को बधाई दी और नए सत्र 2026- 2027 के प्रारंभ की घोषणा की। इस उपलब्धि केलिए विद्यालय के सचिव ने सभी को आभार सहित धन्यवाद देते हुए कहा कि, शिक्षकों के निष्ठा और प्रतिबद्ध समर्पण, छात्रों के लगन और इन सबसे बढ़कर अभिभावकों के विश्वास के कारण ही हमें यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। इस सत्र से हमारा विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालय के सूची में शामिल हो गया है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए इस नए सत्र के लिए नए लक्ष्य की घोषणा की। जिसमें शिक्षा के पटल पर शहर में अपनी प्रतिष्ठा को स्थापित करना, विद्यालय में छात्र नामांकन की संख्या 2000 तक करना और नए-नए रूटों में बस सेवा की शुरूआत करना शामिल है।

### एलपीजी उपलब्धता में उत्पन्न समस्याओं के निदान हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित, हेल्प लाइन नंबर जारी

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** तेल एवं प्राकृतिक गैस की उत्पन्न समस्या के मद्देनजर आम आदमी को होने वाली कठिनाईयों के निदान हेतु खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में समस्तीपुर जिलान्तर्गत एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो प्रतिदिन 07:00 बजे पूर्वाह्न से 09:00 बजे अपराह्न तक कार्य करेगा। उक्त अवधि में आमजन अपनी समस्याओं या हो रही कठिनाईयों से उक्त नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्याः 06274-222300 पर शिकायत कर सकते हैं। जिला में घरेलु उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है, अनावश्यक भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। गैस बुकिंग दर्ज होने के पश्चात दो से तीन दिनों के भीतर घरेलु गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूर्व की भांति घर पर सुनिश्चित की जा रही है। उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों / गोदामों के पास भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र में घरेलु उपभोक्ताओं के अंतिम गैस सिलेंडरों की डिलिवरी के 25 दिनों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलु उपभोक्ताओं के अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 45 दिनों के बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग की अनुमति है।

### छात्र हत्याकांड के 6 महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली, न्याय के लिए दर-दर भटक रहे परिजन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नगर थाना क्षेत्र के तिरहुत अकादमी के सामने मोहल्ले के एक मकान में रह रहे छात्र की गोली मार हत्या के 6 महीने बाद भी पुलिस अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस कांड का खुलासा तो बहुत दूर की बात है। हालांकि इस सम्बन्ध में पुलिस का कहना है कि अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है। शीघ्र ही घटना का उद्भेदन किया जाएगा। बताते चलें कि, आरोपियों की पहचान हुए भी कई महीने बीत गए। किंतु अभी भी अपराधी पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस की कार्यशैली से क्षुब्ध होकर लोग कहते हैं शराब जब्ती का दिखावा करने से फुर्सत मिले तो इस तरह के मामलों पर ध्यान देंगे न।

# वृद्ध माता-पिता के प्रति सम्मान, सहानुभूति और जिम्मेदारी की भावना रखें युवा : वीसी

**वृद्ध आबादीः महत्वपूर्ण मुद्दे, चुनौतियाँ और समाधान विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आरंभ**




संबोधित करते वीसी व अन्य।



**पूसा (एनएसबी)।** वृद्धजन परिवार या समाज पर बोझ नहीं बल्कि ज्ञान, अनुभव और जीवन की समझ का एक मूल्यवान भंडार हैं, जो समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए युवाओं को अपने वृद्ध माता-पिता के प्रति सम्मान, सहानुभूति और जिम्मेदारी की भावना रखनी चाहिए।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, स्थित सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के मानव विकास और परिवार अध्ययन विभाग ने "वृद्ध आबादीः महत्वपूर्ण मुद्दे, चुनौतियाँ और समाधान" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। युवाओं को बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील होने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि, हम सभी को यह हकीकत आत्मसात करने की जरूरत है कि, वृद्धावस्था के दौर से सबको गुजरना है।

बताते चलें कि, मंगलवार को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के एचडीएफएस विभाग में अतिथियों के स्वागत अभिनंदन एवं अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन के साथ आरम्भ इस दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पी.एस. पांडे ने कहा कि, वैश्वीकरण और आधुनिकता की आड़ में हम इतने शॉर्ट टेंपर्ड और व्यस्त हो गए हैं कि पारिवारिक व समाजिक मान्यताओं व परंपराओं के साथझसाथ सामाजिक व पारिवारिक संरचनाएं भी धीरे-धीरे टूट रही हैं। फलतः वसुधैव कुटुंबकम् वाले देश में परिवार छोटे होते जा रहे हैं। युवा पीढ़ी अपने व्यस्त जीवन के कारण अपने दादाझदादी की छोड़िए वृद्ध माता-पिता की भी देखभाल करने में कई बार असमर्थ हो रही है। यह समस्या आने वाले वर्षों में और भी गंभीर होने वाली है। एक अनुमान के मुताबिक 2030 तक देश में वृद्धों की संख्या लगभग 18 करोड़ होने की संभावना है। इसलिए यह एक गम्भीर व महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।"

उन्होंने कहा कि सरकार भी वृद्धों की देखभाल के लिए वृद्धाश्रम निर्माण आदि जैसे आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा उन्हें विश्वास है कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में इस विषय पर महत्वपूर्ण व सार्थक परिचर्चा होगी। गहन चिंतनझमंथन के बाद अवश्य ही एक ऐसा समाधान निकलेगा जो वृद्धजनो के कल्याणार्थ नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए अनुसंधान अधिकारी, सेंट सी. ट्रैग एंड एल्डरलाइन डॉ. तान्या सेनगुप्ता ने कहा कि, इस सम्मेलन का उद्देश्य वृद्ध आबादी द्वारा सामना किए जाने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श करना और समाधान खोजना है। यह सम्मेलन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करेगा और वृद्धों के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने में सहायता करेगा। इस दौरान सलाहकार चिकित्सक डॉ. ए.के. आदित्य, डॉ. शुभांगी सिंह, एमबीबीएस, एमडी (मनोचिकित्सा), राष्ट्रीय अध्यक्ष, एनएपीसीएएम डॉ. अबलुजीत डैम, आदि ने कहा कि, वृद्धों की देखभाल एक सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें वृद्धों के लिए एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाने के लिए काम करना होगा। सरकार और समाज को मिलकर वृद्धों के लिए आवश्यक सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करनी होंगी। सम्मेलन में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की डीन डॉ. उषा सिंह, निदेशक अनुसंधान डॉ. ए.के. सिंह समेत अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन के पहले दिन आठ विषयगत ट्रैकों पर 17 सहकर्मी समीक्षित पोस्टर प्रस्तुतियाँ हुई। जिनमें मुख्य रूप से वृद्ध जनसंख्या, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और चुनौतियाँ, स्वस्थ वृद्धावस्था और कल्याण, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक अधिनियम 2007 का रखरखाव और कल्याण, कानूनी और वित्तीय सुरक्षा, नीतियाँ और कार्यक्रम, सामाजिक-भावनात्मक कल्याण, वृद्धावस्था पोषण और आहार प्रबंधन, आयुर्वेद की भूमिका, पारंपरिक प्रथाएँ, ध्यान और सजगता और आध्यात्मिकता की भूमिका शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान कुलसचिव डॉ पी.के. प्रणव, विश्वविद्यालय पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ राकेश मणि शर्मा, डॉ शिवपूजन सिंह, एनआईएसडी, निदेशक अनुसंधान डॉ. ए.के. सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, एन.ए.पी.सी.ए.आई.एम, डॉ. अभिजीत के. डैम, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, एचडीएफएस, पूसा, और परिसर के बाहर के वैज्ञानिक और विद्वान समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आग से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान में अग्निशमन दल ने मॉक ड्रिल कर बताए बचाव के तरीके



संबोधित करते पदाधिकारी व अन्य।

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** अग्निशामन दल दलसिंहसराय के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को आग के प्रकार और आग से बचने के उपायों की जानकारी देने के लिए ग्रामीणों के साथ मॉक ड्रिल किया गया। अग्निशमन पदाधिकारी धनेश यादव, अग्निक कोमल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी अग्निशमक चालक मुकेश कुमार ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को आग के प्रकार, रसोई गैस का रखरखाव एवं बचाव, पशुओं का रखरखाव एवं आग से बचाव, आग लगने पर आग बुझाने के उपाय, प्राथमिक उपचार आदि के संबंध में मॉक ड्रिल के माध्यम से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। ग्रामीणों को बिजली के नंगे तार के नीचे घर न बनाने, घर के आस पास केला बॉस जैसे हरे पेड़ पौधे रोपने, घर में हमेशा पानी, बालू, मिट्टी आदि रखने, दीप, लालटेन, ढिबरी आदि के प्रयोग में सावधानी बरतने, रसोईघर में अन्य ज्वलनशील पदार्थ का प्रयोग नहीं करने, खाना बनाने के बाद रेगुलेटर को पूरी तरह बंद करने, खाना बनाते समय सूती वस्त्र पहनने, जलती बीड़ी सिगरेट यत्रतत्र नही फेंकने, कूड़ा फेंकने से पहले चिनगारी की जांच करने आदि की जानकारी दी गई। आग लगने पर किस तरह आग पर काबू पाया जा सकता है एवं आग से जले जख्मी की प्राथमिक उपचार की जानकारी मॉक ड्रिल के माध्यम से दी गई। इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गयी और लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए पंपलेट भी बांटे गये। टीम ने लोगों को विभिन्न प्रकार की आग से सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अभियान में मुखिया संजीत सहनी, लालबाबू सिंह, कामेंद्र प्रसाद सिंह, चंद्रप्रकाश लाल, धर्मराज सिंह, राजेश मिश्रा, चंदन कुमार, रामबाबू कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय संस्कृत दिवस के रूप में मनाई गई पाणिनि जयन्ती

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद की 382वीं गूगल बैठक में पाणिनि जयन्ती को अंतरराष्ट्रीय संस्कृत दिवस के रूप में मनाया गया। प्रमोद कुमार झा (अहमदाबाद) की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्चुअल आयोजन के दौरान एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्थापक मिथिला संस्कृत परिषद सह अवकाशप्राप्त प्रोफेसर ऑफ मेडिसिन डॉ. धनाकर ठाकुर, ने अपने संबोधन में कहा कि, महर्षि पाणिनि विश्व के महानतम व्याकरणाचार्य थे। जिनका जन्म वर्तमान पाकिस्तान के क्षेत्र में हुआ था। उन्होंने कहा कि संस्कृत भारत की विरासत प्राचीन ज्ञान-परंपरा की मूल भाषा है। यह दुःखद है कि, नई पीढ़ी और शिक्षा विभाग की उदासीनता के कारण यह अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए टकटकी लगाए बैठी है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संस्कृत को भारत की राष्ट्रभाषा बनाने की मांग भी की। वहीं मैथिली शिक्षा मंच सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के संयोजक प्रो. पी.के. झा प्रेम ने संस्कृत को राष्ट्र भाषा घोषित करने की मांग का पुरजोर समर्थन किया। पूनम झा (आसनसोल) द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से काव्य गोष्ठी में कई कवियों ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर पी. के. झा ने मैथिली में हमरा आश्चर्य लगैत अछि शीर्षक अपनी रचना प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। इस दौरान मुख्य वक्ता डॉ. धनाकर ठाकुर ने समसामयिक अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर आधारित एक संस्कृत में कविता भी सुनाई, जिसमें इजराइलझईरान संघर्ष के कारण एलपीजी गैस आपूर्ति में उत्पन्न बाधा का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम का संचालन अक्षय झा ने किया।

## जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, ने किया बाल विवाह मुक्त भारत विषयक एक भव्य सेमिनार का आयोजन



मंचासीन अतिथि व अन्य।

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र, अख्तियारपुर, समस्तीपुर के तत्वावधान में तथा दलसिंहसराय के पांड़ पंचायत के मुखिया सुनिता देवी की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त भारत विषयक एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका संचालन प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता शिवकिशोर सिंह ने किया। शिविर को संबोधित करते हुए जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के सिनियर रिसर्च कंसल्टेंट रविन्द्र पासवान ने बाल अधिकारों पर चर्चा करते हुए जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के स्थापना और उसके इतिहास का भी जिक्र किया। वहीं अवकाश प्राप्त डीएसपी मायाशंकर चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में कुछ लोगों द्वारा सामाजिक विषमता को बढ़ावा दिया जा रहा है। उस विषमता के खिलाफ हम सभी को जाति और धर्म से ऊपर उठकर खड़ा होना चाहिए। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कुमार ने कहा कि जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र एक सामाजिक संस्था है इसके माध्यम से भीषण गर्मी को देखते हुए डाबर इंडिया लिमिटेड से सामुदायिक सामाजिक भागीदारी के तहत प्राप्त उत्पाद ग्लूकोज का वितरण किया गया। शिवकिशोर सिंह ने कहा कि जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र निस्वार्थ भाव से समाज सेवा का काम कर रही है। संस्था के कार्यकारणी सदस्य रामप्रित चौरसिया ने बताया कि, हमारी संस्था बाल अधिकार पर काम कर रही है। बच्चों की शिक्षा और संरक्षण को केंद्र में रखकर काम करती है। हमारी संस्था बच्चों को बाल विवाह और बाल श्रम से बचाव को लेकर चिंतित हैं। बाल विवाह और बाल श्रम मुक्त गांव बनाने के लिए साझा प्रयास किया जाना चाहिए। मौके पर पांड़ पंचायत के उप मुखिया रामनाथ पासवान, श्रवण पंडित, लक्ष्मी महतो, अविनाश रावत, सियाशरण महतो, हरिओम सिंह, बनारसी पासवान, सोनू दास, हर्ष मोहन कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सेमिनार के अंत में पचास गरीब लोगों को एक-एक किलो ग्लूकोज दिया गया। वहीं उजियारपुर प्रखंड के बैकुंठपुर ब्रहण्डा पंचायत के वार्ड नंबर 14 स्थिति आंगनबाड़ी केंद्र पर पचास बच्चों के अलावा 36 परिवार को एक-एक किलो ग्लूकोज दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार पासवान ने किया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिव्यांगजनों को किया गया जागरूक, सरकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** दिव्यांगजनों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को सदर अस्पताल, बस स्टैंड, समस्तीपुर रेलवे स्टेशन परिसर एव समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत माधोपुर छतौना में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय एवं बुनियाद केंद्र परिसर के चिह्नित 27 जगहों पर चलाया गया। यह आयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के सहयोग से किया गया, जिसमें सांस्कृतिक संस्था दूर देहात के कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक और भाव गीत के जरिए कलाकारों ने दिव्यांगजनों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं, सुविधाओं तथा उनके लाभ उठाने की प्रक्रिया को सरल और रोचक तरीके से समझाया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और दिव्यांगजनों ने उपस्थित होकर कलाकारों की प्रस्तुति देखी और योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया कि दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं और उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस बाबत जानकारी देते हुए सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था दूर देहात के सचिव प्रभु नारायण झा ने बताया कि संस्था की टीम जिले के विभिन्न गांवों में जाकर दिव्यांगजनों के हित में चल रही योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि, कई बार जानकारी के अभाव में पात्र लाभार्थी भी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। ऐसे में नुक्कड़ नाटक जैसे माध्यम लोगों तक संदेश पहुंचाने का प्रभावी तरीका साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि कलाकारों की टीम में रामाश्रय दास, राज कुमार प्रिंस, अरुण कुमार, विक्रम कुमार, अवनीश कुमार, हरे राम पासवान, रिंकू राणा, आरती कुमारी और गुंजन कुमारी शामिल हैं। सभी कलाकारों ने मिलकर गीत, संवाद और अभिनय के माध्यम से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया, जिससे उपस्थित ग्रामीणों ने इसे काफी सराहा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की सहायक निदेशक सोनाली ने बताया कि दिव्यांगजनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल में प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को दिव्यांग प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया जाता है, जहां दिव्यांगजन अपने प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा सरकार की ओर से ट्राई साइकिल, श्रवण यंत्र समेत अन्य सहायक उपकरण भी पात्र दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराए जाते हैं। इन सभी योजनाओं की जानकारी कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांव-गांव जाकर दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियां मिलती हैं और समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिंदु यादव बने जिला किसान काउंसिल के संयुक्त सचिव, लोगों ने दी बधाई



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के नाहस गांव निवासी बिंदु यादव को बिहार राज्य किसान सभा के मधुबनी जिला किसान कौंसिल के संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किए जाने को लेकर माकपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है. बिंदु यादव को चुने जाने पर क्षेत्र के किसानों, सामाजिक कार्यकताओं एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं. माकपा जिला जिला मंत्री मनोज कुमार यादव ने खुशी जाहिर करते हुए बघाई और शुभकामना दी. कहा कि संगठन और मजबूत होगा और किसानो की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने में कामयाबी मिलेगी. उनके नेतृत्व में किसानों का अधिकार उनकी आजीवका व कृषि से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष को नई दिशा और गति मिलेगी. बधाई और शुभकामना देने वालों में बाबु लाल महतो, ललित कुशवाहा, रंजन कुमार, रणवीर कुमार, आमोद झा, पलटन यादव, राशबिहारी यादव, वसी अहमद, हालखोरी महतो, रामबहादुर पासवान, पुरानी देवी, सुमित्रा देवी और रहमती खातून सहित कार्यकर्ता शामिल है.

### मॉडल स्कूलों में मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ग्रामीण छात्र छात्रों को मिलेगा अफसर

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी को मॉडल स्कूल बनाए जाने के बाद राज्य सरकार की पहल पर इसी शैक्षणिक सत्र से नवमी कक्षा की पढ़ाई शुरू की जाएगी. शिक्षा विभाग इसको लेकर सभी तैयारियां की है. मॉडल स्कूल के रूप में विकसित होने पर जहां आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्ता शिक्षा उपलब्ध होगी. वही इस योजना के तहत नवमी कक्षा में 120 विद्यार्थियों का नामांकन भी किए जाएंगे. आने वाले वर्षों में इन स्कूलों में कक्षा 10 से 12 वीं तक पढ़ाई शुरू होने के बाद इस छात्र छात्रों को फायदा होगा. मॉडल स्कूल में छात्र छात्राओं को आधुनिक शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. इसमें स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर सुविधा, खेल सामग्री और विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी. पढ़ाई को प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप बनाया जाएगा. शिक्षाविद डॉ अरुण कुमार, शिव शंकर राय, डॉ रमाशंकर मेहता, डॉ रंजीत कुमार राणा, डॉ राजकुमार यादव सहीत कई विद्वानजनो ने बताया कि मॉडल स्कूल स्थापित होने से ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा. आधुनिक सुविधाओं के साथ पढ़ाई होने से छात्रों को शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगी. बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार ने बताया कि मॉडल स्कूल को आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने व शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की प्रक्रिया चल रही है. ताकि नए सत्र से छात्रों को लाभ मिल सके.

### 83 वर्षीय वृद्धा के निधन पर शोक

**लदनियां (एनएसबी)।** स्थानीय बाजार निवासी रामदेव साह की पत्नी कौशल्या देवी (83) का निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। बीमार होने का कारण बहन के निधन के सदमे को बताया गया है। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र योगेन्द्र साह ने दी। उनके निधन पर लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है। शोक प्रकट करने वालों में चन्द्रवीर साह, किशोरी साह, दीपनारायण साह, शंभू साह, बीके झा, वीरेन्द्र झा, जयकिशोर साह, सुरेश राम, सीताराम साह, भोला, अशोक समेत सैकड़ों लोग शामिल हैं।

### चोरी के वाहन के साथ शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**लदनियां (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच 227 स्थित धौरी नदी के पुल पर वाहन चेकिंग में चोरी के वाहन सहित एक शराब धंधेबाज को पुलिस ने पकड़ा। प्रभारी थाना अध्यक्ष पुलिस चौधरी ने कहा जब्त वाहन के साथ पकड़ा गया युवक धर्मपाल साह कुमरखत गांव का रहने वाला है। आरोपी के स्वीकारोक्ति पऱ योगिया सिमरा टोला के सीके यादव उर्फ सिकंदर यादव को नामजद बनाया गया है। आरोपी धर्मपाल साह ने कहा कि जब्त वाहन का प्रयोग शराब तस्करी में किया गया है ।उन्होंने कहा कि इस बाबत दिनांक 15 मार्च को कांड संख्या-106/ 026 दर्ज कर वाहन जब्त कर नामजद धर्मपाल साह को न्यायिक हिरासत मधुबनी भेज दिया गया।जब्त निजी वाहन की निबंधन संख्या डब्लू बी 24 वाई 3075 है । उन्होंने कहा कि आरोपी धर्मपाल साह मांगने पर वाहन का कोई कागजात नहीं प्रस्तुत किया । उन्होंने कहा कि जब्त वाहन प्रथम दृष्ट्या चोरी का प्रतीत होता है । पुलिस के द्वारा मामले की छानबीन चल रही है।

### बीडीओ, सीआओ, एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग से संबंधित सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के साथ



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना, ई-ग्राम कचहरी, , मोक्षधाम सहित विभिन्न योजनाओं की प्रखंडवार विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही न्यायमित्र,कचहरी सचिव एवं जन-प्रतिनिधियों के मानदेय भुगतान तथा जिला पंचायत कार्यालय अंतर्गत पदस्थापित कर्मियों के वेतन/मानदेय भुगतान की स्थिति पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### बढ़ती गर्मी को देखते हुए युवा समाजसेवी रौशन ने किया ओआरस का वितरण।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रौशन माधव ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए ठेला चालक और रिक्सा चालक के बीच ओआरस का वितरण कर रहे। उन्होंने कहा की वैसे लोग जो इस तपती धूप मे अपने परिवार के लिए मेहनत मजदूरी करते है, जिन पर पुरा परिवार की जिम्मेदारी होती है। ऐसे मे उनका स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है, अक्सर गर्मी में शरीर मे पानी की कमी से लोग बीमार पड़ जाते है, इसलिए कई वर्षो से रौशन गर्मी के मौसम मे लोगो को पानी को लेकर जागरूक करते रहते है। ज्ञात हो की जरूरतमंदो के बीच सेवा ही इनका जीवन बन चुका है। आज कई वर्षो से रौशन माधव लाचार, बेबस, जरूरतमंदो के बीच सेवा करते आ रहे है। सच मे इनके लिए नर सेवा ही नारायण सेवा है। शहर के महावीर चैक से चांदनी चैक पर कई जरूरतमंदो के बीच ओआरएस की वितरण की गई। वही जरूरतमंद लोग रौशन की निःस्वार्थ समाजसेवा को देखकर उनके प्रति कृतज्ञता का भावना व्यक्त कर उनके प्रति आभार जताया।



# जयनगर में आय से अधिक संपत्ति मामले में कार्यपालक अभियंता के ठिकानों पर छापेमारी

**जयनगर (एनएसबी)।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) बिहार पुलिस की टीम ने मंगलवार को जयनगर स्थित विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के कार्यालय एवं उनके किराये के आवास पर एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और विभागीय कर्मियों के बीच हलचल तेज हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह छापेमारी ईओयू के डीएसपी स्वाती कृष्णा एवं डीएसपी माधुरी कुमारी के नेतृत्व में गठित दो अलग-अलग टीमों द्वारा की गई। दोनों टीमों ने सुनियोजित तरीके से एक साथ अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू किया, ताकि किसी भी प्रकार के साक्ष्य को हटाने या छिपाने की संभावना न रहे।छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में रखे दस्तावेजों, फाइलों, कंप्यूटर हार्ड डिस्क, बैंक संबंधी कागजात और अन्य वित्तीय अभिलेखों की गहन जांच की। वहीं, उनके किराये के आवास पर भी टीम ने अलमारी, लॉकर, नकदी, आभूषण एवं संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की। सूत्रों के अनुसार, टीम को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर संपत्ति के स्रोत की जांच की जाएगी।इस कार्रवाई में दंडाधिकारी के रूप में नगर पंचायत जयनगर के कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई थी। उनके अलावा प्रखंड कृषि पदाधिकारी नागेंद्र कुमार पूर्वे, जयनगर थाना की एसआई मोनिका कुमारी समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी भी छापेमारी में शामिल रहे। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया को विधि सम्मत तरीके से संपन्न कराया गया।ईओयू के अधिकारियों ने बताया कि मनोज कुमार रजक के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत लंबे समय से प्राप्त हो रही थी। प्रारंभिक जांच में आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति होने के संकेत मिलने के बाद विधिवत प्राथमिकी दर्ज कर छापेमारी की कार्रवाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि जब्त किए गए दस्तावेजों और साक्ष्यों का विश्लेषण करने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।छापेमारी की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ संबंधित स्थलों के आसपास जुटने लगी। लोग इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चचाएं करते नजर आए। वहीं, विभाग के कर्मचारियों में भी चिंता का माहौल देखा गया।हालांकि, समाचार लिखे जाने तक ईओयू की ओर से जब्त संपत्तियों का आधिकारिक विवरण जारी नहीं किया गया था। लेकिन सूत्रों का दावा है कि जांच में कई अहम वित्तीय लेनदेन और संपत्ति से जुड़े सुराग सामने आ सकते हैं, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ सकती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। यह छापेमारी सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।फिलहाल, ईओयू की टीम द्वारा जब्त किए गए सभी साक्ष्यों को सुरक्षित रखकर उनकी जांच की जा रही है।



छापा मारते अधिकारी।

# जाली नोट छापने वाले गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार, 6,44, हजार नकली मुद्रा बरामद : एसपी

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस का बताया कि 15 मार्च को समय करीब 8 बजे रात्रि को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि मधुबनी रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति जाली भारतीय करेंसी नोट लेकर आ रहा है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कर्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 के नेतृत्व में थानाध्यक्ष, नगर थाना, मधुबनी द्वारा 2 छापामारी दलों का गठन किया गया तथा रेलवे स्टेशन, मधुबनी के दोनो निकास द्वार पर सघन जॉच प्रारम्भ किया गया। समय करीब 10:25 बजे एक व्यक्ति गेट सं0-2 के तरफ से आता दिखा, जो पुलिस बल के द्वारा किये जा रहे सघन जॉच को देखकर पीछे मुडकर भागने का प्रयास किया। जिसे छापामारी दल के द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर नाम,पता पूछने पर अपना नाम सुर्यदेव कुमार उर्फ सुरज कुमार बताया तथा जब पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति के बैग की विधिवत तालाशी ली गई तो भारी मात्रा में भारतीय करेंसी का नकली नोट पाया गया। बरामद रुपये के संबंध में पुछने पर सुर्यदेव कुमार द्वारा बताया गया के पकड़ाये सभी नोट, जाली नोट है जिसे मैं उदल पासवान, पिता-महेशी पासवान, सा०-तुरी कला, थाना-विश्वविधालय बोधगया, जिला-गयाजी के पास से लेकर आ रहा हूँ तथा नेपाल के राजाक्षेत्री नाम के व्यक्ति को देने जा रहे है। पकड़ाये जाली भारतीय करेंसी नोट के संबंध में नगर थाना कांड स0-133/26 प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त सुर्यदेव कुमार की निशानदेही पर जिला गयाजी, थाना-विश्वविद्यालय अन्तर्गत उदल पासवान के घर पर विधिवत छापामारी किया गया तो उदल पासवान के घर से भी भारी मात्रा में जाली भारतीय करेंसी नोट बरामद किया गया। जब पुलिस द्वारा उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उदल पासवान द्वारा बताया गया कि पर्यटन थाना बोधगया अन्तर्गत गौतमनगर स्थित सत्येन्द्र पासवान के किराये के मकान में जाली नोट छापने का कारोबार करता है और वहीं जाली नोट छापने का सामान भी रखा हुआ है। तत्पश्चात उनकी निशानदेही पर सत्येन्द्र पासवान के मकान मे किराये के कमरा से ऑरिजनल भारतीय करेंसी नोट का सेम्पल एवं अन्य जाली नोट छापने का सामान एवं भारी मात्रा में नकली नोट बरामद किया गया।पकड़ाये सुर्यदेव कुमार उर्फ सुरज कुमार एवं उदल पासवान के पास से कुल 6,44,000 जाली भारतीय करेंसी नोट एवं भारतीय करेंसी नोट का ऑरिजनल नोट-3200- रुपया बरामद किया गया है एव उनके स्वीकारोक्ति ब्यान के आधार पर इस घटना में संलिप्त सभी अपराधकमीर्यो का पता लगया जा रहा है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।



गिरफ्तार अपराधी के साथ पुलिस अधिकारी।

# सिविल सोसायटी के साथ शहरी विकास एवं जनसरोकारों पर जिलाधिकारी ने की महत्वपूर्ण बैठक

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों के साथ शहरी क्षेत्रों की आधारभूत संरचना के विकास, नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुमंडलों के माननीय सदस्य, संबंधित पदाधिकारी तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को लेकर उपस्थित सदस्यों एवं अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान सभी अनुमंडलों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में जिला प्रशासन द्वारा हाल के दिनों में उठाए गए प्रभावी कदमों की सराहना की तथा कहा कि स्थिति में पहले की अपेक्षा उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जिलाधिकारी ने सिविल सोसायटी के सदस्यों के माध्यम से आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के पैनिक या भ्रम की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अनावश्यक बुकिंग एवं गैस सिलेंडर के भंडारण से बचें, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी रहे और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

बैठक का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी रहा कि सिविल सोसायटी के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, स्थानीय आवश्यकताओं तथा विकास संबंधी प्राथमिकताओं को विस्तारपूर्वक जिलाधिकारी के समक्ष रखा। साथ ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जिन पर प्रशासन द्वारा गंभीरतापूर्वक विचार करने की बात कही गई।बैठक में जिन प्रमुख सुझावों पर चर्चा हुई, उनमें कोशी नदी रोड को घोघरडीहा रेलवे स्टेशन तक विस्तारित करने, जयनगर में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार की आवश्यकता, बेनीपट्टी में जिला परिषद की भूमि पर पार्क निर्माण, तथा मधुबनी शहर में अतिक्रमण एवं रोड जाम की समस्या के स्थायी समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। इन मुद्दों को स्थानीय विकास, यातायात सुगमता, रोजगार सृजन और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने सभी माननीय सदस्यों एवं सिविल सोसायटी प्रतिनिधियों को उनके रचनात्मक सुझावों, क्षेत्रीय अनुभवों एवं जनहित के प्रति उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन विकास कार्यों को जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के संवाद से न केवल स्थानीय समस्याओं की सही पहचान होती है, बल्कि उनके व्यावहारिक समाधान की दिशा भी प्रशस्त होती है।उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, यातायात प्रबंधन, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार तथा नागरिक समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। सिविल सोसायटी एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव प्रशासन के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे।

उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार, उप विकास आयुक्त सुमन प्रसाद साह, नगर आयुक्त उमेश भारती, पुलिस उपाधीक्षक रश्मि सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक करते डीएम डीडीसी।

## देवतुल्य राजा सल्हेश महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन आज, संस्कृति, परंपरा और लोक आस्था का संगम

**मधुबनी (एनएसबी)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में 'देवतुल्य राजा सल्हेश महोत्सव-2026' का भव्य आयोजन आज किया जाएगा। यह महोत्सव जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं एवं ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन दुर्गा मंदिर परिसर, रामपट्टी में संपन्न होगा, जहां जिले भर से कलाकार, सांस्कृतिक समूह, बुद्धिजीवी एवं आमजन बड़ी संख्या में भाग लेंगे। महोत्सव का उद्देश्य,देवतुल्य राजा सल्हेश मिथिला के लोकनायक एवं जनआस्था के प्रतीक माने जाते हैं। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य उनकी गाथाओं, लोककथाओं एवं सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाना एवं क्षेत्रीय कला-संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।कार्यक्रम की रूपरेखा,महोत्सव के अंतर्गत निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे! उद्घाटन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समयः संध्या 5: बजे लोकगीत, लोकनृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ, जिनमें जीवनगाथा को मंचित किया जाएगा।जिला प्रशासन द्वारा महोत्सव के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता एवं जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्था की गई है, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो,जिला प्रशासन, मधुबनी द्वारा जिले के सभी नागरिकों, कला प्रेमियों एवं संस्कृति के प्रति अनुराग रखने वाले लोगों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया गया है। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक उत्सव है, बल्कि हमारी पहचान, परंपरा और विरासत को सहेजने का एक सामूहिक प्रयास भी है।

# एलपीजी गैस की पर्याप्त है उपलब्धता, घबराने की कोई आवश्यकता नहीं : डीएम, एसपी

**मधुबनी (एनएसबी)।** एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण से संबंधित वर्त्तमान स्थिति पर चर्चा करने एवं जानकारी साझा करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, आनंद शर्मा एंवं पुलिस अधीक्षक, योगेन्द्र कुमार के द्वारा मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में संयुक्त प्रेस वार्त्ता को संबोधित किया गया।प्रेस वार्त्ता को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एलपीजी गैस कंपनियों के जिला में स्टॉक एवं सप्लाई को देखते हुए यह स्पष्ट है कि सप्लाई में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। जो सप्लाई पूर्व से जिला में हो रहा था, वही सप्लाई बनी हुई है। अलग-अलग तरीके से लोगो में जो विपरीत परिस्थिति के कारण मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई इसी कारण से आमजनों को गैस लेने के लिए एजेंसी पर जाना पड़ रहा है तथा लाईन में लगना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं के नियमित मांग के अनुसार आज भी आपूर्ति हो रही है। अतिशीघ्र स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो जायेगी। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 10 लाख उपभोक्ता है।10. से 16 के बीच 1 लाख 58 हजार 595 उपभोक्ताओं के द्वारा गैस की बुकिंग की गयी है। जिसमें 1 लाख 16 हजार 559 उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति कर दी गयी है। वर्त्तमान में एलपीजी का स्टॉक पर्याप्त है। जिससे लंबित उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की जा रही है! उपभोक्ताओं की शिकायत के निवारण हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिसका दूरभाष संख्या-06276-222576 है। नियंत्रण कक्ष सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कार्यरत रहेगा।सभी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था की गयी है तथा महिलाओं, दिव्यांगों एवं बुजुर्गो के लिए अलग से विशेष लाईन की व्यवस्था की गयी है। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन के बाद तथा साल में मात्र 12 गैस की ही बुकिंग की जा सकती है। सभी उपभोक्ता इसका पालन करते हुए ही बुकिंग का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि वर्त्तमान में सर्वर की समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पूर्ण रूप से होम डिलीवरी की प्रक्रिया को भी बहाल हो जायेगा, जिसको लेकर सभी प्रकार के प्रयास किया जा रहा है। उन्होनें जानकारी देते हुए कहा कि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को जिला द्वारा उपलब्ध कराये गए लिंक पर अपने आवश्यकतानुसार डिमांड करने का निदेश दिया गया है, ताकि वस्तुस्थिति का आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनको व्यवसायिक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सकें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा गुगल लिंक एवं विभिन्न सोशल मीडिया यथा-फेसबुक, ट्विटर आदि से प्राप्त शिकायतों का नियमित रूप से निपटारा किया जा रहा है एवं कृत कार्रवाई को जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर भी अपलोड किया जा रहा है।मधुबनी जिला में कालाबाजारी एवं जमाखोरी को रोकने के उद्देश्य से 38 धावादल का गठन किया गया है। धावादल के द्वारा विगत दिनों में कार्रवाई करते हुए काफी संख्या में खाली एवं भरे हुए अवैध सिलिंडर को जब्त किए गए है। जिसके आलोक में 03 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सभी आरोपियों के विरूद्ध स्पीडी ट्रायल चलाकर उन्हें जेल भेजते हुए 07 वर्षो की सजा दिलाने का कार्य किया जायेगा।पुलिस अधीक्षक, योगेन्द्र कुमार ने कहा कि कालाबाजारी और जमाखोरी करनेवालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सभी थानों में एक-एक टीम भी गठित की गयी है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है।उपभोक्ताओं को अफवाहों से बचने एवं पुलिस प्रशासन को व्यव्स्था बनाये रखने में सहयोग करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गैस एजेंसियों के द्वारा की जा रही होम डिलीवरी में बाधा उत्पन्न करने या किसी प्रकार की जबरदस्ती करनेवालों के विरूद्ध भी कठोर कार्रवाई की जायेगी।इस अवसर पर उप-निदेशक-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, परिमल कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कुमार दीपक सहित अन्य उपस्थित थे।

**ॹजमाखोरी एवं कालाबाजारी करनेवालों पर है प्रशासन की कड़ी नजर, उन्हें चिन्हित कर होगी सख्त कार्रवाई, स्पीडी ट्रायल से दिलायी जायेगी सजा**



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते डीएम, एसपी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर जंक्शन परिसर की दो मंदिरों को ध्वस्त किए जाने की वर्षी को काला दिवस मनाते हुए रेल मंत्री का पुतला फूंका

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर जंक्शन पर दो मंदिरों को मार्च 2025 में तोड़े जाने के एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को मंदिर नवनिर्माण समन्वय समिति के सदस्यों ने काला रिबन बांधकर काला दिवस मनाया तथा नगर के कल्याणी चोक पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का पुतला दहन किया। आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए समन्वय समिति के अध्यक्ष आचार्य चंद्र किशोर पाराशर ने कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए हम संकल्पित हैं और हमारा चरणबद्ध आंदोलन विगत वर्ष की तरह शांतिपूर्वक इस वर्ष की जारी रहेगा। उन्होंने कहां की रेल मंत्री से लेकर मंत्रालय के सभी पदाधिकारी से समन्वय समिति का प्रतिनिधिमंडल समय-समय पर मिलकर अपनी मांगों का प्रतिवेदन देता रहा। मगर एक वर्ष बीत जाने के बाद भी मंदिर नवनिर्माण की दिशा में किसी प्रकार का ठोस कदम रेल विभाग द्वारा नहीं उठाया जाना उनकी उपेक्षापूर्ण नीति का उदाहरण है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के यथास्थल पर पुनर्निर्माण की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन अब मुजफ्फरपुर के साथ दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन के साथ शुरू किया जाएगा। पुतला दहन कार्यक्रम में समन्वय समिति के विक्रम सराफ, अमरेश कुमार विपुल, राघवेंद्र राज राघव, प्रणय कुमार सिंह सहित अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।



### बिहार दिवस के उपलक्ष्य पर औराई में प्रखंडस्तरीय शिक्षा प्रतियोगिता आयोजित, विजेता छात्र छात्राएं सम्मानित

**औराई(एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 'उन्नत बिहार-उज्ज्वल बिहार' के तहत प्रखंड संसाधन केंद्र औराई में मंगलवार को प्रखंडस्तरीय शिक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन के बाद बीडीओ रजनीश शंकर झा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में रमन कुमार, अमरेश कुमार सहनी, रामनरेश राय, प्रखंड लेखापाल अमरेश कुमार, विजय कुमार, ललित कुमार, इकबाल अख्तर एवं ओम प्रकाश सहित कई शिक्षक एवं शिक्षाकर्मी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के तहत चित्रकला, गणित ओलिंपियाड एवं प्रश्नोत्तरी (क्विज) का आयोजन किया गया। चित्रकला में सोनम कुमारी, रंजना कुमारी एवं रविशंकर कुमार, गणित ओलिंपियाड में शिवम कुमार, साक्षी कुमारी, दिव्या कुमारी एवं मनीष कुमार सिंह तथा क्विज में आदित्य रंजन, सुषमा कुमारी, मुस्कान कुमारी एवं सोनू कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी चयनित छात्र-छात्राएं 19 मार्च 2026 को जिला स्कूल, मुजफ्फरपुर में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में औराई प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। औराई बीडीओ ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### बोचहा पंचायत समिति की बैठक में नल-जल योजना, बीज वितरण और फजीवाड़े पर सदस्यों ने जताई नाराजगी

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बोचहाँ प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख साजन पासवान की अध्यक्षता में गई। कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ प्रिया कुमारी के संचालत्त्व में हुई इस बैठक में बाल विकास परियोजना, शिक्षा, मनरेगा, कृषि, कल्याण, पीएचईडी, पशुपालन, सहकारिता, आपूर्ति, मध्यान भोजन, बिजली आपूर्ति और पंचायती राज सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में शामिल मुखिया बैजू प्रसाद यादव और पंचायत समिति सदस्य इंद्रजीत कुमार बबलू सहित अन्य सदस्यों ने बीएओ धर्मेंद्र कुमार से अनुदानित बीज वितरण की सूची मांगी। मूंग बीज न मिलने पर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। पीएचईडी विभाग द्वारा नल-जल योजना में अनियमितताओं और खराब मोटरों के कारण पानी की आपूर्ति बाधित रहने पर सदन में तीखी बहस हुई। इस दौरान बीडीओ ने बहस को समाप्त कराते हुए विभगीय कनीय अभियंता को काम मे सुधार लाने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सोलर लाइट योजना सहित अन्य पंचायती राज से जुड़े योजनाओं में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। वहीं विधायक प्रतिनिधि द्वारा धान अधिप्राप्ति में फजीर्वाड़े का मुद्दा गया तथा बीसीओ गणेश कुमार पर कई आरोप लगाया गया। अनियमितता व फजीर्बाड़े के मुद्दे पर पंसस समिति के सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए मामले की जांच कराने की मांग की। वही बीडीओ ने सदस्यों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बैठक में उपप्रमुख नदीम बाबू, मुखिया पानो देवी, दिनेश सहनी, फूल कुमारी देवी, सरोज कुमार, मंजू देवी, रिंकू देवी, रंजन कुमार, कल्याण पदाधिकारी स्वराज चौहान, रंजीत मिश्रा, बेबी पटेल, संजय सहनी सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



### बूढ़ी गंडक को स्वच्छ व जीवंत बनाने की पहल तेज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के टाउन हॉल में मंगलवार को शहरी नदी प्रबंधन योजना को लेकर मल्टी स्टेकहोल्डर्स वर्किंग ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने की। इसमें बुडको, सड़क निर्माण विभाग, सहायक नगर योजनाकार, लघु सिंचाई, सांख्यिकी, वन एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में कार्यरत आईसीएफ एवं एआईआईएलएसजी के कंसोर्टियम द्वारा योजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। यह योजना राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत तैयार की जा रही है। जिसका उद्देश्य शहर और नदी के बीच पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करना है। प्रस्तुति में बूढ़ी गंडक नदी में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के उपायों के साथ साथ नदी तट के विकास पर विशेष जोर दिया गया। ताकि इसे शहर के लिए आर्थिक संसाधन के रूप में विकसित किया जा सके। बैठक में विभिन्न विभागों ने अपने सुझाव दिए और योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आपसी समन्वय पर बल दिया। वहीं नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने कहा कि बूढ़ी गंडक हमारे शहर की जीवनरेखा है। इसे स्वच्छ और जीवंत बनाना हमारी प्राथमिकता है। सभी विभागों के सहयोग से हम इस दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं।

### फुटओवर ब्रिज निर्माण को लेकर मुजफ्फरपुर-मोतिहारी रेलखंड पर 3 घंटे तक रेल सेवा रही बाधित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** रेलवे यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए कपरपुरा स्टेशन पर चल रहे नया फुटओवर ब्रिज निर्माण के तहत स्टेशन यार्ड में स्पैन गर्डर की लॉन्चिंग कार्य सुरक्षित पूर्ण किए जाने को लेकर मंगलवार की दोपहर से तीन घंटे तक 'ट्रैफिक और पावर ब्लॉक' किए जाने के कारण मुजफ्फरपुर नरकटियागंज रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन तीन घंटे तक प्रभावित रहा। इस कारण समस्तीपुर मंडल की कई पैसेंजर और लोकल ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित रहा

### 646.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**बिथान (एनएसबी)।** गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बिथान थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिट्टी लदे एक 10 चक्का ट्रक से 646.5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र राजू ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में गिट्टी के बीच छिपाकर अंग्रेजी शराब रखी गई है। सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध ट्रक को पकड़कर जांच की। जांच के दौरान गिट्टी के बीच छिपाकर रखी गई 540 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

# राज्यसभा चुनाव की जीत ने स्पष्ट कर दिया है कि विपक्ष विखर गया है और सभी ने एनडीए सरकार को स्वीकार कर लिया है : सुरेश कुमार शर्मा

**राज्यसभा चुनाव में बिहार की 5 सीटों पर एनडीए की 'क्लीन स्वीप* पर पूर्वी जिला भाजपा ने मनाया विजयोत्सव**

**मुजफ्फरर(एनएस बी)।** राज्यसभा चुनाव में बिहार की सभी पाँच सीटों पर एनडीए को मिली शानदार जीत को लेकर मंगलवार को मुजफ्फरपुर पूर्वी जिला भाजपा के नेताओं व कार्यकताओं ने पूर्वी जिला कार्यालय में अबीर गुलाल उड़ाते हुए ढोल नगाड़ा बजाकर तथा जमकर आतिशबाजी कर विजयोत्सव मनाया।

इस दौरान पार्टी के जिला कार्यालय सभागार में विजयोत्सव सभा का आयोजन किया गया। भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश कुमार शर्मा ने राज्यसभा चुनाव में बिहार के सभी 5 सीटों पर एनडीए को मिली जीत पर देश, प्रदेश के नेताओं के साथ साथ मुजफ्फरपुर जिले के सभी भाजपा नेताओं व कार्यकताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्यसभा के चुनाव में बिहार की सभी पांच सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों को मिली जीत से यह स्पष्ट हो गया है कि विपक्ष विखर गया है और सभी ने एनडीए सरकार को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन की यह साझा जीत है।

वही पूर्व मंत्री व कुढ़नी विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि विकास और सुशासन की जीत पर विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता ने पहले मोहर लगाया और अब विधायकों ने भी विकास और सुशासन की जीत पर विश्वास की मोहर लगा दी है। इस क्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ ममता रानी व अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने एनडीए के विजयी हुए सभी पांचों उम्मीदवारों को जीत की बधाई देते हुए विश्वास जताया कि इन सभी दिग्गजों का राज्यसभा में जाना बिहार के हितों की रक्षा और जनकल्याणकारी नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा। सभा से पूर्व जीत की खुशी में भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। वहीं जमकर आतिशबाजी कर तथा ढोल नगाड़े के साथ भारत माता की जय, एनडीए जिंदाबाद आदि नारे बुलंद कर विजयोत्सव मनाया। मौके पर ही जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अशोक झा, फेकू राम, अरविंद सिंह, महामंत्री मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा, मंत्री परितोष सिंह, पूनम वर्मा, दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ साकेत शुभम ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी रंजन ओझा, गोविंद कुमार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ मोनालिशा राय, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिवाकर शर्मा, ओंकार पासवान, सूरज मुखिया, विशाल कुमार, अशोक कुमार, कुलदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



विजयोत्सव सभा में मंचासीन जिला भाजपा के नेतागण।


राज्यसभा चुनाव में मिली जीत पर होली और दिवाली मनाते भाजपा के कार्यकर्तागण।

# जिलाधिकारी ने जिला परिवहन कार्यालय एवं अभिलेखागार का किया निरीक्षण

**राजस्व वसूली सेवाओं की गुणवत्ता पारदर्शिता एवं समयबद्धता पर जोर के साथ लंबित आवेदनों को 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का दिया निर्देश**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय एवं अभिलेखागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, राजस्व वसूली, लंबित आवेदनों और आम लोगों को दी जा रही सेवाओं की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने कार्यालय के विभिन्न काउंटरों पर जाकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और वहां उपस्थित कर्मियों से कार्य निष्पादन की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों को सही समय से अपने काउंटर पर उपस्थित रहकर कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई और व्यवस्था बनाए रखने का भी निर्देश दिया। इस क्रम में राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जिला परिवहन कार्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य 29060 लाख रुपये के विरुद्ध 29647.71 लाख रुपये की वसूली की गई है, जो कुल लक्ष्य का 102 प्रतिशत है। इस उपलब्धि पर उन्होंने संतोष जताते हुए आगे भी इसी गति से कार्य जारी रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने इस दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, डीएल स्मार्ट कार्ड, परमिट और फिटनेस प्रमाणपत्र से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 3597 ड्राइविंग टेस्ट लिए गए तथा 1410 फिटनेस प्रमाणपत्र निर्गत किए गए हैं। उन्होंने इन सेवाओं को और तेज एवं पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन 15 दिनों के अंदर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ताकि आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए उन्होंने प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने का भी निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने

पत्र, संचिका एवं अभिलेखों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों के साथ शिष्ट व्यवहार किए जाने के साथ उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्री कुमार सत्येंद्र समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


जिला परिवहन कार्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन।

# पारु थाना में कार्यरत महिला कांस्टेबल की संदिग्ध मौत, किराए के मकान से शव बरामद पुलिस ने पति को हिरासत में लिया

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पारू थाने में कार्यरत एक महिला कांस्टेबल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका का शव थाने के समीप स्थित एक निजी किराए के मकान से बरामद किया गया है। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत महिला कांस्टेबल मूल रूप से लखीसराय जिले की रहने वाली थी। वह पारू थाने में अपनी सेवा दे रही थी और ड्यूटी की सुगमता के लिए थाने के पास ही एक निजी मकान में अपने पति के साथ किराए पर रहती थी। पुलिस ने घटनास्थल की प्रारंभिक जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने जानकारी दी कि मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि घटना के वक्त कमरे में क्या हुआ था और मौत की सूचना पुलिस तक कैसे पहुँची। पुलिस की प्रारंभिक जांच और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर तीखी नोक झोंक और विवाद हुआ था। चर्चा है कि विवाद के दौरान पति ने महिला कांस्टेबल के साथ मारपीट भी की थी। पुलिस इस बिंदु को केंद्र में रखकर जांच कर रही है कि क्या यह आत्महत्या का मामला है या इसके पीछे कोई और गहरी साजिश है। जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल टीम साक्ष्य जुटाने में लगी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे मामले की हर पहलू से जांच कर रहे हैं। कमरे की स्थिति और मृतका के शरीर पर मौजूद जख्म के निशान का बारीकी से मुआयना किया गया है।



# एशिया महाद्वीप के लब्ध प्रतिष्ठित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार चौधरी को उनके निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** एशिया महाद्वीप के लब्ध प्रतिष्ठित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार (चौधरी) जो पूर्व विधायक स्व भुवनेश्वर चौधरी एवं स्व चंदा देवी के बड़े पुत्र थे। बीते 3 मार्च 2026 को मुंबई में उनका निधन हो गया। डॉ चौधरी के निधन पर नगर के स्पीकर चौक स्थित अटल सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आरडीजेएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल तुर्की के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य लोगों ने डॉ अनिल कुमार चौधरी को याद करते हुए उनके तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सुरेश कुमार शर्मा ने डॉ अनिल कुमार के चिकित्सा जगत में उनके महानतम योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि डॉ कुमार ने भारत में पहला पेश मेकर हृदय में लगाने का कार्य 1987 में किया। साथ ही भारत में पहला कोरोनरी एंजियोप्लास्टी का ऑपरेशन 1988 में किया। वे ग्रांट मेडिकल कॉलेज के वाइस डीन भी थे ' वे भारतीय कॉर्डोलॉजिकल सोसायटी के अध्यक्ष के अलावे एशियन फिजिशियन सोसाइटी ऑफ कार्डिलॉजि के भी 2007 से 2009 तक अध्यक्ष रहे हैं। उनकी विद्वता और चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्दबियाँ को लेकर राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम आजाद ने उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया था। वे जीवनपर्यंत जे जे हॉस्पिटल व मुंबई हॉस्पिटल की सेवा करते रहे। वक्ताओं ने कहा कि बिहार वासियों के साथ साथ विशेषकर मुजफ्फरपुर वासियों के लिये उनके दिल में विशेष अनुराग था। वे पक्के बिहारी थे और बिहारी व्यंजन उन्हें अधिक प्यारा था। वे मुजफ्फरपुर जिले के लिए कुछ करने की बड़ी तमन्ना उनके मन में थी, लेकिन वह पूरा नहीं हो सका। सभा का संचालन योगेन्द्र सिंह गंभीर ने किया। वहीं श्रद्धांजलि सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, डॉ सहाब के पुत्र एवं पुत्र वधु अंकुश कुमार एवं मैथिली, रवि नंदन सहाय, डॉ संजय पंकज, महेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ राकेश कुमार, कृष्ण मुरारी पांडेय, प्रो शिवनाथ ठाकुर, डॉ प्रकाश वर्मा आदि प्रमुख लोगों ने संबोधित कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया।




# ईद रामनवमी व चैती छठ पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर डीएम एसएसपी ने की समीक्षा बैठक

**जुलूस, यातायात व कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अधिकारियों को दिए गए सख्त निर्देश**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** इस महीने के 20 से 28 तारीख के बीच जिले में ईद, रामनवमी एवं छठ पर्व मनाया जाना है। इन तीनों पर्व त्योहार को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ मंगलवार को विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से बीडीओ, सीओ एवं थानाध्यक्ष वर्चुअल माध्यम से जुड़े और अपने अपने क्षेत्रों की तैयारियों की जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक अविलंब आयोजित कर लें और स्थानीय स्तर पर आपसी समन्वय को मजबूत बनाएं। उन्होंने साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया, ताकि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले जुलूसों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक थाना क्षेत्र से निकलने वाले जुलूसों की संख्या, मार्ग एवं समय का विस्तृत विवरण तैयार कर सूचीबद्ध जरने तथा उसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने एसडीओ पूर्वी व पश्चिमी को जुलूसों के लिए जारी किए जाने वाले लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने, नदी एवं तालाबों के किनारे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ नाव एवं गोताखोरों की तैनाती करने तथा सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। वहीं एसएसपी ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने तथा पुलिस की नियमित गश्ती बढाने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, संवेदनशीलता एवं सतर्कता बनाए रखने तथा आम जनता के सहयोग से सभी पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की।



पर्व त्योहार के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम व एसएसपी।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला यक्ष्मा पदाधिकारी द्वारा धर्म गुरुओं से की गई सहयोग की अपील


धर्म गुरुओं के साथ बैठक करते सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिविल सर्जन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले के सभी धर्म गुरुओं को बुलाकर यक्ष्मा एवं एचआईवी की जानकारी दी गई एवं उनसे अपने अनुयाईयो एवं समाज के लोगों से लक्षण पाए जाने पर नजदीकी स्वास्थ्य केदो में जांच करने में सहयोग की अपील की गई। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि जिले में तीन नए अल्ट्रा पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है जो अगले माह से गांव-गांव जाकर कैंप करेंगे धर्म गुरुओं से अपील की गई की अपने क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध मरीजों की अवश्य से अवश्य जांच करवाई एवं अगर जांच में यक्ष्मा की पुष्टि होती है तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से मुफ्त दवा मिलेगी साथ ही सरकार द्वारा₹1000 प्रतिमाह निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाता में दी जाएगी। मौके पर जिला अंतर्गत कई मठों के मठाधीश, मंदिर के पुजारी, मस्जिद के इमाम, प्रजापति ब्रह्माकुमारी संस्थान के सदस्य कबीरपंथी मठ के सदस्य सहित लगभग 50 की संख्या में उपस्थित हुए। जिला यक्ष्मा केंद्र से डीपीसी रंजय कुमार, रंजन शरण डीईओ सह लेखापाल, एलटी मोहम्मद शमी आजाद संजीत कुमार राजेश कुमार, कामेश्वर कुमार रवि, कृष्ण मोहन आदि का सहयोग रहा।

### विश्व यक्ष्मा दिवस पर बाजपट्टी द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुरापुर में क्विज कंपटीशन का आयोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** विश्व यक्ष्मा दिवस 2026 के अवसर पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजपट्टी द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुरापुर में क्विज कंपटीशन का आयोजन कराया गया जिसमें 73 बच्चों द्वारा भाग दिया गया। टेस्ट में तीन सफल अभ्यर्थियों को डिक्शनरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर परमजीत कुमार द्वितीय स्थान पर मुन्नी कुमारी तृतीय स्थान पर मनीता कुमारी सफल रही। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बाजपट्टी डॉक्टर एपी झा, वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक मोहम्मद शाकिर हुसैन, स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद अनवर अली द्वारा सफल अभ्यर्थियों को डिक्शनरी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रधानाध्यापक फैयाज अहमद, शिक्षक मनोज कुमार सहित सभी शिक्षको का भरपूर सहयोग रहा।



### एक साथ इफ़्तार कर आपसी एकता का दिया संदेश

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** महुलिया में सामाजिक कार्यकर्ता मो. कमर अख्तर के आवास पर आयोजित इफ़्तार पार्टी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल बनी। बड़ी संख्या में लोगों ने एक साथ रोजा खोलकर आपसी एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम और सद्भाव को मजबूत करते हैं। भुतही थानाध्यक्ष चंद्रगुप्त कुमार ने इसे सामाजिक विश्वास बढ़ाने वाला बताया। वहीं डॉ. अवधेश कुमार ने रमजान का महीना त्याग और इंसानियत का सन्देश देता है। वहीं सुबोध महतो ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया सदरे आलम खान, मुखिया प्रतिनिधि ज्याउद्दीन उर्फ तन्नु, मो. कमरूल हसन, डॉ. कासीम, डॉ. शकील खान, कारी जफीर, कलीमुल्लाह खान, मो. असलम, मो. तौहीदूर रहमान, सेख जमशेद, ओवैश हाशमी, फखरूल हसन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


इफ़्तार पार्टी में उपस्थित गणमान्य लोग।

### मस्जिद-ए-खैरुलवरा में अकीदत के साथ मुकम्मल हुई तरावीह; हाफिज मुन्तजीर रजा को 51 हजार का नजराना पेश


तरावीह के मौके पर मस्जिद परिसर में हाफिज मुन्तजीर रजा व नमाजी।

**पुपरी/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 13 स्थित मस्जिद-ए-खैरुलवरा में पवित्र रमजान के मुकद्दस महीने के उपलक्ष्य में तरावीह की नमाज पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मुकम्मल कर ली गई। इस रूहानी मौके पर मस्जिद परिसर नमाजियों से भरा रहा। पूरे माह चले इबादत के इस सिलसिले में हाफिज मुन्तजीर रजा साहब की इमामत में नमाजियों ने बड़े ही सब्र और श्रद्धा के साथ कुरआन शरीफ की तिलावत सुनी। तरावीह मुकम्मल होने के उपरांत मस्जिद कमेटी की ओर से हाफिज मुन्तजीर रजा की खिदमत को सराहते हुए उन्हें 51 हजार रुपये का नजराना पेश किया गया। इसके बाद हाफिज साहब ने मुल्क में अमन-चैन, कौमी एकता, भाईचारा और खुशहाली के लिए विशेष दुआ कराई, जिसमें हर आंख नम दिखी और हर हाथ बरकत की दुआ में उठा। मौके पर मौजूद नमाजियों को संबोधित करते हुए हाफिज मुन्तजीर रजा ने कहा कि रमजान का महीना केवल भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंसान को सब्र, परहेजगारी और इंसानियत का असली पाठ पढ़ाता है। मौलाना जमाल खान ने कहा कुरआन शरीफ अल्लाह की सबसे बड़ी नेमत है। तरावीह के जरिए हमें पूरे महीने कलाम-ए-इलाही को सुनने और समझने का अवसर मिलता है। रमजान के बचे हुए दिनों में गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करें, यही सच्ची इबादत है। मस्जिद के इमाम हजरत मौलाना मोहम्मद शकील अख्तर खान ने बताया कि रमजान इंसान को अपनी पिछली गलतियों को सुधारने और नेक राह पर चलने का बेहतरीन मौका देता है। इस महीने में किए गए हर नेक काम का सवाब अल्लाह कई गुना बढ़ाकर अता करता है।

### राजस्व कार्यों की समीक्षात्मक बैठक में दिए गए कई निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडे की अध्यक्षता में विमर्श कक्ष में मंगलवार को राजस्व संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व), संजीव कुमार, सभी डीसीएलआर, अंचल अधिकारी, राजस्व पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व संबंधी कार्यों का निष्पादन पूर्ण प्रतिबद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), परिमार्जन प्लस, भूमि अभिलेख संधारण, अपील वादों का निस्तारण, जमाबंदी सुधार, आधार सीडिंग, अभियान बसेराझ2, लंबित वादों की सुनवाई तथा न्यायालयों में लंबित मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में सरकारी जमीन पर अवैध बंदोबस्ती अथवा जमाबंदी के मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों की विधिसम्मत जांच कर अवैध जमाबंदी को रद्द करने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व प्रशासन आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ है, अतः सभी पदाधिकारी संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें।
लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, अभिलेखों के अद्यतनकरण तथा जन

## सीतामढ़ी शहर में बढ़ते जाम एवं अतिक्रमण की समस्या पर जिला पदाधिकारी गंभीर

# स्वयं शहर के प्रमुख स्थलों व व्यस्त इलाकों की स्थिति का लिया जायजा

### सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान चलाकर प्रभावित इलाके को अतिक्रमणमुक्त कराने का निर्देश


शहर के प्रमुख स्थलों का जायजा लेते जिला पदाधिकारी रिची पांडेय व अन्य।


लखनदेई नदी के तट को अतिक्रमणमुक्त कराने का निर्देश देते जिलाधिकारी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी शहर में बढ़ती यातायात जाम एवं अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने स्वयं शहर के प्रमुख स्थलों - मेहसौल चौक, स्टेशन रोड, किरण चौक सहित अन्य व्यस्त इलाकों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि सड़क किनारे

**लखनदेई नदी के तट पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर भी डीएम का रुख कड़ा, सर्वेक्षण कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश**

अतिक्रमण, अनियंत्रित पार्किंग, ठेला एवं फेरीवालों की अव्यवस्थित मौजूदगी, झूलते विद्युत तार, साफ-सफाई की कमी तथा कमजोर यातायात प्रबंधन के कारण शहर में जाम की समस्या समन्वय रही है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अवैध पोस्टर एवं बैनर को तत्काल हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर लगाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर शहर के मुख्य क्षेत्रों को अतिक्रमणमुक्त करने का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त को शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने, मुख्य सड़कों एवं नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा ठेला/फेरीवालों एवं अवैध पार्किंग को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) एवं ट्रैफिक डीएसपी को अनियमित पार्किंग के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने को कहा गया। शहर में झूलते विद्युत तारों की समस्या को गंभीर मानते हुए विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि सर्वेक्षण कर इन्हें शीघ्र व्यवस्थित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

लखनदेई नदी के तट पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर भी जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने एसडीओ सदर एवं नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि नदी क्षेत्र का सर्वेक्षण कर अतिक्रमण की सूची तैयार करें और नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें। अंचलाधिकारी, डुमरा को राजस्व अभिलेख के आधार पर नदी की मूल सीमा का सत्यापन कर अतिक्रमित भूमि की पहचान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, बाढ़ नियंत्रण एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता को नदी की धारा में अवरोध उत्पन्न करने वाले निर्माण एवं मलबे की पहचान कर तकनीकी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक से पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त, प्रतिबंधित गुटखा एवं पान मसाला की बिक्री पर रोक लगाने के लिए एसडीओ सदर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम गठित कर शहर में सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों के आसपास ऐसे उत्पादों की बिक्री कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई होगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, एसडीओ सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, ट्रैफिक डीएसपी, एसडीपीओ सदर-1, अंचलाधिकारी डुमरा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी 6 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं— मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, बिहार निःशक्ता पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्ता पेंशन योजना— के अंतर्गत लाभुकों का कॉमन सर्विस सेंटर (वसुधा केंद्र) के माध्यम से निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण कराने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा नगर निकायों के उप नगर आयुक्त/नगर कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सीतामढ़ी द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 3,96,116 पेंशनधारियों में से अब तक 2,79,626 का जीवन प्रमाणीकरण पूर्ण हो चुका है, जबकि 1,16,459 पेंशनधारियों का प्रमाणीकरण शेष है। इस पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि 31 मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि के पश्चात केवल उन्हीं पेंशनधारियों को पेंशन का भुगतान किया जाएगा, जिनका जीवन प्रमाणीकरण पूर्ण होगा। जिला पदाधिकारी ने डोर-टू-डोर सत्यापन अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत सचिवों के माध्यम से सभी पेंशनधारियों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। सत्यापन के दौरान मृत पाए जाने वाले पेंशनधारियों की सूची संबंधित पंचायत भवन पर आपत्ति हेतु प्रकाशित की जाए तथा तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा ई-लाभार्थी पोर्टल के माध्यम से उन्हें डेथ मार्क किया जाए। उन्होंने सभी प्रखंडों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में जीवन प्रमाणीकरण को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने पर भी बल दिया, ताकि कोई भी पात्र लाभुक वंचित न रह जाए।


बैठक को सम्बोधित करते जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय व अन्य।

## शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ईद-उल-फितर पर्व के मद्देनजर तथा विधि व्यवस्था संधारण के निमित्त डीएम की ब्रीफिंग


प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग करते डीएम व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में मंगलवार को जिलाधिकारी रिची पांडेय के द्वारा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ईद पर्व के आयोजन तथा इस मौके पर विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग में डीएम नेअपने संबोधन में कहा कि सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। निर्देश दिया कि विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी प्रतिनियुक्त सेक्टर पेट्रोलिंग दंडाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी स— समय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पुलिस अधिकारी विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भ्रमणशी रहेंगे। डीएम ने स्पष्ट कहा कि माहौल बिगाड़ने के प्रयास करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्ती बरतें। इस दरमियान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें।धार्मिक भावनाओं को आहत किए जाने वाले पोस्ट, ऑडियो, वीडियो, टेक्स्ट पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म यथा- व्हाट्सएप ग्रुप, युटुब इंस्टाग्राम, फेसबुक पेज तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी निगाह रखी जाए। बताया गया कि जिला प्रशासन का आईटी सेल एवं पुलिस विभाग का साइबर सेल के द्वारा इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ब्रीफिंग में नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला अग्निशाम पदाधिकारी तथा अन्य विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। तीन सीनियर पदाधिकारियों को सभी तीन अनुमंडल का वरीय पदाधिकारी बनाया गया है। संजीव कुमार अपर समाहर्ता को सीतामढ़ी सदर अनुमंडल क्षेत्र, राहुल कुमार अपर समाहर्ता विभागीय जांच को पुपरी अनुमंडल क्षेत्र एवं बृजकिशोर पांडेय अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन को बेलसंड अनुमंडल क्षेत्र के प्रभारी पदाधिकारी रहेंगे।

### ईद के मौके पर घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता सुलभ कराई जाए : कांग्रेस

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** ईद के मुबारक मौके पर एवं रोजेदारों की सहूलियत के लिए घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता सुलभ कराई जाए। साथ ही सर्वसाधारण गैस उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी को ससमय सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों के बाहर लाइन में न लगना पड़े और कालाबाजारी पर अंकुश लग सकेगा। सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए जिला शांति समिति को सक्रिय किया जाए। उक्त बयान जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रकटू प्रसाद, मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार नील, भू संपदा प्रभारी मो. अफाक खान, अधिवक्ता संजय कुमार बिररख, प्रदेश प्रतिनिधि शम्स शाहनवाज, प्रो. रूपम यादव ने जारी करते हुए उपरोक्त समस्याओं के समाधान हेतु जिला पदाधिकारी से ठोस कदम उठाने की मांग की। साथ ही कांग्रेस नेताओं ने हरियाणा से राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के जीत पर खुशी जाहिर की है।

### यूजीसी समता बिल लागू करने सहित पांच सूत्री मांगों के समर्थन में आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा का धरना-प्रदर्शन

# सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थगन आदेश वापस नहीं लेने पर 2 को भारत बंद का आह्वान


जिला मुख्यालय डुमरा स्थित अंबेडकर स्मारक स्थल पर धरना-प्रदर्शन में शामिल लोग।


डीएम को ज्ञापन सौंपते मोर्चा के संयोजक व प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा सीतामढ़ी के तत्वावधान में यूजीसी समता बिल लागू करने, सभी धर्म के सभी जातियों की जातिगत जनगणना करने, हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के जजों की बहाली परीक्षा के माध्यम से करने, आरक्षित श्रेणी के खाली पड़े बैकलॉग सीट को भरने एवं अनुसूचित जाति ,जनजाति, पिछड़ा ,अति पिछड़ा एवं कमजोर वर्गों के साथ शोषण एवं अत्याचार पर रोक लगाने की पांच सूत्री मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर स्मारक स्थल डुमरा, सीतामढ़ी में विशाल धरना प्रदर्शन मोर्चा के जिला संयोजक नागेंद्र कुमार पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन प्रो. शशिभूषण प्रसाद सिंह ने किया।

धरना को संबोधित करते हुए राज किशोर सिंह कुशवाहा, पूर्व विधान पार्षद ने मोर्चा के सभी मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार भारत सरकार ने जाति, धर्म, नस्ल, लिंग एवं विकलांगता के आधार पर उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा, अति पिछड़ा एवं अन्य कमजोर वर्गों के नामांकन एवं नियुक्ति सह नियोजन में जातीय भेदभाव एवं मानसिक उत्पीड़न को रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा यूजीसी समता बिल 2026 लागू किया गया। जो देश के कमजोर एवं वंचितों के हित में है। लेकिन सोशल मीडिया पर कुछ मुट्ठी भर लोगों द्वारा इस बिल का विरोध का आधार मानकर माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा उक्त बिल पर तत्काल रोक लगाने के फैसलों से बहुसंख्यक 90% बहुजन समाज के साथ नाइंसाफी हुई है। उन्होंने माननीय सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से देश हित में स्थगन आदेश को वापस लेकर यूजीसी बिल को लागू रखने की मांग की। संतोष आंबेडकर, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम आर्मी ने कहा कि प्रतिनिधित्व विहीन न्यायपालिका लोकतंत्र के नाम पर धोखा है। उन्होंने उच्च एवं उच्चतम न्यायालय के जजों की बहाली परीक्षा के माध्यम से करने की मांग की। राजेंद्र चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष, उपेक्षित अति पिछड़ा वर्ग संघ ने कहा कि जाति जनगणना होने से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर समावेशी विकास से दूर जातियों को देश के विकास के मुख्य धारा में लाने के लिए आवश्यक कानून बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने सरकार से सभी धर्म के सभी जातियों की जातिगत जनगणना कराने की मांग की। कौशल किशोर यादव, पूर्व जिला पार्षद ने आरक्षित वर्गों के वर्षों से लाखो खाली पड़े बैकलॉग सीट पर विशेष अभियान चला कर नियुक्ति करने की मांग की। नवल किशोर राउत, जिला पार्षद ने कहा कि देश के 90 प्रतिशत आबादी का न्याय के लिए मशाल जल चुका है,। बाधक बनने इस मशाल की लौ में जलकर राख हो जाएंगे। धरना में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सुप्रीम कोर्ट यदि यूजीसी बिल के स्थगन आदेश वापस नहीं लेती है तो पूर्व की तरह 2 अप्रैल को भारत बंद का समर्थन करते हुए जिले को पूर्णत बंद किया जाएगा। धरना के अंत में मोर्चा के पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल महामहिम राष्ट्रपति एवं मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के नाम यूजीसी समता बिल लागू करने सहित उक्त पांच सूत्री मांगो का ज्ञापन जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी को सौंपा। धरना में आंबेडकर कल्याण छात्रावास, कपूर्री छात्रावास, कुशवाहा छात्रावास, पटेल छात्रावास, यादव छात्रावास, सुरी छात्रावास, धानुक छात्रावास सहित विभिन्न सामाजिक वर्गों के एडवोकेट दिनेश प्रसाद यादव, भरत चंद्रवंशी जिला परिषद, रतन बैठा, संजय पासवान, राजू पासवान अध्यक्ष भीम आर्मी, राजेंद्र साह, महेश्वर बैठा, सुनील कुमार, मुनिलाल राम, रणधीर कुमार, विक्की बौद्ध, राम जुलम सिंह कुशवाहा, जीवनाथ राम, उमेश पासवान, मनोहर सिंह, प्रेम पासवान, लक्ष्मण प्रसाद ,रामजनीश राम, फूल कुमारी देवी, बेगम शाहिदा खातून, सुरेश चौधरी, बेचन पटेल, विकास पासवान, शंभू पंडित, राहुल मंडल, प्रोफेसर योगेंद्र मंडल, जयनंदन मंडल, बबलू शर्मा, गणेश शर्मा, बृजेश महतो, धनंजय साहनी आदि उपस्थि थे।

# चकिया में पुलिस व अपराधियों में हुई मुठभेड़ में दो अपराधी ढेर, एक एसटीएफ जवान शहीद

## एक कार्बाइन, दो पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस तथा 17 खोखा बरामद

**मोतिहारी/चकिया(एन एस बी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिहोरवा गांव स्थित मठ के निकट एक घर में मंगलवार को रात्रि करीब दो बजे पुलिस व अपराधी में मुठभेड़ हुई जिसमें दो कुख्यात अपराधी ढेर हो गया जबकि एक एसटीएफ के जवान शहीद हो गए। साथ ही अपराधी के मित्र घटना वाले घर के दो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक कार्बाइन,दो पिस्टल,दो कट्टा,पांच जिंदा कारतूस तथा 17 खोखा बरामद किया। इस घटना से आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है।

घटना के बाद पुलिस ने उस एरिया को नाकाबंदी कर छानबीन शुरू कर दी। शहीद एसटीएफ जवान की पहचान श्री राम कुमार यादव के रूप में हुई है। वहीं मुठभेड़ में मारे गए अपराधी की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के बुलाचक गांव निवासी फुदेना ठाकुर के पुत्र कुंदन ठाकुर व उस गिरोह के मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज थाना क्षेत्र के बसतपुर गांव निवासी संजय दुबे के पुत्र प्रियांशु कुमार उर्फ प्रियांशु दुबे के रूप में हुई है। कुख्यात अपराधी कुंदन ठाकुर के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज है। जिसमें चकिया थाना में कांड संख्या 210ध्19, 183ध्20, 359ध्24 व नगर थाना मोतिहारी में कांड संख्या 227ध्22 तथा मुजफ्फरपुर जिला के राजेपुर थाना में कांड संख्या 794ध्25 सहित अन्य मामले दर्ज है।

वहीं गिरप्तार घर मालिक की पहचान उज्वल कुमार पिता संत कुमार तिवारी व संत कुमार तिवारी पिता केसर तिवारी के रूप में हुई है। घटना के उपरांत आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचे डीआइजी हरिकिशोर राय व एसपी स्वर्ण प्रभात ने घटना का सूक्ष्मता से जायजा लिया व पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ हीं उस घर की शील कर दिया गया।


शहीद के शव को लें जाते डीआईजी व एसपी।


सलामी देते जवान।

मौके पर पहुंची एफएसएल की टीम ने करीब नौ घंटा बारीकी से हर पहलू पर जांच किया व सैंपल इकठ्ठा कर लेते गए। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने जानकारी देते हुए बताया कि कुख्यात अपराधी कुंदन ठाकुर ने पुलिस मुठभेड़ की धमकी अपर थाना अध्यक्ष को मोबाइल पर दी थी।जिसका अडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस कुंदन ठाकुर को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछा रही थी। सोमवार को रात्रि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुंदन ठाकुर उक्त गांव में अपने मित्र के घर में है।

एसटीएफ व पुलिस उसे उस घर से गिरफ्तार करने पहुंची। जिसमें कई थानों की पुलिस अधिकारी व पुलिस बल मौजूद थी। वहां पहुंचते ही पुलिस ने उस घर को चारों तरफ से घेर लिया व अपराधी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। इसी बीच छत पर चढ़ रहे एक एसटीएफ जवान पर घर में मौजूद अपराधियों ने गोली चला दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने शहीद बता दिया। इसी क्रम में वहां मौजूद एसटीएफ, पुलिसकर्मी ने जवाब फायरिंग की।

दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। जिसमें दो अपराधी मारे गए। घर के मालिक पिता व पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों ने करीब 20 राउंड फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाब में गोली दागे। पुलिस ने अपराधी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के मोतिहारी भेज दियास

## कुंदन ने अपर थाना अध्यक्ष को पुलिस मुठभेड़ की दी थी धमकी, अडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**चकिया।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुख्यात अपराधी कुंदन ठाकुर ने पुलिस मुठभेड़ की धमकी अपर थाना अध्यक्ष को मोबाइल पर दी थी।जिसका अडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पुलिस कुंदन ठाकुर को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछा रही थी। सोमवार को रात्रि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुंदन ठाकुर उक्त गांव में अपने मित्र के घर में है। एसटीएफ व पुलिस उसे उस घर से गिरफ्तार करने पहुंची। जिसमें कई थानों की पुलिस अधिकारी व पुलिस बल मौजूद थी। वहां पहुंचते ही पुलिस ने उस घर को चारों तरफ से घेर लिया व अपराधी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। इसी बीच छत पर चढ़ रहे एक एसटीएफ जवान पर घर में मौजूद अपराधियों ने गोली चला दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने शहीद बता दिया। इसी क्रम में वहां मौजूद एसटीएफ, पुलिसकर्मी ने जवाब फायरिंग की।

दोनों तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। जिसमें दो अपराधी मारे गए। घर के मालिक पिता व पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों ने करीब 20 राउंड फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाब में गोली दागे। पुलिस ने अपराधी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के मोतिहारी भेज दिया।

## सुगौली की छात्रा रोशनी ने बनाया सुरक्षा का कवच, मिला राष्ट्रीय सम्मान

**सुगौली(एन एस बी)।** प्रखंड के उच्च मध्य विद्यालय भटहां की छात्रा रोशनी कुमारी को इंस्पायर आवार्ड का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पुरस्कार प्राप्त कर रोशनी अपने विद्यालय व परिवार एवं गांव का मान बढ़ाते हुए सुगौली का नाम रौशन किया है। इसको लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। इस कामयाबी पर विद्यालय के शिक्षक व छात्रों ने हर्ष जताया।

रोशनी प्रखंड के भटहां निवासी पत्रकार वीरेन्द्र कुमार गुप्ता की पुत्री है। जो वर्ग 9 की छात्रा है। जिन्होंने इस चयन में भाग ली थी। इसको लेकर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक बैठा, शिक्षक नीतीश तिवारी, अभय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह मेरे विद्यालय के लिए गर्व की बात है कि मेरे विद्यालय की छात्रा प्रतिष्ठित पुरस्कार पाकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन की है। जिनके उज्जवल भविष्य की कामना है। शिक्षकों ने बताया कि इंस्पायर आवार्ड मानक भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित एक बेहद महत्वपूर्ण योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों के भीतर छिपी वैज्ञानिक प्रतिभा और रचनात्मक सोच को निखारना है। रोशनी को यह अवार्ड मिलना बहुत गर्व की बात है। इसका मतलब है कि उनके वैज्ञानिक विचार को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

यह उन्हें भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए बहुत प्रेरित करेगास रोशनी ने बताया कि हमारे देश में आजकल चोरी की समस्या बहुत अधिक बढ़ गई गई है। लोगों के घरों तथा अनेक जगहों जैसे फैक्ट्री, कंपनी बैंक आदि जगहों पर सिक्योरिटी रहने के बावजूद भी चोरी हो जाती है। इन सभी समस्याओं का निवारण करने के लिए मैंने एक प्रोजेक्ट बनाया था।

जिसमें हमारे घर, बैंक, कंपनी आदि जगहों पर चोर चोरी करने जाएंगे तो उसके अगल-बगल में लगे सेंसर के कारण अलार्म बजेगा तथा लाइट जलने लगेगा। जिससे हमें पता चल हमारे घर में कोई आ रहा है। इस प्रोजेक्ट से हम सीर्फ अपने घरों, फैक्ट्रियों , बैंकों आदि जगहों के अलावा इस अपने बर्डर की भी सुरक्षा कर सकते है ताकि कोई भी आतंकवादी हमारे देश में न आ पाए।

## आवास योजना व स्वच्छता कार्यों की समीक्षा

**मोतिहारी(एन एस बी)।** डा. राधाकृष्णन सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में आवास योजनाओं एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यो की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, आवास पर्यवेक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान विकास आयुक्त डा. प्रदीप कुमार, जिला भूअर्जन पदाधिकारी अरुण कुमार तथा डीआरडीए निदेशक जयराम चौरसिया भी उपस्थित थे।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं आवास प्लस सर्वे-2024 के तहत डिलीशन मड्यूल, एग्री विथ रिकमेंडेशन और रिचेकिंग कार्यो की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लंबित स्वीतियों, रिमांड मामलों और अधूरे आवासों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिएस स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि के भुगतान, स्वच्छता कर्मियों के मानदेय, लंबित जियोटैगिंग तथा डोर-टू-डोर कचरा उठाव की स्थिति पर भी चर्चा हुई। साथ ही अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों और वाहनों की कार्यक्षमता तथा क्ब्दै ऐप पर ग्रामीण परिवारों के डाटा एंट्री की प्रगति की समीक्षा की गई।


बैटक में उपस्थित अधिकारी।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं और लंबित कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करें। बैठक में स्वच्छता समन्वयक, जिला सलाहकार एवं डीआरडीए के कर्मी भी उपस्थित रहे।

## पैक्स चुनाव आज प्रशासनिक तैयारी पूरी

**अरेराज(एनएसबी)।** अरेराज के ममरखा भैया टोला पंचायत के पैक्स चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। पोलिंग पार्टी को बूथ पर रवाना कर दिया गया है। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ आदित्य नारायण दीक्षित ने बताया 18 मार्च को होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर चार बूथ बनाए गए हैं।बूथ पर एक पीसीसी मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। जहां तीन महिला फोर्स और एक पुरुष बल तैनात रहेंगे।वहीं 2163 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाची पदाधिकारी श्री दीक्षित ने बताया कि वोटरों को डराने और धमकाने वाले असामाजिक तत्वों को बक्सा नहीं जाएगा। उनके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पैनिक होकर अनावश्यक बुकिंग नहीं करें उपभोक्ता : जिलाधिकारी

### जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था सामान्य

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में मोतिहारी समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी विजय बहादुर सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा सहित 50 से अधिक मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 115 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 31, इंडेन गैस की 56 और भारत गैस की 28 एजेंसियां शामिल हैं। जिले में कुल उपभोक्ताओं की संख्या 11,42,619 है। 28 फरवरी 2026 से पहले जिले में औसत दैनिक आपूर्ति 19,195 सिलेंडर थी, जबकि वर्तमान में 18,572 सिलेंडर प्रतिदिन वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ सिलेंडरों की आपूर्ति लंबित है, जिसे अगले दो से ढाई दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

प्रशासन ने आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम (06252-242418) स्थापित किया है, जो प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक संचालित हो रहा है। संवेदनशील गैस एजेंसियों की पहचान कर वहां पुलिस बल की तैनाती की गई है, जबकि प्रखंड स्तर से लेकर अनुमंडल स्तर तक अधिकारी लगातार निरीक्षण और स्टक की जांच कर रहे हैंस कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिनमें एक मोतिहारी और दूसरा पकड़ीदयाल अनुमंडल से संबंधित है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 98़5 प्रतिशत मांग घरेलू गैस की है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे घबराकर अनावश्यक बुकिंग न करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को देने का आग्रह किया गया है, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।


पत्रकारों को सम्बोधित करते डीएम व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### दस हजार रुपए रिश्वत लेते प्रधान लिपिक को निगरानी ने दबोचा

**कल्याणपुर।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर मे मंगलवार को निगरानी अन्वेशन ब्यूरो पटना के द्वारा 10हजार रिश्वत लेते प्रधान लिपिक रवि चतुर्वेदी को रंगे हाथो गिरफ्तार किया।मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र मे पदास्थापित चतुर्थ वर्गीय कर्मी भरत ठाकुर जो सेवा निवृत हो चुके थे ।उनसे उनके भविष्य निधि के 20लाख रूपये निकासी के लिए उनसे प्रधान लिपिक द्वारा 2 प्रतिशत रिश्वत की मांग की जा रही थी । भरत ठाकुर ने हस्पिटल प्रभारी सहित कई लोगों को इसकी जानकारी दिया।प्रभारी के द्वारा कुछ ले देकर कार्य कराने की बात कही गई ।जिसके बाद ठाकुर द्वारा निगरानी विभाग पटना को एक माह पूर्व मामले में शिकायत दर्ज कराया गया था ।जिसके बाद निगरानी विभाग की टीम ने जाल विछाकर मंगलवार को ठाकुर द्वारा प्रधान लिपिक रवि चतुर्वेदी को 10हजार रुपया देकर निगरानी ने रंगे हाथो गिरफ्तार कर लिपिक को अपने साथ ले गए।छापेमारी टीम का नेतृत्व विकाश कुमार श्रीवास्तव निगरानी डीएसपी पटना के साथ छह कर्मी मौजूद थे ।वही निगरानी की छापेमारी की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग मे अफरा- तफरी का माहौल देखने को मिला।

### 19 वर्षीय अज्ञात शव की पहचान

**कल्याणपुर।** थाना क्षेत्र के चकिया-केसरिया पथ पर कैथवलिया स्थित सिंधिया चिमनी के समीप खेत में मिले 19 वर्षीय अज्ञात शव की पहचान कर ली गई है। मृतक की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र के सिरसिया महारानी निवासी छबीला यादव के पुत्र छोटू कुमार 19 वर्ष के रूप में हुई है।शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई थी। थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक मृतक के परिजनों की ओर से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।आवेदन मिलने के बाद ही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बताया जा रहा है।

### 55 हजार नकद समेत लाखों का सामानों की चोरी

**पहाड़पुर (एन एस बी)**थाना क्षेत्र के मिश्राइन टोला चौक स्थित एक किराना दुकान में बीती रात चोरों ने धावा बोलते हुए बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोर शटर का ताला काटकर दुकान में घुसे और नगद सहित भारी मात्रा में सामान लेकर फरार हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित दुकानदार संजय कुमार सिंह की दुकान को निशाना बनाया गया। चोरों ने देर रात वारदात को अंजाम देते हुए करीब 55 हजार रुपये नकद के साथ रजनीगंधा, सिगरेट व अन्य महंगे सामान चोरी कर लिए। दुकानदार ने कुल नुकसान लाखों रुपये में बताया है।सोमवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मौके का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की पहचान में जुटी है।घटना के बाद क्षेत्र के व्यवसायियों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्ती तेज करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### कल्याणपुर में मेगा जॉब कैम्प का आयोजन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिले के मोतिहारी स्थित कल्याणपुर प्रखंड परिसर में मंगलवार को जिला नियोजनालय द्वारा एक दिवसीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला (मेगा जब कैम्प) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कल्याणपुर के विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह ने किया। इस मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि ऐसे रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, उन्हें रोजगार के अवसरों से जोड़ना और नियोक्ताओं व नौकरी चाहने वालों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में ऐसे मेले प्रखंड स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने असंगठित क्षेत्र में बढ़ते रोजगार अवसरों का लाभ उठाने पर जोर दिया। मेले में कुल 13 नियोजकों ने भाग लिया और 1072 रिक्तियां उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान 980 युवक-युवतियों ने भाग लिया, जिनमें से 505 बायोडाटा प्राप्त हुए। प्रारंभिक चरण में 175 अभ्यर्थियों को शर्टलिस्ट किया गयास इसके अलावा 515 युवाओं का एनसीएस पोर्टल पर निबंधन किया गया तथा केवाईपी सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त 12 अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। चयनित अभ्यर्थियों का अंतिम परिणाम 15 कार्य दिवसों के भीतर जारी किया जाएगा।

### आयुर्विधा कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न

**मोतिहारी(एन एस बी)।** राज्य आयुष समिति बिहार पटना के दिशा निर्देश एवं जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी के मार्गदर्शन में राजकीय मध्य विद्यालय केसरिया,राजकीय मध्य विद्यालय नागदाहा अरेराज एवं जयप्रभा प्रोजेक्ट प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय तथा पहाड़पुर में आयुर्विधा कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। ड विनोद कुमार शर्मा नोडल पदाधिकारी ड प्रदीप कुमार मिश्रा, डक्टर शशिकला कुमारी, ड राजीव कुमार पांडे, डक्टर गरिमा कुमारी, डक्टर अजहर आलम द्वारा दिनचर्या,ऋतुचार्य, योग एवं औषधियां पौधे की जानकारी सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को दी गई सभी विद्यालय में औषधि पौधे का रोपण डक्टर जनार्दन प्रसाद सिंह जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सक तथा प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा की गई।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**पहाड़पुर( एन एस बी)** थाना अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक मारपीट कांड का आरोपी तथा दो वारंटी शामिल हैं। सभी को मंगलवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, विभिन्न कांडों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार व्यक्तियों में सरेया चितहा गांव निवासी वीरा राम के पुत्र शंकर राम (वारंटी), सरेया मिश्राइन टोला निवासी स्व़ अकलु साह के पुत्र बनु साह (वारंटी) तथा बनकटवा गांव निवासी स्व़ ढोरा साह के पुत्र खूबलाल साह (मारपीट के आरोपी) शामिल हैं। सभी आरोपी पहाड़पुर थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं।इस कार्रवाई में पुलिस टीम के अन्य अधिकारी एवं जवान भी शामिल रहे। थाना अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### पीपराकोठी में दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण शुरू

**पीपराकोठी।** भारतीय षि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना और षि विज्ञान केंद्र, पीपराकोठी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को एक दो दिवसीय षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। यह कार्यक्रम षि विज्ञान केंद्र में ष्फसल विविधीकरण के माध्यम से उत्पादन वृद्धि एवं सतत षि विषय पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें लगभग 33 किसानों ने भाग लिया, जिनमें 4 महिला किसान भी शामिल हैंस इस परियोजना के प्रधान अन्वेषक और फसल अनुसंधान प्रभाग के अध्यक्ष ड़ संजीव कुमार ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने फसल विविधीकरण के महत्व और इसके विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। ड. कुमार ने बताया कि पारंपरिक षि प्रणाली में फसल विविधीकरण को शामिल करने से उत्पादकता के साथ-साथ किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने समेकित षि प्रणाली के आँकड़ों के माध्यम से इसके लाभों को समझायास षि विज्ञान केंद्र प्रमुख ड़ अरविंद कुमार सिंह ने किसानों को उन्नत फसल उत्पादन तकनीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता प्रबंधन के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया। ड़ सिंह ने फसल विविधीकरण में उद्यानिकी फसलों को शामिल करने पर विशेष जोर दियास पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के वैज्ञानिक और सह-अन्वेषक ड़ अभिषेक कुमार ने जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में फसल विविधीकरण और षिवानिकी की उपयोगिता समझाई। उन्होंने किसानों से इसे अपने क्षेत्र में अपनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर भारतीय षि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक ड़ अनुप दास ने एक संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण वर्तमान समय की आवश्यकता है, जो प्रातिक संसाधनों के संरक्षण, जोखिम को कम करने और किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित कर सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### 26 मार्च को माँ कात्यायनी स्थान महारस से निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा।



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के घोरदौर स्थित हनुमानजी मंदिर प्रांगण में रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अमेरिकन कुमार ने की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 26 मार्च को प्रातः 10 बजे माँ कात्यायनी स्थान महारस से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में युवा क्रांति के राष्ट्रीय संरक्षक खगेश कुमार ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, वहीं प्रखंड अध्यक्ष पंकज निगम ने विधि-व्यवस्था को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाने के लिए 50 वॉलेंटियर तैनात किए जाएंगे, जो भीड़ नियंत्रण का कार्य संभालेंगे। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष शोभायात्रा पहले से अधिक भव्य होगी। इसमें लगभग 50 घोड़े, रथ, करीब एक हजार मोटरसाइकिल, 25 चारपहिया वाहन, 5 साउंड सिस्टम, कर्कधूम बैंड पार्टी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। यह शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से निकाली जाएगी। बैठक में अमरथ कुमार, मुखिया मुकेश शर्मा, दिनेश तांती, नरेश कुमार, रामचंद्र रजक, विक्का रजक, कृष्णा कुमार, संजय साह, संतोष कुमार, रामलखन साह, शिद्धान्त चैपाल, रंजन कुमार एवं इंद्रदेव कुमार समेत कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

### गैस सिलेंडर आने के बाद एजेंसी में उपभोक्ताओं का भीड़



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड स्थित जय माँ भगवती ग्रामीण वितरक एजेंसी में मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। वितरण प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। एजेंसी के कर्मी विनोद पासवान ने बताया कि आज गैस सिलेंडरों की खेप पहुंची है और इसे उपभोक्ताओं के बीच नियमानुसार वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई दिनों से लोग गैस सिलेंडर का इंतजार कर रहे थे, ऐसे में सिलेंडर आने से लोगों को काफी राहत मिली है। वितरण के दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी परिसर में पहुंचे, लेकिन पुलिस की निगरानी में सभी को कतारबद्ध तरीके से सिलेंडर दिया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और एजेंसी की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें बिना किसी परेशानी के गैस मिल सका और समय की भी बचत हुई।

### सोहा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** सोनवर्षा नगर क्षेत्र के सोहा ग्राम में बीते एक सप्ताह से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का मंगलवार को दर्जनों श्रद्धालूओ द्वारा सामुहिक हवन के साथ ही समापन हो गया।इस दौरान शाम में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। हवन में शामिल जजमान विश्वजीत सिंह दंपत्ति के साथ दर्जनों महिला पुरुष श्रद्धालूओं द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ पंचगवों की आहुति दिया गया। हवन के खुशबू जिससे चारों दिशाएं शुद्ध हो गई।हवन के उपरांत यज्ञ स्थल पर सुरक्षित रखे गए जल भरें कलश नारियल को पूरे ढोल नगाडे के साथ विसर्जन हेतू तिलाबें नदी ले जाया गया। बीते 10 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ किया गया था। आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भगवद्गीता में वृन्दावन से आई उमाशक्ति द्वारा बुधवार से सांय 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रवचन दिया गया।प्रवचन के आखिरी दिन कथा वाचिका ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता पर चर्चा करते हुए कहा की उन दोनों की मित्रता ऐसी थी की उसकी चर्चा युग युगों तक होती रहेगी। इसलिए मित्रता अगर करनी ही है तो श्रीकृष्ण सुदामा की तरह करों ताकि तुम्हारी मित्रता को लोग युगों तक याद करें।

### काशनगर थाना पुलिस ने ईद पर्व को लेकर पालरही में किया शांति समिति की बैठक



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** काशनगर थाना पुलिस ने कोपा पंचायत स्थित पालरही के अंजार आलम के दरवाजे पर मंगलवार को ईद उल फितर पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष बजरंगी कुमार द्वारा की गई। जिसमे क्षेत्र के दर्जनों गणमान्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रशासन ने नमाज स्थलों की सुरक्षा, साफ-सफाई, निर्बाध बिजली, और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस गश्त और वीडियोग्राफी की व्यवस्था करने की अपील की गई। मौके पर थानाध्यक्ष बजरंगी कुमार ने संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, अफवाह या भड़काऊ पोस्ट डालने वालों पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी,बाजार क्षेत्रों में भीड़ को देखते हुए भारी वाहनों के लिए ह्लनो-एंट्रीह्ल लागू करने करने की बात बताते हुए सभी समुदायों से मिलकर त्योहार मनाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया गया। मौके पर दिलशाद अहमद, मो रियाज, मो मुस्तफा, शमशाद आलम, मो निजाम, समीर हाफिजी समैत अन्य कई गणमान्य मौजूद थे।

### पुराने तार को बदलकर नया 33 हजार तार लगाने से विद्युत की आपूर्ति होगी निर्बाध।



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सहरसा के अंतर्गत 33/11 के भी विद्युत शक्ति उप केंद्र नौहट्टा के 33 हजार पुराना तार को बदलकर नया तार लगाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही जिस जगह पर पोल की आवश्यकता है उस जगह पर पोल भी लगाया जा रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रहेगी एवं किसी भी प्रकार का कोई समस्या नहीं होगी। साथ ही प्रखंड नवहट्टा में बरसात के दिनों में ब्रेकडाउन होने की संभावना अधिक बनी रहती है जिससे उपभोक्ताओं को समय पर विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाती है पुराने एवं जर्जर तार को बदलकर नया तार लगाने से विद्युत की आपूर्ति सुचारू होगी।इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता अमित कुमार ने उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि दिनांक 18से 28 मार्च तक 33/11 के भी विद्युत शक्ति उप केंद्र नौहट्टा तक विद्युत आपूर्ति सुबह 06 बजे से सुबह के 10 बजे तक बंद रहेगी। विद्युत कार्यपालक अभियंता सहरसा के द्वारा उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पहले ही बिजली से संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लें ताकि किसी भी परेशानी का सामना न करना परे।

### व्यापार संस्थान के गिफ्ट सिटी परिसर की स्थापना



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** शांडिल्य ने भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के गिफ्ट सिटी परिसर की स्थापना, अनुमोदन प्रक्रिया और वर्तमान संचालन को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त अभिलेखों, सार्वजनिक दस्तावेजों तथा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट के अध्ययन में घोषित दावों और वास्तविक स्थिति के बीच स्पष्ट अंतर सामने आता है। उन्होंने कहा कि जहां सार्वजनिक रूप से परिसर के वर्ष 2023 से संचालित होने की बात कही गई, वहीं उपलब्ध नियामकीय अभिलेख इसके औपचारिक अनुमोदन को वर्ष 2025 में दशार्ते हैं। इससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं। इसके अतिरिक्त, परिसर में सीमित शैक्षणिक संसाधन, फैकल्टी और आधारभूत संरचना को लेकर भी चिंताएं जताई गई हैं। लगभग 25 लाख फीस वाले इस राष्ट्रीय महत्व के संस्थान से उच्च स्तरीय शैक्षणिक गुणवत्ता की अपेक्षा जताते हुए स्वराज शांडिल्य ने कहा कि यदि तथ्यों में अंतर सही पाया जाता है तो यह गंभीर विषय है। उन्होंने इस मामले में पारदर्शिता, जवाबदेही और स्वतंत्र जांच की आवश्यकता पर जोर दिया है।

# कोशी रेंज के डीआईजी कुमार आशीष सदर थाना पहुंच पीड़ित से किया बातचीत

## सदर थाना अध्यक्ष सहित पुलिस कर्मियों का लिया क्लास

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** हेलो, सदर थाना से बड़ा बाबू बोल रहे हैं। क्या हुआ है। जवाब-लड़की स्कूल से गायब हो गई है। मेरी बच्ची स्कूल गई थी। स्कूल में दूसरे लड़के उसको मिलने का समय दिया था। दिन के 2 बजे स्कूल से निकलने का समय था। लड़का का भी और लड़की का भी। उसी समय से लड़की गायब है। बड़ा बाबू-घटना अपने 14 मार्च का दिखाया है। पीड़ित-जी, सामाजिक स्तर से खोजबीन कर रहे थे। लेकिन बच्ची का कहीं कोई पता नहीं चला। इसी के वजह से शिकायत देने में देर हो गई थी। बड़ा बाबू-पुलिस गई आपके यहां। पीड़ित-जी नहीं, आज ही शिकायत दिए है। बड़ा बाबू-कितने बजे शिकायत दिए थे। पीड़ित-जी, डेढ़ बजे शिकायत दिए थे। उस दौरान डीआईजी सदर थाना के बड़ा बाबू और पीड़ित की बातचीत को चुपचाप सुन रहे थे। फिर फोन कट करते ही वे थानाध्यक्ष सहित मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों पर बिफर पड़े। सभी का जम कर क्लास लगाया। जिसके बाद उन्होंने कहा-क्या चल रहा है। क्या कर रहे हैं आप लोग। क्या बोला, पुलिस वाला अब तक नहीं पहुंचा है। क्यों, पुलिस के पहुंचने में देरी हुई है। जिसका कोई जवाब मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी को नहीं मिल रहा था। सभी बगले झांक रहे थे। मौका था अचानक मंगलवार को सदर थाना पहुंचे कोसी रेंज के डीआईजी कुमार आशीष के नए फार्म का। जिसमें वे मंगलवार को ही सदर थाना में दिए गए शिकायत पंजी को देखा। जिसमें पहला शिकायत स्कूल से बच्ची के गायब होने की दिखी थी। जिस पर उन्होंने बड़ा बाबू को पीड़ित के परिजनों से बातचीत करने की हिदायत दी थी। फिर बड़ा बाबू पीड़ित के परिजन को फोन लगाया था। जिस बातचीत के बाद डीआईजी पुलिस की गश्ती और उसकी सतर्कता पर बिफर पड़े। उन्होंने थाना की अन्य कई पंजी का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने की हिदायत दिया था। वहीं जेल में बंद कैदियों की गतिविधियों पर भी नजर रखने की हिदायत दिया। साथ ही नशे के कारोबारी, उनके उत्पादन, बिक्री और परिवहन पर भी लगातार सख्ती बरतने की हिदायत दिया उन्होंने थाना पहुंचने वाले फरियादियों की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने का सख्त निर्देश जारी किया था। इससे पूर्व वे सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का भी औचक मासिक निरीक्षण किया था। जिसमें लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन करने, संज्ञेय मामलों पर सतर्कता बरतने उसके त्वरित निष्पादन सहित अन्य कई हिदायत दिए थे। मौके पर एसपी हिमांशु, सदर एसडीपीओ आलोक कुमार, साइबर डीएसपी अजीत कुमार, सदर थाना अध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



सदर थाना में बात चीत करते डीआईजी।

# एनडीए के पांचों राज्यसभा उम्मीदवारों की जीत पर भाजपा में उत्साह, जिलाध्यक्ष ने दी बधाई



जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार से राज्यसभा चुनाव में एनडीए के सभी पांचों प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचित होने पर भाजपा जिला इकाई ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और इसे एनडीए की एकजुटता की जीत बताई।जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों के नामों की घोषणा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।जिसमें भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिवेश कुमार, रामनाथ ठाकुर एवं उपेंद्र कुशवाहा शामिल है। जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि इन अनुभवी नेताओं के राज्यसभा जाने से बिहार के विकास की गति को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक बल मिलेगा।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह और जिला प्रवक्ता अभिषेक पाण्डेय सहित जिला स्तर के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जीत की खुशी व्यक्त करने वालों में जिले के सभी 19 मंडलों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष शामिल हुए। जिनमें मंडल अध्यक्ष मनोरंजन चैधरी, अजय चैधरी, वीर अभिमन्यु, रूद्रानंद सिंह, श्री कृष्ण झा, किशोर साह, कृष्णा साह, शालिग्राम मिश्र, रमेश कुमार गुड्डू, रमेश सिंह, अनिल यादव, विष्णुदेव मुखिया, सुमित यादव, सोनू गुप्ता, मनोज साह, महेश झा,आशीष गुप्ता सहित इसके साथ ही सभी 19 मंडलों के उपाध्यक्ष एवं अन्य जिला पदाधिकारी भी इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बने। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार निरंतर प्रगति कर रहा है और यह जीत आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह भरने वाली है।

# 32 एलपीजी गैस आपूर्तिकर्ता के साथ डीएम ने की बैठक

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में जिलांतर्गत समेकित रूप से कार्यशील 32 एलपीजी गैस आपूर्तिकर्ता के साथ आयोजित बैठक के दौरान समीक्षा की। निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के दृष्टिगत सभी प्रखण्ड में एलपीजी गैस वितरण के सुचारु संचालन सुनिश्चित करने निमित उक्त कार्य के सतत पर्यवेक्षण, से संबंधित प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन, संवेदनशील स्थलों पर निरंतर चैकसी हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता श्री निशांत, अपर समाहता संजीव कुमार चैधरी, अपर समाहर्ता गणेश कुमार, सिविल सर्जन सहित संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

वही दुसरी ओर श्री कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण, पशुपालन कार्यालय, मत्स्य कार्यालय, स्वास्थ्य कार्यालय, जिला पंचायती राज विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति, न्यायिक मामलों के वर्तमान निष्पादन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने एवं लंबित न्यायिक मामलों को यथाशीघ्र



बैठक में अधिकारियों निर्देषत करते डीएम।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम व इफ्तार पार्टी भी होगा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा के विधायक इंजीनियर इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता के सम्मान में बुधवार को एक भव्य नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक पूजा हॉल,जिला परिषद् प्रांगण, डीबी रोड में आयोजित होगा। इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ धनोज कुमार ने बताया कि यह समारोह सहरसा विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक-राजनीतिक संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, युवा तथा आम नागरिक भाग लेंगे।कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 2 बजे से 5 बजे तक नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमे विधायक इंजीनियर इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता को जनता की ओर से सम्मानित किया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि विधायक बनने के बाद यह उनका पहला भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह है, जिसमें सहरसा जिले के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं एवं समर्थन प्रदान करेंगे।आयोजन समिति ने सभी गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं तथा आम जनता से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समारोह को सफल बनाएं।



विधायक सहरसा।

# 20 से 26 मार्च तक भव्य रामकथा के आयोजन में सहरसा के सैकड़ों अनुयायी होंगे शामिल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** इस वर्ष उत्तरतोताद्रिमठ विभीषण कुंड अयोध्या उत्तर प्रदेश के उत्तराधिकारी एवं श्रीशिव शक्ति योगपीठ के पीठाधीश्वर श्रीमज्जगतगुरु रामचंद्राचार्य परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज का पावन जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ बेगूसराय जिले के बलिया प्रखंड स्थित पीडीएसके महाविद्यालय,सदानंदपुर में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन 27 मार्च को प्रभु श्रीराम जी के प्राकट्योत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित होगा। जिसमें हिंदू नववर्ष का भी उल्लासपूर्वक स्वागत किया जाएगा।जन्मोत्सव से पूर्व 20 मार्च से 26 मार्च तक भव्य रामकथा का आयोजन किया जाएगा।जिसमें श्रद्धालुओं को स्वामी जी के श्रीमुख से रामकथा श्रवण का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। यह धार्मिक अनुष्ठान भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति का विशेष केंद्र बनेगा।कार्यक्रम की शुरूआत 20 मार्च की प्रातः भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। इस अवसर पर देश-विदेश से हजारों भक्तों के आगमन की संभावना है। सहरसा से भी उत्सव समिति के तत्वावधान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेने के लिए तैयार हैं।जन्मोत्सव कार्यक्रम को और भव्य बनाने हेतु विश्व प्रसिद्ध कलाकार भजन सम्राट हिमांशु मोहन मिश्र अपने मधुर भजनों से भक्तों को भाव-विभोर करेंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश के पंडित अखिलेश चंद्र उपाध्याय तथा बनारस की मानस विदूषी हीरामणि दीदी अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करेंगी। यह संपूर्ण आयोजन यज्ञ समिति बलिया के तत्वावधान एवं श्री शिव शक्ति योगपीठ के संरक्षण में संपन्न होगा। इस भव्य धार्मिक आयोजन की जानकारी उत्सव समिति के सदस्य ज्योति कुमार सिंह के द्वारा दी गई।यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि समाज में आध्यात्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक एकता को भी सुदृढ़ करेगा।



बैठक में कमिटी के सदस्य।

# कोसी साहित्योत्सव सह हरिशंकर श्रीवास्तव 'शलभ' स्मृति साहित्य सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में शशि सरोजनी रंगमंच सेवा संस्थान द्वारा स्थानीय देव रिजॉर्ट में कोसी साहित्योत्सव सह हरिशंकर श्रीवास्तव 'शलभ' स्मृति साहित्य सम्मान समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य कुमार ज्योतिवर्धन, अधिवक्ता अशोक कुमार वर्मा, विष्णु स्वरूप एवं शिक्षक सुबोध लाल दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलन कर किया। जबकि अध्यक्षता डॉ. रमन झा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ व उद्बोधन समारोह की शुरूआत सोनी कुमारी व सुंदरम प्रजापति के स्वागत गीत से हुई। संस्थान सचिव वंदन वर्मा के संचालन में चले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि साहित्य समाज को दिशा प्रदान करता है तथा युवाओं को साहित्य से जोड़ना समय की मांग है। इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार रामचैतन्य धीरज की पुस्तकें 'विज्ञान का दर्शन, दर्शन का विज्ञान' एवं 'एसेंस ऑफ माइंड' (लॉन्ग पोएम) का विमोचन भी किया गया।व्याख्यान सत्र व सम्मान वितरण चार सत्रों वाले कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता रामचैतन्य धीरज ने अपने विचार रखे, जबकि वरिष्ठ आलोचक व इतिहासकार डॉ. भगवान प्रसाद सिन्हा ने कहा कि लेखक व पाठक के बीच संवेदनात्मक संबंध आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि साहित्य समाज से निर्मित होता है तथा समाज साहित्य से नई चेतना ग्रहण करता है। प्रेम को समाज से जोड़ने पर परिवर्तनकारी शक्ति उत्पन्न होती है। हरिशंकर श्रीवास्तव 'शलभ' साहित्य शिखर सम्मान 2026 वरिष्ठ साहित्यकार ध्रुव गुप्त को प्रदान किया गया। सम्मान में संजय कुमार कुन्दन, अनिल विभाकर व नीरज देइया सम्मानित हुए। आजीवन उपलब्धि सम्मान रामचैतन्य धीरज, अनिल पतंग व सुबोध कुमार सुधाकर को मिला, जबकि पूनम लता सिन्हा स्मृति सम्मान डॉ. रूबी भूषण को दिया गया। कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तीसरे सत्र में ध्रुव गुप्त की अध्यक्षता व राजकिशोर राजन के संचालन में कवि सम्मेलन हुआ। जिसमें ध्रुव गुप्त, संजय कुमार कुन्दन, अनिल विभाकर, नीरज दइया, प्रेम किरण, शहंशाह आलम, डॉ. रूबी भूषण सहित अनेक रचनाकारों ने रचनाएं सुनाईं। डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने धन्यवाद दिया। चैथे सत्र में इबादत-ए-शाम ग्रुप के सूफी गायन, नीतू कुमारी के नेतृत्व में लोक नृत्य गोदना-झिझिया, अनन्या ठाकुर का कथक, प्राश्री-तनवी का युगल नृत्य व अन्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। पेंटिंग प्रदर्शनी भी आकर्षण बनी।आभार व योगदान कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदन वर्मा, कुंदन वर्मा, नरेंद्र कुमार टुनटुन, सुदर्शन कुमार, साकेत झा, आदिति प्रिया सहित अनेक ने योगदान दिया। यह आयोजन साहित्य प्रेमियों के लिए यादगार रहा। इस मौके सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते रहें।



संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलन करते अतिथि।

# भारत में पहली बार डिजिटल मोड में हो रही है जनगणना

### जनगणना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का डीएम ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ


अधिकारियो का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।



दीप प्रज्वलित करते डीएम सावन कुमार।

**सुपौल (एनएसबी)** । भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) से संबंधित जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियो का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला परिषद सुपौल के सभागार में सावन कुमार, जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल जनगणना अधिकारी, निदेशक एन0 ई0 पी0, निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जिला योजना पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुपौल, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर जिला जनगणना अधिकारी,जिला स्तरीय पदाधिकारी जिलांतर्गत सभी प्रखंडों एवं नगर निकाय (कुल 17 चार्ज), से चार्ज जनगणना अधिकारी ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी ने जनगणना कार्य की समयबद्धता एवं आंकड़ों की सटीकता पर विशेष ध्यान देने हेतु सभी प्रतिभागियों को निदेशित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी लेने पर बल दिया। उन्होंने सभी चार्ज जनगणना अधिकारी को निदेश दिया कि जनगणना से संबंधित सभी आनलाईन प्रक्रिया की जानकारी लैपटाप पर स्वयं प्राप्त कर लेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत के इतिहास में पहली बार जनगणना डिजिटल मोड में किया जाएगा, इसलिए यह प्रशिक्षण और भी महत्वपूर्ण है। विदित हो कि जनगणना 2027 का प्रथम चरण का कार्य दिनांक 02-05-2026 से 31-05-2026 तक प्रगणक द्वारा घर घर जाकर एंड्रयड मोबाइल के माध्यम से किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम जनगणना निदेशालय से आए प्रशिक्षक रमेश कुमार पाठक एवं अनिल कुमार द्वारा दिया जा रहा है । उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 19-03-2026 तक चलेगा।

# सिविल सर्जन ने राघोपुर रेफरल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था पर जताया संतोष

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में पहल करते हुए सिविल सर्जन डा बाबू झा ने मंगलवार को रेफरल अस्पताल राघोपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न इकाइयों का गहन जायजा लिया तथा वहां भर्ती मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीन स्थिति का जानकारी लिया।


निरीक्षण करते सीएस।

निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन ने परिवार नियोजन ऑपरेशन थिएटर, टीकाकरण केंद्र, एनसीडी कक्ष, ईसीजी, विजन सेंटर, डाक्टर कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, डिलेवरी वार्ड, प्रसव कक्ष, दवा वितरण काउंटर, एक्स-रे कक्ष एवं पैथोलजी सहित कई महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिवार नियोजन से जुड़े मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उपलब्ध सुविधाओं पर फीडबैक भी लिया। जानकारी देते पत्रकारों को डा झा ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई तथा अधिकांश डाक्टर अपने-अपने कार्य पर मौजूद थे। इमरजेंसी वार्ड में चार मरीज भर्ती मिले, जिनका समुचित इलाज किया जा रहा था। वहीं बंध्याकरण अपरेशन से जुड़े मरीजों से बातचीत के दौरान किसी प्रकार की शिकायत सामने नहीं आई। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा व्यवस्थाओं का संचालन संतोषजनक तरीके से किया जा रहा है।

हालांकि निरीक्षण के दौरान कुछ बुनियादी सुविधाओं की कमी भी सामने आई। सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल के इंफ्रास्ट्र र को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है, जिसके लिए संबंधित विभाग एवं सरकार को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा के अभाव का जिक्र करते हुए बताया कि इस दिशा में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और अगले दो महीनों के भीतर यह सेवा प्रारंभ होने की उम्मीद है।

उन्होंने यह भी कहा कि राघोपुर क्षेत्र से दो राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। ऐसी स्थिति में यहां ट्रामा सेंटर की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा ताकि गंभीर रूप से घायल मरीजों को त्वरित और बेहतर इलाज मिल सके।

अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम, पैथोलजी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर सख्ती बरतते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि ऐसे संस्थानों के खिलाफ नियमित छापेमारी के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय स्तर पर टीम गठित कर फर्जी संस्थानों की पहचान की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने आगे जानकारी दी कि अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना हो चुकी है और बहुत जल्द सिजेरियन आपरेशन की सुविधा भी शुरू कर दी जाएगी, जिससे क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर मातृ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। निरीक्षण के दौरान डा विपीन तिवारी, डा. मीनू गुप्ता, प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक नोमान अहमद समेत अस्पताल के कई चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# राघोपुर स्थित मेसर्स रत्ना इण्डेन ग्रामीण वितरक के द्वारा गड़बड़ी किए जाने पर गोदाम सील, की जा रही है कार्रवाई

### प्रेस कान्फ्रेंस कर डीएम-एसपी ने दी जानकारी, सुपौल में घरेलु गैस सिलेंडर की नहीं है कोई किल्लत

**सुपौल (एनएसबी)** । डीएम सावन कुमार एवं एसपी शरथ आर एस की संयुक्त अध्यक्षता में गैस सिलेंडर आपूर्ति की वर्तमान स्थिति के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है तथा आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय एवं सतर्क है। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें । सुपौल जिला अन्तर्गत ईण्डेन का 26 एचपी का 16 एवं भारत गैस का 09 कुल 51 एजेंसी कार्यरत है। जिसमें कुल उपभोक्ताओं की संख्या 5,10,823 है। संबंधित गेस मार्केटिंग कम्पनीयों के द्वारा सुपौल जिले में प्रतिदिन लगभग 5900 गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। जिसे उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों द्वारा प्रतिदिन बुकिंग के उपरान्त आपूर्ति किया जा रहा है।



प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल डीएम - एसपी।

जिला स्तरीय संयुक्त आदेश के द्वारा प्रखंड स्तर पर घरेलु गैस सिलेंडरों के उठाव-वितरण की निगरानी करने के लिए दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिले में गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने एवं कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष सहित सभी संबंधित अधिकारी और कर्मी निरंतर उठाव वितरण की निगरानी कर रहे हैं और अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। मेसर्स रत्ना इण्डेन ग्रामीण वितरक, प्रखंड राघोपुर के गोदाम पर अनियममितता पाये जाने के पश्चात प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, राघोपुर के द्वारा सील बन्द कर दिया गया है, तथा अग्रेत्तर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के प्रतिवेदनानुसार जिले के 51 गैस एजेंसियों में से 42 गैस एजेंसियों पर अभी गैस सिलेंडर उपलब्ध है, शेष 09 पर आज शाम तक गैस की आपूर्ति किये जाने की संभावना है।

गैस सिलेंडरों के कमी की अफवाहों के कारण उपभोक्ताओं में एलपीजी गैस सिलेंडर की मांग में असामान्य तेजी देखी जा रही है, जिस कारण कुछ वितरकों के पास अस्थायी रूप से स्टाक खत्म हो जा रहा है। जिसकी पूर्ति कुछ समय बाद ही हो जा रही है।

वर्तमान स्टाक और बटलिंग प्लांट से मिल रही आपूर्ति के आधार पर जिले में लगभग पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। तत्काल आपूर्ति संकट की संभावना नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। कहा जिले में गैस सिलेंडरों के उपलब्धता की स्थिति सामान्य है, घबराकर अधिक सिलेंडर लेने की आवश्यकता नहीं है।

समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल में घरेलु गैस सिलेंडरों के उठाव-वितरण के निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06473-224005 है।

अभी तक जिला नियंत्रण कक्ष को कुल 12 शिकायतें जानकारी प्राप्त करने हेतु कल प्राप्त हुआ है। सभी संबंधितों के शिकायतों का निष्पादन करा दिया गया है।

## खबरें : एक नजर में

### 17 वर्ष पहले घर से गायब हुई रिंकू कुमारी, हीना खातून बनकर लौटी गांव

#### थाना में आवेदन देकर गांव के तीन मुस्लिम लड़कों पर देह व्यापार व धर्म परिवर्तन कराने का लगाया आरोप

सुनिल

**पिपरा ।** थाना क्षेत्र के निर्मली वार्ड 1 से सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां 17 साल पहले अचानक गायब हुई दलित नवालीग लड़की रिंकु कुमारी अब हीना खातुन बनकर किसी तरह अपने घर लौटी है जिसके साथ एक छोटा बच्चा भी है। जिसकी दर्दनाक कहानी सुनकर लोगों के रोंगटे खडे हो गए हैं, रिंकू से हिना बन चुकी महिला अब अपने साथ हुई अत्याचार की दर्दनाक कहानी को लेकर पुलिस प्रशासन के चौखट पर पहुँच इंसाफ की गुहार लगा रही है। थाना में लिखित आवेदन देकर उन्होंने कहा है कि वो उस समय महज 12 साल की थी जब वर्ष 2009 ई में वो निर्मली वार्ड एक से गायब हो गई थी. जो 17 साल बाद अपने घर किसी तरह वापस आई है। मंगलवार को पिपरा थाना में एक लिखित आवेदन देकर दलित महिला रिंकू कुमारी ने अपने साथ 17 में हुई अत्याचार की बातों को बया की है । जो रोंगटे खड़े देने वाली है। लड़की ने थाना को दिये आवेदन में गांव के ही मुस्लिम समुदाय के तीन नामजद और एक अज्ञात पर अपहरण कर देह-व्यापार करवाने और धर्म परिवर्तन करवाने सहित अन्य संगीन आरोप लगाया है। हालांकि जिस समय लड़की गुम हुई थी उस समय लड़की के पिता अन्य प्रदेश में मजदूरी कर रहे थे उस समय पुलिस में शिकायत नहीं करवाई थी। जो आज बड़ी परेशानी का कारण बनता दिख रहा है। आवेदिका के अनुसार उन्हें गांव के लोगों द्वारा पहले पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर ले जाया गया वहां दो ढाई वर्ष रखने के बाद फिर किशनगंज लाया गया और दो वर्षो तक देह व्यापार करवाने के बाद एक अज्ञात व्यक्ति से उनकी शादी करवा दी गई। जिस व्यक्ति से उनकी शादी हुई वो व्यक्ति फिर उन्हें फारबिसगंज में किसी देह व्यापार का सिंडिकेट चलाने वाले दलाल के हाथों बेच दिया जहां इन्होंने दस वर्षो से अधिक समय बिताई इस दौरान इनके तीन बच्चे भी हुई जिसमें दो की मौत हो गई जबकि एक लड़का अभी इसके साथ है। आवेदिका के अनुसार फारबिसगंज में तबीयत खराब होने के बाद सदर अस्पताल अररिया में इलाज के दौरान अस्पताल में किसी कर्मी को इन्होंने आपबीती बताई तो अस्पताल कर्मी देवदूत बनकर इनके परिजन से सम्पर्क साधा और सारी बातें बताई तब जाकर लड़की के बहन बहनोई बड़ी मशक्कत के बाद उन्हें फारबिसगंज से घर लाई है। जिसके बाद से लड़की अपने साथ हुई यातनाएं की बदला कानून का सहारा लेकर लेना चाहती है । मामला कहा तक सही है यह तो पुलिस जांच का विषय है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि मामले की जांच कर समुचित कार्रवाई की जाएगी हालांकि पुलिस कुछ ही देर बाद पीड़िता को कल कर आवेदन वापस ले जाने की बात कह रही है ।

### हृदय गति रुकने से डा हरेन्द्र कुमार आर्य की हुई मौत, अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर में थे पोस्टेड

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)** । थाना क्षेत्र के पथरा दक्षिण पंचायत वार्ड नंबर 5 निवासी डा हरेंद्र कुमार आर्य (65) की मृत्यु हृदयगति रुकने से मंगलवार की सुबह हो गई। परिजनों ने बताया कि वो सहरसा से सुपौल ट्रेन से आ रहे थे कि सुपौल स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई । रेलवे स्टाफ के द्वारा उसे सदर अस्पताल सुपौल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने स्थिति नाजुक देखकर उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजनों के द्वारा उसे बाहर ले जाया जा रहा था इसी दौरान अस्पताल गेट के बाहर उनकी मौत हो गई। वो अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर में पोस्टेड थे। पत्नी रंजू राय मध्य विद्यालय पथरा में शिक्षिका है बेटा दिल्ली में बीटेक की पढ़ाई करते हैं। पति की मौत के बाद से शिक्षिका रंजू राय और पुत्र रोनक कुमार का रो-रो कर बुरा हाल है। डाक्टर साहब की मौत से पथरा के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई । मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।


डा. हरेन्द्र कुमार आर्य की फाइल फोटो।

# बाइक एवं ऑटो की टक्कर में ऑटो सवार महिला की मौत, बाइक सवार जख्मी

**सुपौल (एनएसबी)** । पिपरा मुख्य सड़क मार्ग में थाना क्षेत्र के लालपट्टी गांव स्थित पेट्रोल पम्प के समीप सोमवार की रात्रि बाइक एवं अटो की टक्कर में जहां अटो पर सवार एक महिला की मौत हो गई । वहीं इस घटना में बाइक पर सवार दो लोग गंभीररूप से जख्मी हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार छातापुर थाना क्षेत्र के तिलाठी गांव निवासी ऑटो पर सवार महिला - पुरुष श्रद्धालु सहरसा जिला अंतर्गत कारू बाबा स्थान से पूजा अर्चना कर वापस अपने गांव लौट रहे थे । उसी क्रम में सोमवार की रात्रि थाना क्षेत्र के लालपट्टी गांव स्थित पेट्रोल पम्प के समीप विपरीत दिशा त्रिवेणीगंज बाजार कि ओर से आ रहे बाइक की जोरदार टक्कर हो गई ।

इस घटना में ऑटो पर सवार छातापुर थाना क्षेत्र के तिलाठी गांव निवासी अरुण कामत की करीब 30 वर्षीया पत्नी उषा देवी की मौत हो गई ।

वहीं बाइक पर सवार त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के बरेरवा गांव निवासी श्याम कुमार एवं रामकृष्ण कुमार गंभीररूप से जख्मी हो गया । अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा जख्मियों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया । सूचना पाकर त्रिवेणीगंज पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सुपौल भेज दिया गया है ।

# सीमा चौकी राजपुरा एवं सतना द्वारा 114 लीटर नेपाली शराब किया जब्त, एक गिरफ्तार

**सुपौल (एनएसबी)** । 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल बीरपुर के अंतर्गत सीमा चौकी राजपुरा एवं सतना द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 114 लीटर नेपाली शराब की जब्ती की गई तथा एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है । बता दें कि सीमा चौकी राजपुरा द्वारा नाका ड्यूटी के दौरान 66 लीटर नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।


जब्त शराब के साथ एसएसबी के जवान।

इस संबंध में द्वितीय कमान अधिकारी श्री जगदीश कुमार शर्मा 45 वीं वाहिनी बीरपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि सीमा क्षेत्र में तस्करी की गतिविधि होने की संभावना है। सूचना के आधार पर सीमा चौकी राजपुरा से एक विशेष नाका पार्टी का गठन कर चिन्हित स्थान पर भेजा गया। मौके पर पहुँचने पर जवानों ने देखा कि एक व्यक्ति साइकिल पर संदिग्ध सामान लेकर आ रहा है। संदेह के आधार पर उसे रोककर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना नाम शंकर कुमार, निवासी ग्राम राजपुरा, जिला सुपौल (बिहार) बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 66 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। गिरफ्तार व्यक्ति, बरामद शराब एवं एक साइकिल को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के उपरांत थाना डगमरा, जिला सुपौल को सुपुर्द कर दिया गया।

इसी क्रम में दिनांक 17-03-2026 को सीमा चौकी सतना द्वारा नाका ड्यूटी के दौरान 48 लीटर नेपाली शराब एवं एक साइकिल बरामद की गई। हालांकि तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। बरामद सामग्री को आवश्यक कार्रवाई के बाद थाना वीरपुर, जिला सुपौल को सुपुर्द किया गया। इस अभियान में सहायक उप निरीक्षक अरविंद सिंह, मुख्य आरक्षी जेरेमिया हमर सहित अन्य जवानों ने सक्रिय भूमिका रही ।

# युवक ने जहर खाने का वीडियो इंस्टाग्राम पर किया अपलोड

### माता-पिता व पत्नी से हुआ था विवाद

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी)** । बाजार स्थित एक होटल में पिछले सात महीनों से किराये पर रह रहे एक युवक ने मंगलवार को गुस्से में आकर जहर खा लिया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि युवक का अपने माता-पिता और पत्नी से विवाद हो गया था, जिसके बाद वह करीब सात महीने से घर छोड़कर रह रहा था। परिजनों को उसके ठिकाने की जानकारी नहीं थी और वह लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। बताया गया कि मंगलवार को युवक ने अपने इंस्टाग्राम आईडी पर कई स्टोरी पोस्ट की।


अस्पताल में इलाजरत युवक।

पहली स्टोरी में उसने अपनी पत्नी के साथ एक फोटो लगाकर आई मिस यू जी लिखा था। दूसरी स्टोरी में पापा माफ करना लिखा था। इसके बाद तीसरी स्टोरी में उसने जहर पीते हुए वीडियो पोस्ट किया। वीडियो देखने के बाद परिजन तुरंत होटल पहुंचे और उसे गंभीर हालत में उठाकर त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा संजीव कुमार ने बताया कि युवक को पइजनिंग की स्थिति में लाया गया था। उसने ब्लैक कोबरा नामक जहरीला पदार्थ पी लिया था। उसकी हालत नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जख्मी युवक की पहचान प्रतापगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 निवासी बबलू साह के 25 वर्षीय पुत्र सुभाष कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी और उसका एक छोटा बच्चा भी है। पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद उसकी पत्नी बच्चे के साथ मायके में रह रही थी।

मामले को लेकर त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। फिलहाल परिवार की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक में योजनाओं का किया समीक्षा

**सुपौल (एनएसबी )** । डीएम सावन कुमार, की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्राप सर्वे, यांत्रीकरण, मिट्टी जांच, उद्यानिक अन्य योजनाओं का समीक्षा किया गया । साथ ही सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सभी योजनाओं का प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि ससमय सुनिश्चित करेंगे। उक्त बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, सुपौल, जिला उद्यान पदाधिकारी, सुपौल, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सुपौल, वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान कृषि विज्ञान केंद्र, सुपौल, उप निदेशक, कृषि अभियंत्रण, सुपौल, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सुपौल, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, सुपौल, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सुपौल, सभी कार्यपलक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी जिला आदि उपस्थित थे।



बैठक में शामिल डीएम व संबंधित पदाधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों की संख्या बढ़ाने व ड्रॉपआउट रोकने के लिए चलाया जाएगा स्कूल चलो अभियान : विक्रांत भास्कर

**खगड़िया।** जिले के परबत्ता प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का डायट रामगंज संसारपुर के नोडल पदाधिकारी सह व्याख्याता डॉ. विक्रांत भास्कर और नोडल पदाधिकारी सह व्याख्याता वीरेंद्र कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखंड, प्राथमिक विद्यालय बुद्धनगर, मध्य विद्यालय सौढ़, मनोरमा गंगा प्राथमिक विद्यालय कोरचक्का नयावास, मध्य विद्यालय दुधैला सहित दर्जन भर विद्यालय पहुंचे। मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखंड के प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान और शिक्षक सिद्धार्थ कुमार से ड्रॉपआउट बच्चों की जानकारी ली। नोडल पदाधिकारी सह व्याख्याता डॉ. विक्रांत भास्कर ने बताया कि छात्रों की संख्या बढ़ाने व ड्रॉपआउट को रोकने के लिए स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। ड्रॉपआउट हो रहे छात्र और छात्राओं पर कड़ी नजर होगी। इस अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जा रही है। डॉ. विक्रांत भास्कर और वीरेंद्र कुमार ने कहा कि विभाग का सबसे बड़ा फोकस इस पर होगा कि कोई बच्चा ड्रॉपआउट न होने पाए। साथ ही जो बच्चे ड्रॉपआउट हो चुके हैं, उन्हें भी फिर से विद्यालय से जोड़ा जाय। मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड के प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान ने बताया कि ऐसे बच्चों की सूची तैयार की जाएगी, जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा रहे हैं। स्कूल तक न पहुंच पाने के कारणों की पड़ताल करते हुए शिक्षक अभिभावकों से संपर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि ड्रॉपआउट की समस्या का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है। समाज और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी है।

### राज्यसभा चुनाव में एनडीए के सभी उम्मीदवार विजयी, जदयू नेताओं ने दी बधाई

**खगड़िया।** बिहार से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए संपन्न हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सभी पांच उम्मीदवारों की जीत पर जनता दल (यूनाइटेड) के नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। एनडीए के उम्मीदवारों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, रामनाथ ठाकुर, नीतीन नवीन, उपेन्द्र कुशवाहा तथा शिवेश राम की जीत पर जदयू नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि यह जीत एनडीए की नीतियों और विकास कार्यों में जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद देश और बिहार के विकास के मुद्दों को संसद में मजबूती से उठाएंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष सह सदर विधायक बबलू कुमार मंडल, जदयू के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजकुमार फोगला, जदयू प्रदेश सचिव सुमित सिंह महतो तथा जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने भी सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए इसे गठबंधन की महत्वपूर्ण राजनीतिक सफलता बताया। बधाई देने वालों में जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव उमेश सिंह पटेल, तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीतीश पटेल, जिला कोषाध्यक्ष संदीप केडिया, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, अरुण केसरी, कैप्टन योगेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, नूतन सिंह पटेल, केदार प्रसाद सिंह, चंदन कश्यप, प्रमोद कुमार सिंह,उदय प्रसाद सिंह, प्रभाकर चौधरी 'मंटून', नीलम वर्मा, निर्मला कुमारी, वीणा पासवान, ममता जायसवाल, पूनम जायसवाल, मुन्नी जायसवाल, पार्वती देवी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, लोहा सिंह, डॉ. रवि कुमार, गणेश पटेल, शहाब उद्दीन, फिरदोस आलम, नासिर इकबाल, चंदेश्वरी राम, शनिचर सदा, अनुज शर्मा, पंकज चौधरी, रामप्रकाश सिंह, राजनीति प्रसाद सिंह, संजय सिंह कुशवाहा, मायाराम मंडल, अमरेंद्र कुमार सिंह, श्रीकांत सिंह कुशवाहा, नंदलाल मंडल, अशोक राय, सुबोध साह, सुमित कुमार, गुरूदेव सिंह एवं रूपेश कुमार सहित कई जदयू कार्यकर्ता शामिल हैं। जदयू नेताओं ने कहा कि नव निर्वाचित सांसदों के नेतृत्व में राज्य और देश के विकास को और अधिक नई गति मिलेगी।

### सुमेरी टोला में भक्ति की बही गंगा, नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न

**परबत्ता।** खजरैठा पंचायत के सुमेरी टोला गांव में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हो गया। कथा के समापन अवसर पर आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान की भक्ति में लीन होकर कथा का श्रवण किया। पूरे गांव में धार्मिक माहौल बना रहा। कथावाचक पूर्णानंद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन को सही मार्ग दिखाने वाला दिव्य ज्ञान है। भगवान की भक्ति, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने से ही मनुष्य का जीवन सफल होता है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए लोगों को धर्म, प्रेम, करुणा और सेवा का संदेश दिया। समापन के अवसर पर भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पोखन शर्मा, लालकन शर्मा, पवन शर्मा, कर्पूरी शर्मा, मुकेश शर्मा, राजू नागर, रूपेश नागर, दिनेश नागर सहित सुमेरी टोला के समस्त ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने मिलकर पूरे आयोजन को सफल और भव्य बनाया।

# राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : दिलीप

**बिहार सरकार के उद्योग मंत्री पहुंचे खगड़िया**

**पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प**



मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल का अभिनंदन करते भाजपा के जिलाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता।

**खगड़िया (एनएसबी)।** सूबे के पथ निर्माण सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल का खगड़िया स्थित सैनिक लाइन होटल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न भगत के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में कृष्ण कुमार उर्फ मुन्ना यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील शाह, मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं।

मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि बिहार सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क निर्माण एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न भगत ने कहा कि मंत्री का खगड़िया आगमन कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# शुक्रवार को ही रामनवमी और ईद, शांति की कवायद

**शांति समिति की बैठक में दोनों पक्षों को थानाध्यक्ष ने दिया व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश**





**खगड़िया (एनएसबी)।** ईद-उल-फितर, रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा और छठ पर्व को लेकर आज शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में नगर थाना परिसर में आयोजित की गयी।

इस अवसर पर उन्होंने पूजा को लेकर विभिन्न समितियों द्वारा नगर में आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर पुलिस प्रशासन द्वारा समुचित सुरक्षा की बात कही। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से पूजा सम्पन्न कराए जाने को लेकर उपस्थित समिति के पदाधिकारियों से सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए प्रशासन को हरसंभव सहायता किए जाने पर जोर दिया।

बैठक में शामिल नगर उपसभापति प्रतिनिधि साहब उद्दीन, इसराइल और सफर अली ने बताया कि- ईद उल-फितर के मौके पर सबसे पहले महात्मा गांधी मार्ग स्थित ईदगाह में सुबह 7.30 बजे पहली नवाज के बाद थाना रोड स्थित जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में सुबह 08 बजे नवाज अदा की जाएगी। बसंती चैती दुर्गा पूजा समिति राजेंद्र प्रसाद चौक के सचिव पंकज रंजन, शेरावाली पूजा समिति केविन रोड के सचिव अंजय कुमार और कमलपुर सार्वजनिक बसंती चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष ने पूजा के मौके पर गुरुवार को अष्टमी और शुक्रवार को रामनवमी को लेकर आयोजित देवी जागरण कार्यक्रम में प्रशासन से आपसी सामंजस्य के साथ अपेक्षित सहयोग की बात कही। रामनवमी को लेकर हर वर्ष मुख्यालय के मायजी ठाकुर बाड़ी से प्रभु श्री राम की मूर्ति, भांगड़ा और सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ निकलने वाली राम जानकी भव्य शोभायात्रा की भी चर्चा की गई। बैठक में पूर्व नगर उपसभापति राजकुमार फोगला, नगर पार्षद शिवराज यादव, पप्पू यादव,पूर्व पार्षद रणवीर कुमार, राजा चौधरी, जदयू नगर अध्यक्ष प्रभात शर्मा, महेंद्र त्यागी, प्रिंस कुमार, भाजपा नेता अक्षय कुमार सूरि, अमित कुमार एस आई प्रशांत कुमार, मनोज कुमार, अरुण कुमार, सफत खातुन समेत कई लोग उपस्थित थे।

**बेलदौर प्रतिनिधि के अनुसार,** आदर्श थाना परिसर बेलदौर में मंगलवार को ईद, रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा ने की। बैठक का आयोजन थाना अध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में हुआ। बैठक में उपस्थित लोगों के विचार सुनने के बाद थाना अध्यक्ष ने कहा कि बेलदौर थाना क्षेत्र के लोग हमेशा अमन चैन से रहे हैं और सभी पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनाए जाते हैं। उन्होंने ईद के अवसर पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में नमाज के दौरान विशेष सुरक्षा की जानकारी दी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पदाधिकारी के साथ मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

बताते चलें कि बेलदौर थाना क्षेत्र में चार जगहों पर चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। इसकी तैयारी जोड़ों पर चल रही है। चैती दुर्गा मेला शांति पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की गई। इन आयोजनों के दौरान नशापन और डीजे के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि किस्मत, सेवानिवृत दफादार जियाउद्दीन, तबरेज, आजाद, सरपंच प्रतिनिधि हरदेव यादव समेत दर्जनों बुद्धिजीवी मौजूद थे।

# ईंधन आपूर्ति की हो रही सतत निगरानी : जिला प्रशासन

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिलाधिकारी नवीन कुमार के निर्देशानुसार जिले में तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति से संबंधित व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि आम नागरिकों को इन आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुचारु रूप से सुनिश्चित की जा सके।

जिला प्रशासन द्वारा आमजन की सुविधा एवं त्वरित समस्या निवारण के उद्देश्य से जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि तेल एवं प्राकृतिक गैस से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, सुझाव या जानकारी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06244-222384 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने आमजन को आश्वस्त किया है कि आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा स्थिति की निरंतर निगरानी की जा रही है। नागरिकों से अपील है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और आवश्यकतानुसार प्रशासन से संपर्क करें।

# चार बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

**बेलदौर (एनएसबी)।** बेलदौर बाजार से राशन उठाने के बहाने निकली महिला प्रेमी के साथ फरार हो गयी। महिला एक छोटे बच्चा को अपने साथ ले गई है। महिला की सास ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को इस संबंध में लिखित शिकायत दी है। सास ने बताया कि उसका पुत्र परदेश में रहता है। उसकी पुत्र वधू राशन उठाने के नाम पर घर से निकली और अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। उक्त महिला को एक पुत्री और तीन पुत्र बताया जा रहा है। महिला अपने साथ एक छोटे बच्चे को ले गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# भाजपा में पद का मतलब केवल सेवा : आलोक



**मंडल स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण**

**खगड़िया (एनएसबी)।** भाजपा का राष्ट्रव्यापी मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के कार्य का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 09 मार्च से लेकर 14 अप्रैल तक पूरे देश में होना तय है। इसी के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हरिपुर मंडल के अंतर्गत दहलान सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी आलोक कुमार विद्यार्थी ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण सतत प्रक्रिया है, जिसमें लगातार सीखने, आत्म मंथन करने व जन सेवा हेतु सदैव समर्पित रहने के साथ ही सैद्धांतिक और व्यावहारिक विषयों की शिक्षा दी जाती है। विद्यार्थी ने कहा कि अपनी कार्य पद्धति से ही भाजपा अन्य राजनीतिक दलों से अलग है। भाजपा संगठन के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि सदैव सेवा भावी होते हैं क्योंकि हमारे संगठन में पद का अर्थ केवल सेवा भाव है। भाजपा सरकार की योजनाओं और संगठन की नीतियों के निर्माण में जनता और राष्ट्र सेवा का भाव सदैव होता है। समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ताओं का मनोबल, आत्मविश्वास और नैतिक बल मजबूत होता है। अलग-अलग सत्रों में अलग-अलग वक्ताओं ने समूह चर्चा कर कार्यकर्ताओं से तकनीकी का उपयोग करने का भी चर्चा की। प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के जिला प्रवक्ता उदय शर्मा, वर्ग प्रमुख विजय सिंह, जिला मंत्री विजय कुमार यादव, वर्ग प्रमुख ललन कुमार, जिला प्रभारी राज किशोर सिंह, वर्ग प्रमुख सुचित कुमार, जिला प्रवक्ता गौरव राज, वर्ग प्रमुख राम रतन सिंह आदि मौजूद थे।

# पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण सतत विकास पर दिया गया जोर

**सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रिया के उपयोग की दी गयी जानकारी**

**परबत्ता (एनएसबी)।** आईटी भवन में जिला पंचायत राज पदाधिकारी, खगड़िया के निर्देश पर पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों, पंचायत स्तरीय कर्मियों एवं जीविका के स्वयं सहायता समूह सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, जीविका समूह के सदस्य तथा ग्राम पंचायत कार्यपालक सहायक/डाटा एंट्री ऑपरेटर ने भाग लिया। प्रशिक्षण में सलिल कुमार, नीरज कुमार निराला, विष्णु कुमार और कुंदन कुमार ने प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की तथा सतत विकास लक्ष्यों के साथ पंचायत से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने आपसी समन्वय मजबूत करने को कहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रिया के उपयोग पर भी विशेष जानकारी साझा किया। प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागियों का आधार अर्थेटिकेशन कर सर्टिफिकेट जारी करना अनिवार्य बताया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों की उपस्थिति एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को टीएमपी पोर्टल पर दर्ज किया जाए। मौके पर मुखिया बालकृष्ण शर्मा उर्फ, आशुतोष कुमार सिंह, राजीव चौधरी, सुधीर राम आदि उपस्थित थे।

# सीएम नीतीश कुमार से मिले सदर विधायक



सीएम नीतीश कुमार को गुलदस्ता भेंट करते विधायक बबलू कुमार मंडल।

**खगड़िया (एनएसबी)।** मंगलवार को खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना स्थित एक अणे मार्ग आवास पर मुलाकात कर उन्हें राज्यसभा चुनाव में मिली जीत की शुभकामनाएं दी।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान विधायक द्वारा सौंपे गए मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने विधायक बबलू कुमार मंडल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाई गई सभी मांगों पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है और जल्द ही इन पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन से जिले के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। विधायक बबलू कुमार मंडल ने समृद्धि यात्रा के दौरान खगड़िया विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखी थीं। इनमें सबसे प्रमुख मांग मानसी प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना को स्वीकृति देने की थी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता है, ऐसे में स्थानीय स्तर पर डिग्री कॉलेज की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही विधायक ने खगड़िया को कृषि प्रधान जिला बताते हुए जिला मुख्यालय में एग्रीकल्चर कॉलेज की स्थापना की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों और युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी मिलेगी और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। विधायक बबलू कुमार मंडल ने खगड़िया सदर प्रखंड के रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के मथार में गंगा नदी के तट पर बंडाल निर्माण कराने की भी मांग की, ताकि कटाव और बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोका जा सके। मुलाकात के बाद विधायक बबलू कुमार मंडल ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खगड़िया जिले में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और आने वाले समय में यह विकास और तेज होगा। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री का खगड़िया के प्रति विशेष लगाव रहा है।

# वेटरन बैडमिंडन प्लेयर्स को किया गया सम्मानित

**बिहार हंड्रेड मास्टर्स वेटरन बैडमिंटन चैंपियनशिप**



**खगड़िया बैडमिंटन एसोसिएशन ने इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया सम्मान समारोह**

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार हंड्रेड मास्टर्स वेटरन बैडमिंटन चैंपियनशिप में खगड़िया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के 50 प्लस सिंगल वर्ग में रणधीर कुमार सिंह ने राज्य चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, वहीं 50 प्लस डबल्स वर्ग में रणधीर कुमार सिंह एवं डॉ. जैनेंद्र नहार की जोड़ी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में खगड़िया बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से इंडोर स्टेडियम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष संजीव प्रकाश एवं डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह खगड़िया जिले के लिए अत्यंत गर्व की बात है। वहीं बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव डॉ. एच प्रसाद ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल खगड़िया बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय है। इस सफलता से खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार होगा और अन्य खिलाड़ी भी इस खेल की ओर प्रेरित होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. पवन कुमार, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. नागमणि नंदन, डॉ. देववत कुमार, डॉ. राहुल कुमार एवं डॉ. कुमार दीपक और डॉ. नरेंद्र कुमार सहित सभी अन्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा संगठन के सदस्य डॉ. राजीव रंजन, संयुक्त सचिव अमन सिन्हा, पूर्व संयुक्त सचिव प्रेम कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, सदानंद कुमार, पूर्व सचिव सदानंद प्रसाद, शोभा कुमारी, मुकेश कुमार, केशव कुमार, राकेश कुमार एवं रणबीर कुमार सहित अन्य सदस्यों ने भी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर पूरे जिले में खुशी देखी गई।

# गुरु के बताए मार्ग पर चलकर जीवन को संयम, सेवा और सदाचार से जोड़ें



**अलौली के बेनहर गांव में असंग देव महाराज का दो दिवसीय सत्संग शुरू**

**खगड़िया (एनएसबी)।** अलौली प्रखंड अंतर्गत दहमा खैरी खुटहा पंचायत के बेनहर ग्राम में मंगलवार को गुरुदेव असंग देव महाराज के श्रीमुख से दो दिवसीय सत्संग का शुभारंभ हुआ। सत्संग आरंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि युवा शक्ति के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी और अलौली के प्रखंड प्रमुख नवीन कुमार ने गुरुदेव को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। सत्संग में आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के दिव्य वचनों का श्रवण किया। पूरा क्षेत्र भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का आरंभ विधिवत मंगलाचरण और गुरु वंदना के साथ किया गया। इसके बाद गुरुदेव असंग देव महाराज ने अपने प्रवचन में मानव जीवन के वास्तविक उद्देश्य, गुरु के महत्व और सही मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है। इसका सही उपयोग तभी संभव है जब व्यक्ति गुरु के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को संयम, सेवा और सदाचार से जोड़ता है। गुरुदेव ने कहा कि आज के समय में मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में अपने मूल उद्देश्य को भूलता जा रहा है। धन, पद और प्रतिष्ठा की लालसा में लोग मानसिक शांति खो बैठे हैं। ऐसे समय में सत्संग और गुरु का सान्निध्य ही मनुष्य को सही दिशा दिखाता है। उन्होंने बताया कि सत्संग वह माध्यम है जहां से व्यक्ति को जीवन जीने की सच्ची कला सीखने को मिलती है।

वहीं अपने संबोधन में युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु केवल धार्मिक उपदेश देने वाले व्यक्ति नहीं होते, बल्कि वे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं। गुरु शिष्य को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। जिस व्यक्ति को सच्चे गुरु का सान्निध्य प्राप्त हो जाता है, उसका जीवन स्वतः सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने लगता है। उन्होंने ने कहा कि जीवन में संयम, अनुशासन और सेवा भाव अत्यंत आवश्यक है। जब मनुष्य अपने भीतर विनम्रता, करुणा और प्रेम को विकसित करता है, तभी समाज में शांति और सौहार्द की स्थापना होती है। प्रखंड प्रमुख नवीन कुमार ने कहा कि आज समाज में बढ़ती आपसी दूरियां, तनाव और अशांति का कारण आध्यात्मिक मूल्यों से दूरी है। यदि लोग सत्संग और अध्यात्म की ओर लौटें तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।

कार्यक्रम के आयोजक नागो यादव, जयप्रकाश चौधरी, रामाकांत चौधरी, कमलदेव चौधरी, रंजीत कुमार, अवधेश कुमार, रवि कुमार, ध्रुव चौधरी, रामप्रकाश यादव, रामबालक शर्मा, रामरतन चौधरी, अशोक चौधरी, पुलिस साह इत्यादि ने कहा कि दो दिवसीय सत्संग कार्यक्रम बुधवार तक चलेगा। यहां दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सत्संग स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने, प्रसाद वितरण और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा सक्रिय सहयोग किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार दूसरे दिन भी गुरुदेव असंग देव महाराज आध्यात्मिक प्रवचन देंगे, जिसमें गुरु ज्ञान, आत्मचिंतन, मानव जीवन का महत्व और समाज में सद्भावना की स्थापना जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही भजन-कीर्तन और अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# सीताराम नाम धुन के साथ नयागांव से देवघर होते हुए बासुकीनाथ तक की पदयात्रा संपन्न

**परबत्ता (एनएसबी)।** शिरोमणि टोला नयागांव से सैकड़ों शिवभक्तों ने सीताराम नाम धुन के साथ नौ दिवसीय पैदल यात्रा पूरी कर ली। श्रद्धालुओं ने यात्रा की शुरुआत सुल्तानगंज गंगा घाट से पवित्र गंगाजल भरकर की और भगवान शिव को अर्पित करने के लिए बाबा बैद्यनाथ धाम की ओर प्रस्थान किया। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु अखंड राम धुन में लीन रहे और भक्ति-भाव से पदयात्रा करते हुए देवघर पहुंचे। यात्रा का अंतिम पड़ाव बाबा बासुकीनाथ धाम में रहा, जहां मंगलवार को सभी श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक कर नौ दिवसीय यात्रा का समापन किया। इस दौरान पूरे मार्ग में भक्तों में गहरा उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और सीताराम नाम के जयकारों के साथ यात्रा को भक्तिमय बना दिया। स्थानीय लोगों ने भी जगह-जगह यात्रियों का स्वागत कर सेवा-सत्कार किया। इस यात्रा में बच्चन महंत, मुरारी महंथ, दुर्योधन महंथ, दिनकर कुमार, राजीव चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शंकर कुमार सिंह, मिथिलेश राय, अंतर्यामी सिंह, विमल सनगही, राहुल कुमार, संजय महंथ, माला देवी, सोनी देवी, गीता देवी आदि शिवभक्त साथ चल रहे थे।

# त्योहारों पर शांति व सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : आयुक्त

**लखीसराय (एनएसबी)।** आगामी पर्व ईद-उल-फितर, रामनवमी एवं महावीर जयंती के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर मंगलवार को मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आयुक्त ने प्रमंडल के सभी जिलों को निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान शांति, आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों को चिति करें और वहां पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। वीडियो कान्फ्रेंसिंग


वीडियो कान्फ्रेंसिंग में भाग लेते डीएम व अन्य।

के दौरान आयुक्त ने विशेष रूप से जुलूस मार्गों के भौतिक सत्यापन, भीड़ नियंत्रण की पुख्ता योजना, सुगम ट्रैफिक व्यवस्था, साफ-सफाई और नगर निकायों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में नियमित रूप से शांति समिति की बैठकें आयोजित की जाएं। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जिला नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) को 24 गुना 7 सक्रिय मोड में रखा जाए और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए। इस उच्चस्तरीय बैठक में लखीसराय जिला मुख्यालय से जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही मुंगेर प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों ने भी वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर अपने-अपने क्षेत्रों की तैयारियों की जानकारी साझा की।

## जमालपुर-हावड़ा सुपर एक्सप्रेस की शंटिंग अब जमालपुर स्टेशन पर प्रारम्भ

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेल संचालन को अधिक सुगम, दक्ष एवं संसाधन-संरक्षण उन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जमालपुर-हावड़ा सुपर एक्सप्रेस की शंटिंग जमालपुर स्टेशन पर प्रारम्भ कर दी गई है। पूर्व में जमालपुर स्टेशन पर प्लेटफर्म एवं पिट लाइन की सीमित उपलब्धता के कारण इस ट्रेन की शंटिंग निकटवर्ती अभयपुर तथा धनौरी स्टेशन पर कराई जाती थी।इस प्रक्रिया में ट्रेन प्रबंधन हेतु दो क्रू सदस्यों एवं एक गार्ड की अतिरिक्ततैनाती करनी पड़ती थी, जिससे समय एवं संसाधनों की अतिरिक्त खपत होती थी।अब जमालपुर स्टेशन पर ही शंटिंग सुविधा उपलब्ध होने से न केवल इस अतिरिक्त व्यवस्था की आवश्यकता समाप्त हो गई है, बल्कि इससे मानव संसाधनों का अधिक कुशल उपयोग सुनिश्चित होगा तथा परिचालन प्रक्रिया भी अधिक सुव्यवस्थित एवं त्वरित बनेगी।इसके अतिरिक्त इस नई व्यवस्था से संबंधित रेलखंडों में लाइन एवं ब्लाक के अनावश्यक उपयोग में कमी आएगी, जिससे ट्रेनों के संचालन में और अधिक सुगमता आएगी तथा समयपालन में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है।यह पहल भारतीय रेल द्वारा परिचालन दक्षता बढ़ाने, संसाधनों के इष्टतम उपयोग तथा यात्रियों को बेहतर एवं विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


जमालपुर में शंटिंग होते सुपर एक्सप्रेस।

## खबरें : एक नजर में

### दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन में महिला यात्री के पर्स काटकर ज्वेलर्स की हुई चोरी, घटना बरियारपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो का

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** दानापुर- साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन में एक महिला यात्री के पर्स को काटकर ज्वेलर्स की हुई चोरी की घटना को रेल पुलिस जांच कर रही है। चोरी की घटना के बारे में महिला रेल यात्री बरियारपुर निवासी काजल कुमारी ने बताई की हम अपने बच्चों के साथ दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन से भागलपुर जाने के लिए ट्रेन में जैसे ही बैठी तो तो देखा कि मेरा कटा हुआ था। पर्स में रखे गए सोना चांदी सहित आभूषण एवं नगदी रुपया नहीं था। पर्स कटा देखकर ट्रेन से उतरकर वहीं वहां मौजूद आरपीएफ एवं रेल पुलिस को इसकी जानकारी दी पर वे लोग इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं किया। महिला ने यह भी बताई की घटना की जानकारी एवं इस पर कार्रवाई करने को लेकर दूसरी ट्रेन से हम जमालपुर रेल थाना पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाए हैं। इधर महिला की शिकायत पर रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### लखीसराय : त्योहारों पर सुरक्षा और शांति के लिए जिला स्तरीय बैठक, डीएम-एसपी ने दिए सख्त निर्देश

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में मंगलवार को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आगामी चैत्र नवरात्र, ईद-उल-फितर, चैती छठ, रामनवमी और महावीर जयंती के मद्देनजर आयोजित इस बैठक में विधि-व्यवस्था संधारण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने त्योहारों में सुरक्षा मानकों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी प्रमुख मेला स्थलों और पंडालों में अग्निशमन की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मेला क्षेत्र में फायर ब्रिगेड के वाहन और प्रशिक्षित फायरमैन तैनात रहेंगे ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके। साथ ही, भीड़ प्रबंधन के लिए पंडालों में प्रवेश और निकास के अलग-अलग एवं पर्याप्त रास्ते बनाने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश देते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर सादे लिबास में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि पूजा स्थलों या जुलूसों में अश्लील गानों का प्रसारण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आयोजकों को धार्मिक मर्यादा बनाए रखने की हिदायत देते हुए उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा ताकि आम जनता में सुरक्षा का भाव बना रहे। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पूजा समिति के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि किसी भी जुलूस या सार्वजनिक आयोजन के लिए समय रहते लाइसेंस प्राप्त कर लें और सरकारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को श्कफी टेबल बुकश् भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं, राज्य स्तर पर उत्ष्ट कार्य करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी मुकुल पंकज मणि, वरीय उपसमाहर्ता शशि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार और सिविल सर्जन जयप्रकाश सिंह सहित कई वरीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।



बैठक करते डीएम ।

### मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर लखीसराय में तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार, डीएम ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

**लखीसराय (एनएसबी)।** आगामी 19 मार्च 2026 को कजरा स्थित सोलर पावर प्लांट में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रस्तावित समृद्धि यात्रा कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। मंगलवार को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम के सफल आयोजन और सुरक्षा व्यवस्था के संधारण को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था से लेकर जन-सुविधाओं तक किसी भी स्तर पर कोई चूक नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए डीएम ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने और भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती का आदेश दिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन को रूट लाइनिंग, पार्किंग और वीआईपी मूवमेंट को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी। स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम स्थल पर जीवन रक्षक दवाओं के साथ मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके अलावा, विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और नगर निकाय को साफ-सफाई व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। परिवहन विभाग को यातायात सुचारू रखने हेतु प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया है, जबकि आपदा प्रबंधन टीम को किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए अलर्ट पर रखा गया है।जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से हो सके। बैठक में अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभूनाथ, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार और स्थापना उप समाहर्ता शशि कुमार सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।


समीक्षा बैठक करते डीएम ।

### लखीसराय में एलपीजी की कालाबाजारी रोकने को प्रशासन सख्त, छापेमारी के लिए बनी विशेष टीम

**लखीसराय (एनएसबी)।** मध्य पूर्व में जारी युद्ध के कारण एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के बीच लखीसराय जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जिला पदाधिकारी ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि एजेंसियों और विक्रेताओं के पास संभावित भीड़ और कालाबाजारी को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित थाना प्रभारियों की एक त्रिस्तरीय विशेष टीम का गठन किया गया है। यह टीम लगातार भ्रमणशील रहकर जमाखोरी और अवैध बिक्री पर पैनी नजर रखेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में निरंतर छापेमारी करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। साथ ही, सभी एलपीजी वितरकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि किसी भी कीमत पर सिलेंडर की जमाखोरी या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई भी वितरक इसमें संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। आम जनता की सुविधा और शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए जिला समाहरणालय में एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06346-232952 है। जिला प्रशासन द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में जिले की कुल 16 गैस एजेंसियों के पास 6149 गैस सिलेंडरों की उपलब्धता है। जिला पदाधिकारी ने जनता से अपील की है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए घबराने या चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ता अपनी आवश्यकतानुसार ही गैस प्राप्त करें। वर्तमान व्यवस्था के तहत शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन पर बुकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।


प्रेस वार्ता करते डीएम व अन्य।

## पटना मैराथन में तीसरा स्थान पाने वाले रेलकर्मी रामकृष्ण का रेल अधिकारी ने किया सम्मान, पटना से लौट के बाद कारखाना के शाप में हुआ स्वागत सम्मान

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** पटना मैराथन दौड़ में कारखाना के रेलकर्मी रामकृष्ण ने तीसरा स्थान लाकर कारखाना को गोर्बान्वित करने का काम किया है। रेलकर्मी को पटना में मिले पुरस्कार पर जहां रेल कर्मी रामकृष्ण को अधिकारी कर्मचारी यूनियन नेताओं ने बधाई दे रहे हैं। वहीं मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल अपने कर्मचारियों के इस सफलता पर उनका स्वागत अभिनंदन किया है। एथलीट रेल कर्मी स्वागत करते हुए सीडब्ल्यूएम ने कहा कि हम किसी काम को पूरा तभी कर सकते हैं जब हम शरीर से स्वस्थ होंगे और स्वस्थ होने के लिए हमें दौड़ना जरूरी है। क्योंकि समय इतना तेजी से भाग रहा है इस समय के अंदर सब काम को पूरा करना है। रेल कर्मी रामकृष्ण पटना मैराथन में जीत का परचम लहराकर निश्चित रूप से यह दिखाने का काम किया है कि रेल कर्मी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकता है। कारखाना प्रशासन रेल कर्मी के उज्जवल भविष्य की कामना करती है। इधर सीडब्ल्यूएम के मिले सम्मान के बाद शाप एवं यूनियन कार्यालय में भी रेल कर्मी का स्वागत सम्मान किया गया। मौके पर सीएमटी ज्यों दीपेंदु खान, एसीएमटी श्रद्धा कुमारी,यूनियन नेता देव शंकर सिंह, विनय कुमार, रवि कुमार, सुमन भारती, गणेश कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, अरविंद भूषण सहित कई मौजूद थे।


मैराथन विजेता रेलकर्मी का सम्मान करते सीडब्ल्यूएम।

## वेबाक बेखौफ राजनीति के एक चेहरे का नाम था रामदेव

### चौथी पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मंत्री रामदेव सिंह यादव

**मुंगेर (एनएसबी)।** बिहार के समाजवादी योद्धाओं में शुमार शिक्षाविद पूर्व मंत्री रामदेव सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि खोजा बाजार स्थित रामदेव सिंह यादव साइंस कॉलेज के प्रसाल में आयोजित की गई जहां मुंगेर जिला के विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठन के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि निवेदित करते हुए उन्हें आम मजलूमों शोषितों पीडितों के प्रखर आवाज बताया।

समारोह की अध्यक्षता सुखदेव यादव एवं संचालन समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू यादव कर रहे थे।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुंगेर के विधायक कुमार प्रणय ने कहा रामदेव सिंह यादव हकीकत में मुंगेर के मिट्टी के लाल थे, जो जाति और पार्टी से ऊपर उठकर आम आदमी के हीत के लिए सोचते थे।

वही अध्यक्षता करते हुए सुखदेव यादव एवं संचालन कर रहे समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि रामदेव सिंह यादव राजनीति के उस वेबाक बेखौफ चेहरे का नाम है जो जीवन प्रयत्न जनता के मूल्य पर आधारित राजनीति करते रहे। समारोह को सम्बोधित करते हुए राजद के प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव राजद के जिला अध्यक्ष संजय विन्द जदयू के वरिष्ठ नेता मनोरंजन मजूमदार महागठबंधन के जमालपुर विधानसभा के प्रत्याशी नरेंद्र तांती ने सम्बोधित करते हुए कहा की रामदेव सिह यादव समाजवाद के अलख जगाने वाले बिहार का एकलौते ऐसे नेता थे जो युवाओं को राजनीति में आगे लाने में अहम भूमिका निभाते थे। उनके द्वारा खोले गए कई कालेज आज समाज में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

मौके पर रजद के महासचिव अकाशदीप यादव गजेंद्र प्रसाद हिमांशु अरविंद राय शिव शंकर यादव मनोज क्रांति विद्या किशोर सुरेश तांती लखन यादव अनिल भूषण यादव अरूण सिह मणिशंकर भोलू शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



पुण्यतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते पप्पू यादव।

## मुंगेर में 19 मार्च को होगा मुख्यमंत्री का समृद्ध यात्रा

**समृद्ध यात्रा को सफल बनाने में जुटे जिला अधिकारी**

**यात्रा के दौरान 100 करोड़ से ज्यादा योजना का देंगे मुंगेर वीडियो को सौगात**

**प्रमंडल आयुक्त डीआईजी जिलाधिकारी एसपी तैयारी का बराबर ले रहे जाएगा**

**मुंगेर (एनएसबी)।** आगामी 19 मार्च को प्रस्तावित समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतिश कुमार मुंगेर पहुंचेंगे। जहां वे विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए जनमानस को संबोधित भी करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक कर मुंगेर में चल रहे विकास की योजनाओं की समीक्षा भी करेगें ।

इसको ले जिला प्रशासन के द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिले के प्रमंडल आयुक्त,डीआईजी जिलाधिकारी, एसपी चयनित स्थलों के दौरा कर कार्यो का जायजा ले रहे है।

जिलाधिकारी निखिल धनराज ने बताया कि मुख्यमंत्री इस दौरे के दौरान मुंगेर को 100 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात देगें । मुख्यमंत्री साफियाबाद हवाई अड्डा पर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और आमसभा को भी संबोधित करेंगे। विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण भी करेंगे । साथ ही पोलो मैदान में हेलीकप्टर से उतरने के बाद जिला उद्योग केंद्र, कष्टहरणी घाट, जिला पंचायत संसाधन केंद्र और पशुपालन विभाग के नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन और निरीक्षण करेंगे। जहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहेगें ।


स्थलीय जायजा लेते पर आयुक्त डीआईजी, डीएम, एसपी।

## रेल एसपी के निर्देश पर प्लेटफार्म पर चलाए गए सर्च अभियान

**जमालपुर (मुंगेर) ।** रेल एसपी विद्यासागर के निर्देश पर जमालपुर स्टेशन पर यात्री सुविधा बहाल हो एवं यात्रियों के सुरक्षा को लेकर सर्च अभियान चलाया गया। प्लेटफार्म पर चलाए गए सर्च अभियान के दौरान रेल पुलिस की टीम ने स्टेशन में आने जाने वाले यात्रियों के सामानों की जांच किया। वहीं प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों से पूछताछ भी किया। इसके अलावा प्लेटफार्म पर संदिग्ध वैसे चेहरे को विशेष तौर पर पूछताछ करते हुए उनकी तलाशी ली गई। इधर रेल पुलिस के इस अभियान से स्टेशन परिसर में बेवजह टाइम पास करने वाले मनचले लोगों के बीच रकम का माहौल देखा गया। विदित हो कि यात्रियों के सुरक्षा को लेकर रेल एसपी ने रेल जिला के तमाम थाना अध्यक्ष को विशेष दिशा निर्देश देते हुए स्टेशन एवं प्लेटफार्म पर विशेष रूप से सर्च अभियान चलने का निर्देश दिए हैं। जिसका परिणाम है कि जमालपुर स्टेशन पर रेल थाना अध्यक्ष स्वराज कुमार के मार्गदर्शन में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सर्च अभियान में एसआई निरंजन कुमार रजक,एएसआई राम अवतार सिंह, गौतम कुमार गौत, प्रतिमा कुमारी कंचन कुमारी सहित कई शामिल थे।


प्लेटफार्म पर सर्च अभियान चलते रेल पुलिस।

## रेल कर्मी ने किया शिकायत तो कॉलोनी में शुरू हुआ फागिंग कार्य, बाजा बजा कर रेल कॉलोनी में होगा कचरा का उठाव

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** मच्छरों के प्रकोप से प्रकोप से होने वाली बीमारी से रेल कालोनी वासियों को बचाने को लेकर कालोनी में फगिंग का कार्य शुरू किया गया।

फागिंग के बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी अभ्युदय ने बताया कि रेल के तीनों कालोनी में बेहतर तरीके से साफ सफाई आने वाले दिनों में दिखेगा। जिसकी शुरुआत मच्छरों के प्रकोप से रेल परिवार को बचाने को लेकर फगिंग चला कर किया गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि साफ सफाई को लेकर पूर्व में जो व्यवस्था थी उसे चेंज करते हुए नई एजेंसी बहाल किया गया है जो दौलतपुर ईस्ट कालोनी एवं रामपुर कालोनी में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर डोर टू डोर कचरा को बाजा बजाकर करेंगे।

डिप्टी अभ्युदय ने यह भी बताया कि इसके लिए तीनों कलोनी में एक-एक बैटरी से संचालित टोटो को दिया जाएगा जो साफ सफाई को बेहतर बनाने के लिए कल निवासियों को बाजा बजा कर जागरूक करेंगे। विदित हो कि क्वार्टर कमेटी की ओर से रेल कलोनी का निरीक्षण के दौरान रेल कर्मियों एवं उनके आश्रितों ने अधिकारियों को कलोनी के सुरक्षा एवं साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग किया था।

## एमएसएमई उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली पर जागरूकता कार्यशाला

**लखीसराय (एनएसबी)।** इंडियन चैंबर ऑफ कामर्स तथा पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट ऑथरिटी (पीएफआरडीए) के संयुक्त तत्वावधान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

स्थानीय होटल डीआरएस डीलक्स में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को सामाजिक सुरक्षा तथा दीर्घकालीन वित्तीय योजना के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में पीएफआरडीए के असिस्टेंट जनरल मैनेजर सचिन गोयल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान पीएफआरडीए के प्रतिनिधियों ने एनपीएस की विशेषताओं, इसके लाभों, कर छूट के प्रावधानों तथा एमएसएमई और स्व-रोजगार से जुड़े उद्यमियों के लिए भविष्य की सामाजिक सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अधिकारियों ने बताया कि नेशनल पेंशन सिस्टम एक सुरक्षित, पारदर्शी और लचीली पेंशन योजना है, जो सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन चैंबर अफ कॉमर्स के बिहार स्टेट काउंसिल के सदस्य एवं डीआरएस सोलर प्राइवेट लिमिटेड के एमडी सुधारंजन कुमार ने की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र के विकास के साथ-साथ उद्यमियों के लिए बुढ़ापे की लाठी के रूप में पेंशन योजना के प्रति जागरूकता अनिवार्य है और एनपीएस इस दिशा में एक सशक्त माध्यम है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे नागरिक छतों पर सोलर सिस्टम लगाकर बिजली बिल बचा सकते हैं और स्वच्छ ऊर्जा में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने उद्यमियों से सौर ऊर्जा अपनाने की अपील भी की। इस अवसर पर स्थानीय उद्योगपतियों, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों और विभिन्न संस्थानों के सदस्यों ने भाग लिया। सत्र के अंत में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया और एनपीएस पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई गई।

मौके पर एसबीआई पेंशन फंड के क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज कुमार, रिलेशन मैनेजर अमन कुमार आकाश, अविनाश कुमार, रंजीत कुमार, शैलेन्द्र कुमार, रश्मि उर्फ लड्डु, राकेश कुमार, गोपाल ड्रोलिया, नीरज कुमार, अंजनी कुमार छोटू और प्रेम किशन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



जानकारी साझा करते अधिकारी।


कार्यशाला में भाग लेते लोग।

# ईद, रामनवमी व चैती छठ को लेकर डीएम ने की शांति समिति की बैठक

## बोले- शांति समिति द्वारा उठाई गयी समस्याओं का प्रभावी समाधान करें अधिकारी

नवसंदेश ब्यूरो



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक।

**आरा।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को ईद, रामनवमी एवं चैती छठ पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों से उनके-अपने क्षेत्रों में आयोजित शांति समिति की बैठकों की स्थिति तथा विधि-व्यवस्था संधारण हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।

इसके उपरांत शांति समिति के सदस्यों के साथ उनके-अपने क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को गंभीरता से सुना गया। बैठक में प्रमुख रूप से विद्युत आपूर्ति, सड़क व्यवस्था, साफ-सफाई, अग्निशमन वाहन की उपलब्धता, चिकित्सा दल की तैनाती एवं एंबुलेंस सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शांति समिति द्वारा उठाई गई समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि तीनों पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। बैठक में अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, शांति समिति के सदस्य तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## डीएम की अध्यक्षता में जनगणना 2027 को ले प्रशिक्षण

**आरा (एनएसबी)।** डीएम श्री तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारु क्रियान्वयन के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर समाहरणालय सभागार, आरा में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य स्तर के चार मास्टर ट्रेनरों द्वारा कुल 157 पदाधिकारी एवं कर्मियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की प्रक्रिया, डेटा संकलन, तकनीकी पहलुओं तथा फील्ड स्तर पर कार्य निष्पादन की बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया जाएगा। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे प्राप्त प्रशिक्षण का समुचित उपयोग करते हुए जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। उन्होंने जनगणना कार्य में शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 से प्राप्त आंकड़े अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे, जिनमें मकानों की स्थिति एवं सुविधाएं, संपत्तियां, जनसांख्यिकी विवरण, धर्म, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, साक्षरता, शिक्षा तथा आर्थिक गतिविधियों से संबंधित विस्तृत जानकारी शामिल होगी। इन आंकड़ों के माध्यम से जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर योजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए आवश्यक आधारभूत जानकारी उपलब्ध होगी। जिला पदाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि इस बार जनगणना डिजिटल मोड में संपन्न की जाएगी। साथ ही परिवारों को एक निर्दिष्ट वेब पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना (स्व-गणना) का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री मदन नारायण सिंह द्वारा जिला पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कुल 21 जनगणना चार्ज निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 14 प्रखंड एवं 07 नगर निकाय शामिल हैं।

## पुलिस ने दिखाई मानवता परिजनों से मिल खुश हुआ नेपाली युवक

**कोईलवर (एनएसबी)।** थाने की पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए मानसिक रूप से अस्वस्थ एक नेपाली युवक को उसके परिजनों से मिलवाकर मानवता की मिसाल पेश की है। अहले सुबह कोईलवर रेलवे स्टेशन पर एक युवक बेसुध अवस्था में पड़ा मिला। सुरौधा कॉलोनी निवासी एक ग्रामीण सुफियान की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना कोईलवर थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को सुरक्षित थाना ले आई। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि होश में आने पर पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम रमेश ठाकुर बताया। उसने खुद को नेपाल के सरलाही जिला अंतर्गत बलरा नगरपालिका का निवासी बताया। इसके बाद पुलिस ने उसके मोबाइल के जरिए परिजनों से संपर्क साधा और व्हाट्सएप पर तस्वीर भेजकर पहचान की पुष्टि कराई। सूचना मिलने पर युवक के परिजन नेपाल से कोईलवर पहुंचे। परिजनों को देखते ही रमेश भावुक हो उठा।

## संक्षिप्त खबरें

### भदवर पैक्स चुनाव आज, सभी तैयारियां पूरी

**कोईलवर (एनएसबी)।** भदवर पैक्स के लिए आज मत डाले जाएंगे। प्रशासन की ओर से चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान के लिए बहियारा स्थित पैक्स भवन में तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### गुस्से में आकर नशेड़ी पति का काटा प्राइवेट पार्ट्स

**आरा(एनएसबी)।** गड़हनी थाना क्षेत्र के खरईचा गांव में सोमवार की रात पत्नी ने गुस्से में आकर नशेड़ी पति का प्राइवेट पार्ट्स काट दिया। उसे इलाज के लिए अगिआंव पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी गड़हनी थाना क्षेत्र के खरईचा गांव निवासी नरेश मुसहर का 24 वर्षीय पुत्र शिव कुमार मुसहर है। शिव कुमार मुसहर ने बताया कि वह अत्यधिक नशा करता है। सोमवार की रात वह नशे की हालत में अपने घर गया था। जिसके बाद पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। गुस्से में आकर पत्नी ने धारदार हथियार से उसका प्राइवेट पार्ट्स काट दिया।

### एनडीपीएस एक्ट में 9 वर्षों से फरार आरोपित गिरफ्तार

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** जगदीशपुर थाना पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट में 9 वर्षों से फरार आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ गांव स्थित उसके घर से की। गिरफ्तार आरोपी गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ गांव निवासी चंद बदन सिंह का पुत्र जय प्रकाश सिंह है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष 2017 में जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अप सूचना के आधार पर ट्रैक्टर पर लदा भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया था। उस दौरान दो तस्कर को भी गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा था। इसके पश्चात एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में जयप्रकाश सिंह का नाम आया था। उसी समय से वह फरार चल रहा था।

### नागेंद्र पाल बड़हरा और अजय बने बहोरनपुर थानाध्यक्ष

**आरा (एनएसबी)।** भोजपुर के बड़हरा और बहोरनपुर थाने में थानाध्यक्ष की पोस्टिंग कर दी गयी है। पुलिस निरीक्षक नागेंद्र पाल को बड़हरा ओर दारोगा अजय कुमार को बहरोनपुर थानाध्यक्ष बनाया गया है। डीआईजी सत्य प्रकाश के अनुमोदन के बाद पुलिस अधीक्षक राज द्वारा दोनों को बतौर थानाध्यक्ष पोस्टिंग की गयी है। इंस्पेक्टर नागेंद्र पाल फिलहाल पुलिस कार्यालय में एसटीएफ के नोडल पदाधिकारी थे। वहीं, दारोगा अजय कुमार चरपोखरी थाने में अपर थानाध्यक्ष थे। इधर, बड़हरा के थानाध्यक्ष रहे दारोगा रविकांत प्रसाद को एलटीएफ और एएनपीएफ का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। बता दें कि एक महिला की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक राज द्वारा बड़हरा थानाध्यक्ष रहे रविकांत प्रसाद को लाइन क्लोज कर दिया गया था। वहीं गिरफ्तारी और कांड निष्पादन में विफल रहे बहोरनपुर थानाध्यक्ष विजय कुमार को कुछ दिनों पूर्व लाइन क्लोज कर दिया गया था।

### बदमाशों ने युवक को चाकू मार झाड़ी में फेंका, पटना रेफर

**आरा (एनएसबी)।** मुफ्फसिल थाना के रामापुर गांव के बावली मोड़ के समीप सोमवार की देर रात बदमाशों ने एक युवक को चाकू मार जख्मी हालत में झाड़ी में फेंक दिया गया। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन उसका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में करा रहे है। जख्मी मुफ्फसिल थाना के रामपुर गांव निवासी रामेश्वर यादव का 30 वर्षीय पुत्र शंकर यादव है। जख्मी के चाचा मिथिलेश कुमार यादव ने बताया कि सोमवार की रात करीब दस बजेएक युवक आया और फोन पर बुलाकर उसे अपने साथ ले गया। उसी बीच उसे चाकू से मारकर गांव में ही बावली मोड़ स्थित झाड़ी में जख्मी हालत में फेंक दिया। मंगलवार की अहले सुबह करीब पांच उन्हें सूचना मिली कि एक युवक जख्मी हालत में झाड़ी में पड़ा है।

### श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन

**आरा (एनएसबी)।** श्री मैनासुंदर भवन दिगम्बर जैन धर्मशाला में लगातार चल रहे। सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन अभिषेक-पूजन, अर्घ्य समर्पण एवं मंत्रोच्चार से सम्पन्न हुआ। विशेष रूप से आज देवी सरस्वती, देवी लक्ष्मी और देवी पद्मावती का आह्वान और आराधना की गई। अंत में हवन की प्रज्ज्वलित अग्नि और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आज के विधान में श्रीपाल और मैनासुंदरी की भूमिका ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र चंद जैन और श्रीमती ऊषा जैन द्वारा निभाई गई।



विधानाचार्य शशिकांत शास्त्री जी, पंडित गुलाबचंद जी जैन एवं संगीतकार हर्ष जी ने बड़े ही भक्तिभाव से विधान सम्पन्न कराया। आज के इस पूजन में मैनासुंदर भवन दिगम्बर जैन ट्रस्ट, आरा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार जैन, सचिव ऋषभ चंद जैन, सहसचिव आर्किटेक्ट निशि जैन, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र चंद जैन, धर्म प्रभारी अनिल चन्द जैन, धर्मशाला प्रभारी दीपक प्रकाश जैन, मिडिया प्रभारी शुभ्रज सौम्य, विकास प्रभारी अभिषेक जैन, एवं जैन समाज के आदरणीय कमल जैन, अभय जैन, डॉ जया जैन, डॉ स्मिता जैन,डॉ आदित्य विजय जैन, डॉ शशांक जैन और समाज के कई गणमान्य लोग सपरिवार उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक ने सीमेंट दुकान का भव्य उद्घाटन

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया ने क्षेत्र के विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की कड़ी में एक



नया कदम साझा किया। मंगलवार को उन्होंने जगदीशपुर प्रखंड के ईसाढी बाजार स्थित ह्यमनोज सीमेंट दुकानह्य का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर व्यवसायों के खुलने से नही केवल ग्रामीणों को सुविधा होती है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं। उन्होंने दुकान के प्रोपराइटर को सफल व्यवसाय के लिए शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र के कई प्रमुख समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिसमे प्रेमचंद सिंह, धनलाल सिंह, मुकेश पाल, सोनू सिंह, गणेश सिंह, मुन्ना सिंह गिरवर सहित अन्य मौजूद रहे।

## किशोरी पर ढेला फेंकने के विवाद में हुई हिंसक झड़प

# किशोरी के छोटे भाई को पीट-पीट कर मार डाला

**मारपीट के दौरान मृतक की बीवी व बड़े भाई सहित तीन जख्मी**

**संदेश थाना क्षेत्र के रेपुरा की घटना, दोनों ओर से केस दर्ज**

**संदेश (एनएसबी)।** संदेश थाना क्षेत्र के रेपुरा गांव में किशोरी पर ढेला फेंकने के विवाद में छोटे भाई की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के दाएं आंख, गला, सर के दाएं भाग व हाथ एवं कान में जख्म पाया गया है। वही मारपीट के दौरान मृतक की पत्नी व बड़े भाई सहित तीन जख्मी हो गये।

इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दो विधि-विरुद्ध बालक निरुद्ध किया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक रेपुरा गांव निवासी स्व. शिव दयाल यादव का 33 वर्षीय पुत्र पंचम यादव है। मारपीट के दौरान जख्मियों में एक पक्ष से मृतक पंचम यादव की 30 वर्षीया पत्नी सरिता देवी, 38 वर्षीय बड़े भाई गुड्डू यादव एवं 17 वर्षीया भतीजी शामिल है।

वही दूसरे पक्ष से उसी गांव के निवासी लालदत्त राम एवं सुनील राम शामिल हैं। मृतक के भतीजे मनीष यादव ने बताया कि उसकी बहन जब भी शौच करने के लिए बांध की ओर जाती, तो गांव उसके पड़ोसी द्वारा छेड़खानी की जाती थी। इस मसले को लेकर पंचायत भी हुआ था। बावजूद इसके सोमवार की रात जब उसकी चचेरी बहन बांध की ओर शौच करने के लिए गई। तभी पड़ोसी द्वारा उस पर ढेला मार गया। उसने घर पर आकर इसकी शिकायत की। उसी बीच रविवार की रात पड़ोसी अपने परिवार वालों के साथ आया और उसके चाचा पंचम यादव, चाची सरिता देवी, चचेरी बहन एवं उसके पिता गुड्डू यादव की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी।

## निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर वहां चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गति, गुणवत्ता तथा उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा कार्य में तेजी लाकर इसे समय पर पूर्ण किया जाए, ताकि जिले के लोगों को जल्द से जल्द बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा, ताकि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त भोजपुर, अपर समाहर्ता भोजपुर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, विशेष कार्य पदाधिकारी, सिविल सर्जन भोजपुर तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी उदवंतनगर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

### भोजपुर जिले में पर्याप्त है घरेलू गैस




**आरा (एनएसबी)।** भोजपुर जिले में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। भोजपुर जिला में गैस की आपूर्ति हेतु इण्डेन के कुल 30 वितरक हैं, जिनके पास कुल 5626 घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध हैं। भारत गैस के कुल 6 वितरक हैं, जिनके पास कुल 1280 एलपीजी सिलेण्डर तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कुल 9 वितरक के पास कुल 4411 एलपीजी सिलेण्डर आज वितरण हेतु उपलब्ध हैं। प्रशासन ने लोगो से अपील की है कि गैस बुकिंग कर अपने घर पर ही प्रतीक्षा करें, अनावश्यक रूप से गैस एजेंसी पर लाइन नही लगाएं। बुकिंग के 48 घंटे के भीतर गैस सिलेण्डर घर पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। गैस एजेंसी में अनावश्यक भीड़ एवं लाइन लगाने से विधि-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है। गैस की कालाबाजारी से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## माउंट लिट्रा जी विद्यालय में किंडर गार्डन ग्रेजुएशन सेरेमनी



**आरा (एनएसबी)।** माउंट लिट्रा जी विद्यालय, बामपाली आरा के प्रांगण में किंडर गार्डन ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती गुंजन सिंह (आएस-डीडीसी, भोजपुर), विद्यालय के निदेशक श्रेयांश जैन, उपाध्यक्षा श्रीमती सुचिता जैन, प्राचार्या डॉ सहाया मेरी, उप प्राचार्य विजय कुमार, प्रधानाचार्य रत्नेश चैबे, प्रधानाध्यापिका सोनी चैधरी, जुनियर कॉर्डिनेटर प्रियंका दत्ता, शिक्षकगण, छात्रगण तथा अभिभावकगण उपस्थित थे।

**छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने द्वारा रंगीन परिधानों में किया गया रैंप वॉक आकर्षण का केंद्र रहा**

मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की उपाध्यक्षा और प्राचार्या द्वारा शॉल, पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देते हुए उनका आभार व्यक्त करते हुए किया गया। ये कार्यक्रम कक्षा यूकेजी से पहली कक्षा में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना से हुआ तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर और केक काटकर विधिवत शुरूआत हुई। इस दौरान सीनियर केजी और जूनियर केजी के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति द्वारा पहली कक्षा में जाने वाले बच्चों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि गुंजन सिंह ने बच्चों को अपना आशीर्वाद देते उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि ये बच्चे विद्यालय के चमकते हुए सितारे हैं। अभी इन्होंने अपना पहला पड़ाव पार किया है और ये आगे भी यूं ही सफलतापूर्वक अपने जीवन के हर पड़ाव को पार करेंगे। छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने द्वारा रंगीन परिधानों में किया गया रैंप वॉक आकर्षण का केंद्र रहा। तो वहीं प्राचार्या ने बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके बेहतर और स्वस्थ जीवन की कामना की तथा कहा कि ये कार्यक्रम बच्चों में अगले पड़ाव में प्रवेश हेतु आत्मविश्वास को बढ़ाता है।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, रोड जाम

**कोईलवर (एनएसबी)।**धनडीहा स्थित दलित बस्ती के पास सोमवार की रात ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक वीर बहादुर है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कोईलवर-चांदी पथ जाम किया। सूचना पाकर सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह, बीडीओ बीरबहादुर पाठक, थानाध्यक्ष नरोत्तम चन्द्र व राकेश रौशन ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन चार घंटे बाद ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

## डीएवी पब्लिक स्कूल धनुपरा में सम्मान समारोह



**आरा (एनएसबी)।** डीएवी पब्लिक स्कूल धनुपरा आरा के भव्य सभागार में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सत्र 2025-26 में डी.ए.वी सी.ए.ई द्वारा आयोजित 8 बोर्ड की परीक्षा में जिन छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया उन्हें प्रिंसिपल निशु जायसवाल और सभी वरीय शिक्षकों द्वारा फूल-माला पहनाकर, तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल, धनुपरा आरा के कुल 215 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनमें से 9 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 31 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक, 52 छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक, 58 छात्रों ने 60 प्रतिशत से,37 छात्रों ने 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। छात्रों में अक्षित श्रीवास्तव ने सबसे अधिक 94.71अंक प्राप्त कर के विद्यालय परिवार एवं अपने अभिभावकों का नाम रौशन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अलावा छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित रहे। प्राचार्या श्रीमती निशु जायसवाल ने बच्चों को बधाईयां दी और भविष्य में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस उपलब्धि के लिए प्राचार्या ने अभिभावकों को को उनके सही परवरिश के लिए एवं शिक्षकों को उनके उचित मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

## मानवाधिकार विषय पर सेमिनार आयोजित

**आरा (एनएसबी)।** महिला कॉलेज आरा के मनोविज्ञान विभाग में मानवाधिकार विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजन डॉ. कायनात रिजवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डॉ. कायनात रिजवी ने मानवाधिकार की अवधारणा पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार हम अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने जिनेवा कन्वेंशन का उल्लेख करते हुए कहा कि युद्ध के समय भी देशों को दूसरे देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ. सादिया हबीब ने अपने विचार रखते हुए शिक्षा का अधिकार के महत्व पर जोर दिया। विनु ने मानवाधिकार को मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाते हुए कहा कि यदि लोगों को उनके अधिकार प्राप्त हों, तो इसका सकारात्मक प्रभाव उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। डॉ. सुधा ने कहा कि जब दो देशों के बीच युद्ध होता है, तो उसका प्रभाव केवल उन्हीं देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि अन्य देशों पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। डॉ. रश्मि ने छात्रों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने दायरे में रहकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. कंचन ने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन भी आवश्यक है। डॉ. बिभा तथा अन्य वक्ताओं ने भी मानवाधिकार के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

## एनडीए प्रत्याशियों के राज्यसभा चुनाव में जीत पर हर्षोल्लास




**आरा (एनएसबी)।** बिहार कोटे से सभी पाँच सीट पर एनडीए प्रत्याशी के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के उपलक्ष्य मे भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे एक बैठक आरा परिसदन मे किया गया।

बैठक के दौरान उपस्थित नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा एनडीए की प्रचंड जीत पर एक दूसरे को बधाई दी गई एवं केन्द्रीय और प्रांत नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया। मुख्य अतिथि बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज एनडीए सबसे मजबुत गठबंधन है। भारतीय जनता पार्टी मे प्रत्येक कार्यकताओं को सम्मान मिलता है। भाजपा का एक साधारण कार्यकर्ता भी ऊँचाई को प्राप्त करता है। उन्होने विशेष रूप से शिवेश राम को बधाई देते हुए केन्द्रीय एवं राज्य नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने इस जीत को एनडीए के मजबूत गठबंधन को बताया एवं कहा कि आज एनडीए मजबुती से एकजुट है, जिसका परिणामस्वरूप हमे पाँचो सीट पर विजय प्राप्त हुआ। अन्य वक्ताओं मे सीडी शर्मा, धीरेन्द्र सहि, सूर्यकांत पांडेय, सत्यनारायण व्याहुत, हरेन्द्र पांडेय, उदय प्रताप सिंह, हरेराम चंद्रवंशी आदि ने अपने जिला से पहली बार भाजपा से राज्यसभा निर्वाचित होने पर शिवेश राम को बधाई देते हुए अपने अनुभवो को साझा किया। बैठक के बाद सभी मिलकर एक दूसरे को मिठाई खिलाया एवं नारे लगा कर खुशी मनाया। कार्यक्रम मे संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, निशांत सिंह सेंगर, जीतु चैरसिया, सुनील श्रीवास्तव, पंकज प्रभाकर, मिठाई लाल, आदित्य सिंह, संतोष सिंह संटु, संदीप कुमार, भुनेश्वर ठाकुर, नीतीश दूबे, अंकित पांडेय, आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

**शिवेश राम को बधाइयों का तांता**

## अमेरिका-इजराइल की दादागिरी के खिलाफ भाकपा-माले व ऐपवा का प्रतिवाद

# रसोई गैस की किल्लत के खिलाफ पुतला फूंका

**पटना (एनएसबी)।** भाकपा -माले और ऐपवा ने संयुक्त रूप से राजधानी पटना के कंकड़बाग टेंपो स्टैंड पर अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प और इजराइली प्रधानमन्त्री नेतन्याहू को वार क्रिमिनल (युद्ध अपराधी) बताते हुए ईरान पर फौरन हमला बंद करने को लेकर दोनों का पुतला फूंका साथ ही मोदी सरकार को ट्रम्प के आगे आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाते हुए युद्ध अपराधियों के खिलाफ भारत की विदेश नीति की तिलांजलि देने और रसोइ गैस की कीमतों में कि गयी वृद्धि के खिलाफ प्रधानमन्त्री मोदी का भी पुतला फूंका।

इसके पूर्व अमेरिका और इजराइल की दादागिरी के खिलाफ माले राज्य स्थायी समिति सदस्य सह ऐक्टू नेता रणविजय कुमार, पटना महानगर माले स्थायी समिति सदस्य पन्नालाल सिंह, माले पटना महानगर कमिटी सदस्य



प्रतिवाद मार्च में शामिल भाकपा माले व ऐपवा कार्यकर्ता।

अनुराधा देवी, डॉ प्रकाश कुमार सिंह,उमेश शर्मा एवं संतोष पासवान के नेतृत्व में प्रतिवाद मार्च निकाला जो अशोक नगर रोड नंबर 11 मजदूर अड्डा से निकला और एमआईजी ,शिवाजी पार्क होते हुए कंकड़बाग टेंपो स्टैंड पहुँचा जहां पुतला दहन किया गया।

इस दौरान प्रदर्शनकारी माले कार्यकर्ता अमेरिका- इजराइल ,ईरान पर हमला बंद करो, सैंकड़ों स्कूली बच्चियों, महिलाओं और आम नागरिकों का युद्ध अपराधी ट्रम्प के आगे मोदी सरकार घुटने टेकना बंद करो, रसोइ गैस की किल्लत दूर करो और बढ़े हुए कीमत वापस लो, ईरान पर फौरन हमला बंद करो, अमेरिकी दादागिरी और युद्ध के खिलाफ शांति के लिए एकजुट हो का नारा लगा रहे थे। कंकड़बाग टेंपो

**ईरान पर हमला बंद कर शांति बहाल करने, अमेरिका के आगे मोदी सरकार आत्मसमर्पण बंद करने तथा रसोइ गैस के बढ़े दाम वापस लेने की उठाई मांग**

स्टैंड पर हुई सभा को माले नेताओं रणविजय कुमार, पन्नालाल, अनुराधा देवी ने संबोधित करते हुए अमेरिका और इजराइल से ईरान पर हमला बंद कर शांति बहाल करने,अमेरिका के आगे मोदी सरकार आत्मसमर्पण बंद कर युद्ध बंद कर शांति बहाली के लिए पीड़ित राष्ट्र के पक्ष में खड़ा होने की मांग की। नेताओं ने मोदी सरकार से रसोइ गैस के बढ़े हुए कीमत वापस लेने तथा इसकी कालाबाजारी और किल्लत दूर करने की मांग को उठाया।

# चैत्र नवरात्रि महात्म्य एवं व्रत विधान

दुर्गा सप्तशती, जिसे देवी महात्म्य और चंडी पाठ के नाम से भी जाना जाता है, एक हिंदू धार्मिक ग्रंथ है जिसमें देवी दुर्गा की महिषासुर राक्षस पर विजय का वर्णन है। यह ऋषि मार्कंडेय द्वारा लिखित मार्कंडेय

**चैत्र नवरात्र पर विशेष आलेख**

**लेखक : पं. सूर्य नारायण पाण्डेय अस्सी वाराणसी**



पुराण का एक भाग है।इस ग्रंथ में सप्तशत यानी 700 श्लोक हैं, इसीलिए इसे दुर्गा सप्तशती के नाम से जाना जाता है। ये सात सौ श्लोक 13 अध्यायों में विभाजित हैं।

दुर्गा सप्तशती (देवी महात्म्य) में 13 अध्यायों के पाठ के साथ-साथ कवच, अर्गला, कीलक स्तोत्र, रात्रिसूक्त और सिद्ध कुंजिका स्तोत्र का पाठ प्रमुख धार्मिक कृत्य हैं। नवरात्रि में माता दुर्गा की विशेष पूजा, कलश स्थापना, सप्तशती का पाठ, दुर्गा सप्तशती का हवन, कन्या पूजन और कन्या भोज आदि से जातक को धन, सुख, समृद्धि और शक्ति प्राप्त होती है।

### दुर्गा सप्तशती के मुख्य धार्मिक कृत्य और नियम

**पाठ विधि :** पाठ से पहले आसन (लाल या कुश), पुस्तक की पूजा, और माँ दुर्गा का ध्यान करना अनिवार्य है।

**क्रम :** क्रमबद्ध तरीके से कवच, अर्गला स्तोत्र, कीलक स्तोत्र और फिर 13 अध्याय पढ़ने के बाद तीनों रहस्यों का पाठ करना अवश्य करना चाहिए।

**विशेष मंत्र :** पाठ के पूर्व और अंत में नवार्ण मंत्र "ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै" का जाप।

**शापोद्धार व उत्कीलन:** सप्तशती के मंत्रों का शापोद्धार (शाप से मुक्ति) और उत्कीलन करना चाहिए, अन्यथा पूर्ण फल नहीं मिलता।

**हवन :** पाठ के समापन पर घी, जौ, तिल, नारियल आदि से हवन (होम) करना अत्यंत फलदायी है।

नियमः पाठ के दौरान मांस, मदिरा, लहसुन-प्याज का सेवन न करें।

### प्रमुख स्तोत्र

**दुर्गा कवचः** शरीर की रक्षा के लिए।

**अर्गला स्तोत्र :** रूप, जय, यश और लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए।

कीलक स्तोत्रः पाठ में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए।

**सिद्ध कुंजिका स्तोत्रः** सबसे शक्तिशाली मंत्र, जो पाठ का संपूर्ण फल देता है।

पाठ के बाद क्षमा याचना (क्षमा प्रार्थना) और आरती के साथ पूजा संपन्न की जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### परमिट पर 19 मार्च तक ही खरीदे जाएंगे गन्ना यंत्र
### निर्धारित तिथि के बाद परमिट हो जाएगा स्वतः रद्द

*- पांचवे रेंडमाईजेशन में चयनित किए गए थे 466 गन्ना किसान*

**पटना (एनएसबी)।** गन्ना यंत्रिकरण योजना के तहत स्वीकृत परमिट के आधार पर गन्ना उद्योग विभाग ने 19 मार्च तक यंत्रों की खरीद करने का आदेश दिया है। इसके बाद वह परमिट स्वतः ही रद्द हो जाएगी। विदित हो कि गन्ना उद्योग विभाग ने किसानों को अनुदानित दर पर यंत्र उपलब्ध कराने के लिए गन्ना यंत्रिकरण योजना शुरू की है। इस योजना के तहत किसानों को गन्ना की बुआई से लेकर कटाई तक में उपयोग होने वाले यंत्रों की खरीद करने के लिए 50 से 60 फीसदी अनुदान दिया जाता है। विभाग के अनुसार पांचवे रेंडमाईजेशन में राज्य के 466 किसानों का चयन किया गया था। इसके पहले भी चयनित गन्ना किसानों को परमिट दिए गए थे। इन किसानों को यंत्र खरीदने के लिए परमिट जारी किए गए हैं। विभाग ने परमिट पर यंत्र खरीदने के लिए अंतिम तिथि 19 मार्च निर्धारित किया है। उक्त तिथि तक यंत्रों की खरीद नहीं होने पर विभाग से जारी परमिट स्वतः निरस्त हो जाएगा। विभाग ने सभी गन्ना किसानों से परमिट पर शीघ्र यंत्रों की खरीद करने की अपील की है। ताकि गन्ना किसानों को योजना का लाभ मिल सकें।

### कुसंग जीवन का विष है, सत्संग अमृत : भारतभूषण

**आरा (एनएसबी)।** जगदेव नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के प्रथम दिन प्रवचन करते हुए आचार्य डॉ. भारतभूषण जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन कुसंग, कुमार्ग, कुचिंतन के विष से दग्ध होने के लिए नहीं मिला है, बल्कि सत्संग, सदाचार और परोपकार के अमृत से सिंचित होने के लिए परमात्मा का दिया हुआ सर्वोत्तम उपहार है, उन्होंने कहा कि संस्कारों का क्षरण ही मृत्यु है। एक ही माता-पिता के अभिभावकत्व में पले-बढ़े गोकर्ण और धुंधुकारी संस्कारों के कारण सर्वथा भिन्न स्वभाव वाले हो गए। धुंधुकारी अपने कुसंग और कुमार्ग के कारण अधोगति को प्राप्त हुआ तो गोकर्ण अपने उच्च-उदात्त संस्कारों के कारण पूरे ग्रामवासियों को गोलोक धाम व नित्य भगवत्सान्निध्य प्रदान कराने वाले महापुरुष हुए। अवसर पर प्रयागराज से पधारे पं संजय द्विवेदी के साथ जगदीप नारायण ओझा, मधेश्वर नाथ पांडेय आदि ने सर्वतोभद्रमंडल पूजन,अभिषेक व मूल पाठ संपन्न कराया। कार्यक्रम के संयोजक बृजबिहारी सिंह, सचिव त्रिलोकी नाथ सिंह, वासुदेव सिंह, प्रमोद राय, श्रीकृष्ण प्रसाद गुप्ता, भुवन सिंह, सुधीर पाण्डेय, अभिमन्यु सिंह आदि प्रमुख लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया।

### अवैध हथियार व कारतूस के साथ विधि-विरुद्ध बालक निरुद्ध

**आरा (एनएसबी)।** पीरो थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के स्नेही टोला के पास से एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा एवं एक कारतूस बरामद किया। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। उन्होंने बताया कि पीरो थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि स्नेही टोला के पास एक लड़का अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया। तलाशी के दौरान उसके पास एक देशी कट्टा एवं एक कारतूस बरामद किया। इसके पश्चात पीरो थाना पुलिस ने विधि-विरुद्ध बालक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### जहर खाने से महिला की मौत, इलाज के दौरान अपने घर में तोड़ा दम

**आरा (एनएसबी)।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा मुसहर टोली में मंगलवार को जहर खाने से एक महिला की मौत हो गई। इलाज के क्रम में उसने घर पर ही मंगलवार की सुबह दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतका टाउन थाना क्षेत्र धरहरा मुसहर टोली वार्ड नंबर-34 निवासी मो. शाहिद की 20 वर्षीया पत्नी नाजिया खातून है। इधर, औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र के अमझरशरीफ गांव निवासी मृतका के पिता मो. मुस्तकीम ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी नाजिया खातून की शादी वर्ष 2024 में धरहरा मुसहर टोली निवासी मो. शाहिद से की थी। शादी के कुछ महीने के बाद से ही घरेलू विवाद को लेकर सास एवं पति द्वारा बराबर उसके साथ मारपीट किया जाता था। मंगलवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि जहर खाने से उनकी बेटी की मौत हो गई है।

### प्रखंड प्रमुख ने विशेष बैठक के लिए कार्यपालक पदाधिकारी को लिखा पत्र

**संदेश (एनएसबी)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी चंदन कुमार को प्रखंड प्रमुख नीलम देवी ने पंचायत समिति सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने को लेकर पत्र लिखा जिसमें उन्होंने कहा कि 23 मार्च को एक विशेष बैठक बुलाया जाए जिससे की उनलोगों से इस विंदू पर चर्चा हो सके और इसमें सभी सदस्य उपस्थित रहे। विदित हो कि पंचायत समिति सदस्यों ने 14 मार्च को प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव लाया जिसमें उनलोगों कई आरोप लगाया था जिसमें कहा था कि इनलोगों ने कभी भी समय पर बैठक नहीं बुलाई, सदस्यों से चर्चा किए बिना मनमानी ढंग से कार्य किया और अपने लोगों की ही प्राथमिकता दिया, प्रशासनिक कार्य में असहयोगात्मक और तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाया गया जिससे कार्य प्रणाली प्रभावित हुई आदि। उस बैठक में ऊषा देवी, मीना देवी, अनीता देवी, गीता देवी रमा देवी, धर्मेंद्र राम, लछ्मन देवी, राजू यादव, मधु देवी, पूर्व उप प्रमुख सह पंचायत समिति अतुल रंजन आनंद आदि उपस्थित थे।

### अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में नदी थाना पुलिस ने बीती सोमवार की देर शाम नामजद आरोपी को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के केवटगामा निवासी प्रवीण दास के पुत्र पुष्पम कुमार है। नदी थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि इस मामले में पीड़ित लड़की के पिता ने 17 जनवरी 2026 को थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने पुष्पम कुमार को नामजद आरोपी बनाया था।

# पटना-गया-डोभी एनएच बनेगा ग्रीन कॉरिडोर

## पहले चरण में 21,500 फलदार पौधों से सजेगा 65 किमी का यह मार्ग, कम्यूनिटी फार्मिंग को मिलेगा बढ़ावा

**नवसंदेश ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पर्यावरण संरक्षण सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू होने जा रही है। पटना-गया-डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) को ग्रीन कॉरीडोर के रूप में विकसित करने की योजना को मूर्तरूप देने के लिए इसकी समुचित कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस अमलीजामा पहनाने को लेकर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रमोद कुमार ने खासतौर से निर्देश दिए। वह विभागीय पदाधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर समीक्षा बैठक कर रहे थे।

विभाग के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत सड़क के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर फलदार पौधे लगाए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक गयाजी वन प्रमंडल के अंतर्गत 65 किमी के क्षेत्र में लगभग 21 हजार 500 पौधे लगाने की योजना है।

इस योजना की खास बात यह है कि इसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मुखिया, पंचायत सदस्यों, जिला पार्षद, विधायक, जिला अधिकारी के सहयोग से लागू किया जाएगा। किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी आमदनी बढ़ाने को लेकर उनकी रैयती जमीन पर भी वृक्षारोपण कराया जाएगा, जिससे कम्यूनिटी फार्मिंग को बढ़ावा मिलेगा। इससे न सिर्फ हरित आवरण बढ़ेगा, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

मंत्री ने ग्रीन कॉरिडोर के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विस्तृत मार्ग दर्शिका तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही बीज और पौधों को सही तरीके से लगाने पर विशेष ध्यान देने तथा किसानों को इसे लेकर प्रशिक्षण देने की बात कही। प्रशिक्षण

**पटना-डोभी ग्रीन कॉरिडोर की कार्ययोजना बनाने का मंत्री प्रमोद कुमार ने दिया निर्देश**

**किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी आमदनी बढ़ाने को लेकर उनकी रैयती जमीन पर भी वृक्षारोपण कराया जाएगा**

के माध्यम से किसानों को पौधारोपण के अलावा इनके देखभाल और उससे होने वाले आर्थिक लाभ की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए किसानों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। इस कार्य के लिए हरियाली मिशन के निदेशक को नोडल पदाधिकारी के तौर पर नामित किया गया है।

इस मामले को लेकर 19 मार्च को हरियाली के क्षेत्र में कार्य करने वाले तमाम स्वयंसेवी संस्थानों के साथ बैठक की जाएगी। उनसे इस कॉरिडोर को तैयार करने को लेकर सुझाव लिए जाएंगे। योजना के तहत हर 5 किलोमीटर के दायरे में एक ही किस्म के फलदार पेड़ लगाए जाएंगे, जिससे समरूपता के साथ हरित पट्टी विकसित हो सके। इसमें आम, अमरूद, जामुन, लीची, कटहल, आंवला, बेल, नींबू, सहजन, नीम, बरगद, पीपल और पाकड़ जैसे पौधों को शामिल किया गया है। इससे न केवल सड़क किनारे का वातावरण मनमोहक बनेगा, बल्कि फलों के उत्पादन से स्थानीय बाजार को भी बढ़ावा मिलेगा।

एनएच पर मौजूद पेट्रोल पंपों के आसपास मौजूद खाली जमीन पर भी पौधारोपण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस पहल से मधुमक्खी पालन जैसे सहायक रोजगार को भी प्रोत्साहन मिलेगा, विशेषकर सहजन के पेड़ों से प्राप्त उच्च गुणवत्ता का शहद किसानों के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत बन सकता है।

इस बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, पीसीसीएफ हॉफ पी के गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) अरविंदर सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैंपा) सह नोडल ऑफिसर वन संरक्षण पटना सुरेंद्र कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक अभय कुमार, सीसीएफ सह निदेशक हरियाली मिशन एस चंद्रशेखर, सीसीएफ सह विशेष सचिव आलोक कुमार, सीएफ ईको टूरिज्म सत्यजीत कुमार उपस्थित रहे।

# काली कमाई से करोड़पति बने इंजीनियर के सात से अधिक ठिकानों पर छापेमारी

**नवसंदेश ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी पद का दुरुपयोग कर करोड़पति बनने वाले भ्रष्ट इंजीनियर पर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) का शिकंजा कस है। काली कमाई कर करोड़पति बनने वाले उत्तर बिहार पॉवर वितरण कॉरपोरेशन लिमिटेड के विद्युत सप्लाई डिविजन जयनगर (मधुबनी) में तैनात कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले में ईओयू ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला दर्ज करने के साथ ही सोमवार को उनके सात से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। इसमें दरभंगा, जयनगर (मधुबनी) एवं निर्मली, करजाईन (जिला सुपौल) में मौजूद उनके आवासीय परिसर, कार्यालय के अलावा उनके स्तर से संचालित व्यवसायिक ठिकानों पर तलाशी की प्रक्रिया शुरू की गई। वह मूल रूप से सुपौल जिला के करजाईन थाना के बौराहा गांव के रहने वाले हैं। उनके भाई संजय रजक को भी इस मामले में सह अभियुक्त बनाया गया है। इंजीनियर मनोज ने अपनी काली कमाई का उपयोग करके भाई के नाम से भी कई जमीन की खरीद की थी।

छापेमारी के दौरान इनके पास से 17 से अधिक दस्तावेजों के कागजात मिले हैं, जिनकी सरकारी मूल्य 1 करोड़ रुपये से अधिक है। दो वाहन के अलावा बैंक खातों में जमा 4 लाख 25 हजार

**विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के खिलाफ ईओयू ने दर्ज किया आय से अधिक संपत्ति का मामला**

रुपये और तलाशी के दौरान 1 लाख 5 हजार रुपये नगद की बरामदगी हुई है। अररिया, सुपौल, दरभंगा और पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में जमीन के सर्वाधिक प्लॉट खरीदे गए हैं। जांच में यह पाया गया कि उन्होंने पत्नी वीणाश्री भारती के नाम पर दरभंगा-विरौल पथ (एसएच-56) पर एक पेट्रोल पंप खोलने के लिए लीज पर ली गई जमीन 39.14 डिसमिल से जुड़े कागजात भी मिले हैं। इन्होंने अपनी वार्षिक संपत्ति की घोषणा में भी इसका जिक्र नहीं किया है।

मनोज कुमार रजक नेपाल के सुनसरी जिला के हरिपुर ग्राम में अपने रिश्तेदार से गैर-कानूनी तरीके से विवाह करने के लिए उसके नाम पर हरिपुर में ही एक घर बनवा रहे हैं। इसके लिए मजदूरों को अपने पैतृक घर से भेजते थे। इंजीनियर मनोज के खिलाफ दर्ज एफआईआर में भ्रष्टाचार निवारण निरोध अधिनियम-1988 (संशोधित-2018) की धारा 12/13(2) सहपठित धारा- 13(1)(बी) और 49/61 बीएनएस 2023 धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की गई है। जमीन के भू-खंड को संजय कुमार रजक के नाम पर खरीदी गई थी, इसके बाद इसे मनोज कुमार रजक के नाम पर ट्रांसफर कराने के बाद इस पर गैस एजेंसी खोली गई। यह एजेंसी उन्होंने अपने पैतृक घर सुपौल के निर्मली क्षेत्र में खोल रखी है। इससे संबंधित कागजात भी जांच एजेंसी को बरामद हुए हैं। इसके अनुसार, इस एजेंसी का नाम इंजीनियर एचपी गैस ग्रामीण वितरक है। इस एजेंसी के नाम पर उन्होंने एक स्कॉर्पियो वाहन भी खरीद रखा है। इसे वे कार्यालय उपयोग के नाम पर चलवाते हैं।

## सारण जिले में नाबालिग से दुष्कर्म मामले को ढकने की कोशिश हमें नीट छात्रा के साथ हुए अन्याय की याद दिलाता है : मनोज भारती

**पटना (एनएसबी)।** जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने सारण में हुई नाबालिग लड़की की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले को लेकर मंगलवार को प्रेस वार्ता की। पटना के पार्टी कार्यालय आयोजित प्रेस वार्ता में बिहार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मामले में कानून व्यवस्था में जो स्पष्टता होनी चाहिए थी वो नहीं दिखी। मनोज भारती ने कहा जहानाबाद




**जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने खड़े किए कानून-व्यवस्था पर सवाल**

नीट छात्रा मौत मामले को लेकर हमने जो लड़ाई लड़ी, उस दिन से हमें लगता है कि बिहार सरकार ने नींद से जगी। प्रशासन-कानून व्यवस्था में जो स्पष्टता होनी चाहिए थी वो भी नहीं दिखी नहीं है। मनोज भारती ने कहा कि सारण में हुई घटना से हम दुखी-निःशब्द हैं। प्रशासन पीड़ित परिजनों से यह कहलवाने पर तुली थी कि मामले में किसी का दोष नहीं है। इस घटना को ढकने की कोशिश हमें नीट छात्रा के साथ हुए अन्याय की याद दिलाता है। पार्टी ने मामले को गंभीरता से लिया है। इसलिए हमने क्षेत्रीय प्रभारी को मौके पर भेजा, फिर पटना से सरवर अली और राकेश पटेल भी सारण में जाकर पीड़ित के परिजनों से मिले।

**स्थानीय प्रशासन ने की मामले को दबाने की कोशिश : सरवर अली**

इस दौरान सरवर अली ने कहा कि यह घटना बेहद चौंकाने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय प्रशासन द्वारा मामले को दबाने, दबाव डालने की कोशिश की गई। हमने पीड़ित के परिजनों को आश्वासन दिया कि हम मामले को उठाएंगे। वहीं अनूप मैथिल ने कहा कि ये घटना 4-5 दिन पुराना है, सारण पुलिस ने मामले को बढ़ता देख अपराधियों को पकड़ने की जगह सोशल मीडिया पर एक स्टेटमेंट जारी कर पीड़ित के परिजनों का चरित्रहनन किया।

# महिला मेगा जॉब फेयर में 6 हजार महिलाओं को मिला रोजगार

**पटना (एनएसबी)।** समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित महिला एवं बाल विकास निगम के माध्यम से आयोजित दो दिवसीय महिला मेगा जॉब फेयर सम्पन्न हुआ। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित इस रोजगार मेले में 6 हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के मंत्री मदन सहनी ने की।

मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिवसीय महिला मेगा जॉब फेयर में 6 हजार से अधिक युवतियों को रोजगार मिला है। उन्होंने नवनियुक्त 12 महिलओं को मंच पर नियुक्तिपत्र दिया। इनमें सबसे अधिक हेल्थ सेक्टर में 1250 नियुक्तियां हुई है। इसके अलावा टेक्सटाइल में 1114, इलेक्ट्रॉनिक्स में 800 नियुक्तियां शामिल है। उन्होंने विभाग को राज्य से बाहर नवनियुक्त महिलाओं का समय समय पर जानकारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आगे कहा कि अगले आयोजन में शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े कंपनियों को शामिल किया जाएगा। महिलाओं को आगे बढ़ने और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि राज्य के विकास के लिए महिलाओं की उपलब्धि आवश्यक है। उन्होंने विभाग के इस सराहनीय कार्य के लिए हर्ष व्यक्त किया। नवनियुक्त महिलाओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस तरह का आयोजन समय समय पर करती रहेगी जिससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

इस मौके पर विभाग की सचिव बन्दना प्रेयषी ने कहा कि महिला मेगा जॉब फेयर में 19 हजार युवतियों ने ऑनलाईन दर्ज किया। इनमें 11 हजार 586 महिलाएं उपस्थित हुईं और 6 हजार 135 महिलओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। हेल्थ, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रौनिक्स सेक्टर में सबसे अधिक महिलाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि चयनित महिलाएं कार्यस्थल पर सुरक्षित रहे इसके लिए पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए

**हेल्थ, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रौनिक्स सेक्टर में सबसे अधिक नियुक्तियां**

**मेडिमिक्स हेल्थ केयर कंपनी ने दिया सबसे अधिक 5 लाख 40 हजार का पैकेज**

सभी कंपनियों के साथ एमओयू किया जायेगा। इनमें बिहार के कंपनियों में 1411 महिलाओं ने जबकि बिहार से बहार की कंपनियों में 4 हजार 709 महिलाओं को नियुक्ति पत्र प्राप्त किया है। उन्होंने आगे कहा कि सबसे अधिक 2050 हेल्थ केयर कंपनी ने 400 और फ्लिप्कार्ट कंपनी ने 150 युवतियों को रोजगार दिया है। सबसे अधिक पैकेज के मामले में मेडिमिक्स हेल्थ केयर कंपनी ने 5 लाख 40 हजार का पैकेज मुहैया कराया है।

मौके पर उपस्थित युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के सचिव कौशल किशोर ने कहा कि महिलाओं में आगे बढ़कर कार्य करने की क्षमता है। उनके लिए इस तहर का रोजगार मेला समय समय पर आयोजित की जाएगी। अगले आयोजन में महिलओं के कौशल के मुताबिक नियुक्ति होगी। इसके लिए अगले महीने कैलेण्डर जरी किया जायेगा। इसके प्रचार प्रसार के लिए सोशल मिडिया और अखबार के माध्यम से की जाएगी।

- इस मेले में अधिकतम रोजगार और मानदेय देने वाले 03 प्रमुख नियोक्ता संस्थानों को सम्मानित किया गया।
- मेडिमिक्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड मेले का सर्वाधिक पैकेज (5.4 लाख रुपये प्रति वर्ष) प्रदान करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित।
- 2050 हेल्थकेयर कंपनी ने 400 से अधिक महिलाओं को रोजगार दिया।
- फ्लिपकार्ट : 150 से अधिक महिलाओं का चयन किया।
- इसके साथ ही मेले में 700 से अधिक अभ्यर्थियों को लाने वाले प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान एलएनजे टेक्नोलॉजी सहित तीन एजेंसियों को उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस रोजगार मेले की बड़ी सफलता यह रही कि इसमें बिहार के सभी 38 जिलों से युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दूर-दराज से आने वाली इन प्रतिभागियों की सुविधा के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की गई थी। साथ ही, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर भी निगम द्वारा उन्हें हर संभव सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया गया ताकि उन्हें आयोजन स्थल तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो।कार्यक्रम को पूरी तरह से समावेशी बनाते हुए, दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए विशेष और पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। ज्ञान भवन परिसर में उनकी सुविधा के लिए सहायकों के साथ उचित व्हीलचेयर की व्यवस्था उपलब्ध थी। इस पूरे विशाल आयोजन के सुचारू और बाधारहित संचालन के लिए आयोजकों के स्तर से सभी आवश्यक और पुख्ता प्रबंध किए गए थे।